RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 236
नई दिल्ली, सोमवार, 4 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




इंग्लैंड में शतक हमेशा होता है विशेष
स्पोर्ट्स-12

# परिवारवाद से ऊब चुका है देश

● भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में बोले प्रधानमंत्री

● कहा, भाजपा का लक्ष्य भारत को तुष्टिकरण से तृप्तिकरण की ओर ले जाना

**भाषा** । हैदराबाद



हैदराबाद में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह देश में लंबे समय तक शासन करने वाले दलों द्वारा की गई गलतियों से सीख लें जो आज अपना अस्तित्व बचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा का लक्ष्य भारत को तुष्टिकरण से तृप्तिकरण की ओर ले जाना है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से भारत को श्रेष्ठ बनाने की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया और कहा कि वह अपने व्यवहार में संयम बरतने, संतुलन साधने और समन्वय के साथ काम करने के गुण विकसित करें। उन्होंने कहा, ये जब हम करेंगे तभी हमारे जो लक्ष्य हैं- एक भारत, श्रेष्ठ भारत और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास- पूरे हो पाएंगे। ज्ञात हो कि भाजपा कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों पर तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाती रही है। मोदी ने कार्यकर्ताओं से स्नेह यात्रा निकालने और समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने को भी कहा। दूसरी ओर भाजपा की रैली में मोदी ने तेलंगाना की जनता से अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित कर केंद्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान भी किया।

कार्यसमिति में प्रधानमंत्री के संबोधन के प्रमुख हिस्सों के बारे में पत्रकारों को अवगत कराते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच जाकर समाज में स्नेह और समन्वय को मजबूत करना है। प्रसाद के मुताबिक मोदी ने कहा, हमारा उद्देश्य पी-2 से जी-2 का होना चाहिए अर्थात जन हितैषी और सुशासन हमारी पूरी कार्य पद्धति होनी चाहिए। विपक्षी दलों पर जोरदार हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश वंशवादी राजनीति और वंशवादी राजनीतिक दलों से पूरी तरह ऊब चुका है और ऐसी पार्टियों के लिए अब टिक पाना मुश्किल है। प्रसाद ने मोदी के हवाले से कहा, परिवारवाद से देश पूरी तरह ऊब चुका है। देश परिवारवादी पार्टियों से भी ऊब चुका है। ऐसे दलों के लिए अब टिक पाना मुश्किल है। मोदी ने युवा पीढ़ी को आगे लाने का आह्वान करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अधिक से अधिक युवाओं से संपर्क करें और उन्हें पार्टी से जोड़ें। प्रधानमंत्री ने 2016 में इलाहाबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को ( शेष पेज 8 )

## अगले 30-40 साल तक भाजपा का युग रहेगा: अमित शाह



**हैदराबाद** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दावा किया कि अगले 30-40 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी का युग रहेगा और भारत विश्वगुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित उन सभी राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनेंगी, जहां पार्टी अभी तक सत्ता से दूर है। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की यहां संपन्न बैठक के दौरान पारित राजनीतिक प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए शाह ने जातिवाद, वंशवाद और तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने का आह्वान किया और हाल के विधानसभा और विभिन्न ( शेष पेज 8 )

## अल्पसंख्यकों में कमजोर और वंचित वर्गों के बीच भी जाएं कार्यकर्ता: मोदी

**हैदराबाद ( भाषा )** । मोदी ने सबका साथ, सबका विकास के भाजपा के मूलमंत्र को रेखांकित करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में सुझाव दिया कि कार्यकर्ताओं को अल्पसंख्यकों में जो वंचित और कमजोर तबका है, उनके बीच भी जाकर पहुंच बनानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह सुझाव पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा बैठक में दी गई एक प्रस्तुति के दौरान दिया। भाजपा ने हाल ही में रामपुर और आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र में हुए उपचुनावों जीत दर्ज की है। इन दोनों लोकसभा क्षेत्रों को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता रहा है और इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मुस्लिम मतदाता हैं। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने कहा कि भारतीय राजनीति में हिन्दुओं के सामाजिक समीकरणों को लेकर कई प्रयोग किए गए ( शेष पेज 8 )

## भाजपा के नार्वेकर चुने गए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष



महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को बधाई देते मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

**भाषा** । मुंबई

● शिंदे सरकार पहली परीक्षा में भारी बहुमत से पास, आज सदन में शक्ति परीक्षण

**भारतीय** जनता पार्टी के राहुल नार्वेकर को विधानसभा के विशेष सत्र के प्रथम दिन रविवार को सदन का अध्यक्ष चुना गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के (शिवसेना के) विधायकों ने भी उनके समर्थन में मतदान किया। नार्वेकर को 164 मत मिले। उन्होंने उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना प्रत्याशी राजन साल्वी को हराया, जिन्हें 107 वोट मिले। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार सोमवार को विधानसभा में शक्ति परीक्षण का सामना करेगी।

शिवसेना के अंदर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले दो गुटों के बीच जारी लड़ाई के बीच रविवार को राज्य विधानसभा अध्यक्ष चुनाव के दौरान दोनों पक्षों ने पार्टी विधायकों को अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में वोट देने के लिए अलग-अलग व्हिप जारी किए थे। शिंदे के नेतृत्व वाले समूह ने अध्यक्ष के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राहुल नार्वेकर के पक्ष में मतदान किया, जबकि ठाकरे के नेतृत्व वाले खेमे के 16 विधायकों ने उनके (नार्वेकर के) खिलाफ मतदान किया। ठाकरे के नेतृत्व वाले समूह ने बाद में विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल को एक पत्र सौंपा, जिसमें दावा किया ( शेष पेज 8 )

## न्यायाधीश पारदीवाला ने सोशल मीडिया के अनिवार्य विनियमन की वकालत की

**भाषा** । नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय के न्यायाधीश जे. बी. पारदीवाला ने सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों पर व्यक्तिगत, एजेंडा संचालित हमलों के लिए लक्ष्मण रेखा पार करने की प्रवृत्ति को खतरनाक करार देते हुए रविवार को कहा कि देश में संविधान के तहत कानून के शासन को बनाए रखने के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया को अनिवार्य रूप से विनियमित किया जाना जरूरी है। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने यहां एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उनका संदर्भ पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भाजपा की निलंबित नेता नुपुर शर्मा की विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर अवकाशकालीन पीठ की कड़ी मौखिक टिप्पणियों पर हुए हंगामे से था।

इस खंडपीठ में न्यायमूर्ति पारदीवाला वाला भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा था कि उनकी बेलगाम जुबान ने पूरे देश को आग में झोंक दिया है और उन्हें माफी मांगनी चाहिए। पीठ की इन टिप्पणियों ने डिजिटल और सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एक बहस छेड़ दी और इसी क्रम में न्यायाधीशों के खिलाफ कुछ अभद्र टिप्पणियां की गई हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, भारत को परिपक्व और सुविज्ञ लोकतंत्र के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है, ऐसे में सोशल और डिजिटल मीडिया का पूरी तरह से कानूनी और संवैधानिक मुद्दों के राजनीतिकरण के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया द्वारा किसी मामले का ट्रायल न्याय व्यवस्था में अनुचित हस्तक्षेप है। हाल ही में शीर्ष अदालत में पदोन्नत हुए न्यायाधीश ने कहा, लक्ष्मण रेखा को हर बार पार करना, यह विशेष रूप से अधिक चिंताजनक है। न्यायमूर्ति पारदीवाला डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, ओडिशा द्वारा आयोजित दूसरी एचआर खन्ना स्मृति राष्ट्रीय संगोष्ठी के साथ-साथ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (कैन फाउंडेशन) के पूर्व छात्रों के परिसंघ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारे संविधान के तहत कानून के शासन को बनाए रखने के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया को देश में अनिवार्य रूप से विनियमित करने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, निर्णयों को लेकर हमारे न्यायाधीशों पर किए गए हमलों से एक खतरनाक परिदृश्य पैदा होगा, जहां न्यायाधीशों का ध्यान इस बात पर अधिक होगा कि मीडिया क्या सोचता है, बनिस्पत इस बात पर कि कानून वास्तव में क्या कहता है। यह अदालतों के सम्मान की पवित्रता की अनदेखी करते हुए कानून के शासन को ताक पर रखता है। डिजिटल और सोशल मीडिया के बारे में उन्होंने कहा कि (मीडिया के) इन वर्गों के पास केवल आधा सच होता है और वे (इसके आधार पर ही) न्यायिक प्रक्रिया ( शेष पेज 8 )

## समाजवादी पार्टी की सभी राष्ट्रीय तथा राज्य कार्यकारिणी भंग

● यूपी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम को रखा गया बरकरार

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश अध्यक्ष को छोड़कर समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी, अध्यक्ष समेत सभी जिला एवं विधान सभा अध्यक्ष महानगर कार्यकारिणी, सभी युवा संगठनों, महिला सभा सहित सभी प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष के साथ उनकी राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी को भी भंग कर दिया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव की इस कार्रवाई को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी की इकाइयों को भंग करने के बाद अब प्रदेश स्तर पर एक बार फिर मजबूती से संगठन को खड़ा करने की कोशिश की जाएगी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2022 के परिणाम के बाद पहली बार बड़ा ऐक्शन लिया है।

वैसे देखा जाए तो विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर सपा मुखिया अखिलेश काफी अश्वस्त थे और वे विधानसभा चुनाव में 111 सीटों पर पार्टी की मिली जीत को उपलब्धि के रूप में देखते चले आ रहे थे। साथ ही लगातार इस बात का तर्क दे रहे थे कि सत्तारूढ़ भाजपा ने जनता धोखे में रखकर खेल किया है, सही मायने में सपा की ही जीत हुई है। लेकिन हाल ही में आजमगढ़ व रामपुर के लोकसभा उप चुनाव में जिस तरह से समाजवादी पार्टी को शिकस्त मिली है, वह पार्टी हाईकमान के लिए चिन्ता का विषय बन गया है। शायद इसी विषय पर गंभीरता दिखात हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को ( शेष पेज 8 )

## केबिन क्रू की कमी के कारण इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें लेट

**भाषा** । नई दिल्ली

**इंडिगो** की घरेलू उड़ानों में से 55 प्रतिशत शनिवार को देरी से चलीं, क्योंकि बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों ने बीमारी के नाम पर छुट्टी ले ली। सूत्रों ने बताया कि चालक दल के संबंधित सदस्य इस तरह छुट्टी लेकर एअर इंडिया (एआई) के भर्ती अभियान में शामिल होने चले गए थे। इस मामले के बारे में पूछे जाने पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के प्रमुख अरुण कुमार ने रविवार को पीटीआई-भाषा से कहा, हम इसे देख रहे हैं। उद्योग के सूत्रों ने कहा कि एअर इंडिया के भर्ती अभियान का दूसरा चरण शनिवार को आयोजित किया गया था और रोग-अवकाश (सिक लीव) लेने वाले इंडिगो के चालक दल के अधिकतर सदस्य इसके लिए गए थे। भारत की सबसे बड़ी एअरलाइन इंडिगो वर्तमान में रोजाना लगभग 1,600 उड़ान -घरेलू और अंतरराष्ट्रीय-, संचालित करती है। इंडिगो और एअर इंडिया ने मामले पर बयान के लिए पीटीआई-भाषा के अनुरोध का ( शेष पेज 8 )

## भारत का तेजस विमान मलेशिया की पहली पसंद

● भारत के लड़ाकू विमान ने चीन-दक्षिण कोरिया को पछाड़ा

**भाषा** । नई दिल्ली



**भारत** का तेजस हल्का लड़ाकू विमान मलेशिया की पहली पसंद बनकर उभरा है और यह दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अपने पुराने हो चुके लड़ाकू विमानों को बदलना चाहता है। एचएएल निर्मित तेजस ने प्रतिस्पर्धा में शामिल चीनी और दक्षिण कोरियाई विमानों को पछाड़ दिया है।

एचएएल के चेयरमैन ने कहा कि चीनी विमान जेएफ-17, दक्षिण कोरियाई विमान एफए-50 और रूस के मिग-35 तथा याक-130 से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद भी मलेशिया ने तेजस पर भरोसा जताया है। तेजस विमानों को लेकर दोनों पक्ष वार्ता कर रहे हैं, ताकि खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रबंध निदेशक और चेयरमैन आर माधवन ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, चीन के जेएफ-17, दक्षिण कोरिया के एफए-50, रूस के मिग-35 और याक-130 लड़ाकू विमानों से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद मलेशिया तेजस की खरीद के लिए बात कर रहा है।

भारत ने पैकेज के तहत मलेशिया में एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल) सुविधा स्थापित करने की पेशकश की है, क्योंकि मॉस्को पर लगे प्रतिबंध के कारण रूस से खरीदे गए एसयू-30 विमानों के कलपुर्जों की खरीद में मलेशिया को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यह बड़ा सौदा क्या जल्द पूरा होगा? इसके जवाब में माधवन ने कहा, मैं इसे लेकर बहुत अधिक आश्वस्त हैं बशर्ते कोई राजनीतिक बदलाव नहीं हो। राज्य द्वारा संचालित दिग्गज एयरोस्पेस कंपनी के शीर्ष कार्यकारी अधिकारी ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,907 | |
| निफ्टी | 15,752 | |
| सोना | 51,458 | /10g |
| चांदी | 58,159 | /kg |

### क्विक न्यूज

**उत्तर पदेश में बीएड प्रवेश परीक्षा छह जुलाई को**

**लखनऊ** । प्रदेश भर के बीएड कालेजों में दाखिले को लेकर 6 जुलाई को प्रस्तावित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 के लिए कुल 1596 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में कुल 667456 छात्र परीक्षा देंगे। अबकी बार यह परीक्षा महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा आयोजित करवायी जा रही है। वहीं लखनऊ में 61 केंद्र बनाये गए हैं। जबकि विवि से सम्बद्ध जिलों रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और लखनऊ को मिलाकर 123 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा को सुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए हर केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि के साथ-साथ लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से भेजे गए दो पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

## मणिपुर भूस्खलन में मृतक संख्या 42 पर पहुंची

**भाषा** । गुवाहाटी, इंफाल

**मणिपुर** के नोनी जिले में एक रेलवे निर्माण स्थल पर भूस्खलन के कारण जान गंवाने वाले आठ और लोगों के शव बरामद किए गए, जिसके बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 42 हो गई जबकि 20 अन्य लापता लोगों के लिए तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टुपुल क्षेत्र में शनिवार से बारिश हो रही है और ताजा भूस्खलन से तलाश अभियान प्रभावित हुआ है। गुवाहाटी में रविवार को एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि अब तक मलबे से 42 शव बरामद किए गए हैं, जिसमें से 27 प्रादेशिक सेना के कर्मी और 15 आम लोगों के शव हैं। उन्होंने कहा, प्रादेशिक सेना के तीन लापता कर्मियों और 17 ( शेष पेज 8 )

## उत्तराखंड के हाथी खा रहे प्लास्टिक, कांच और टाइल

**अर्चना ज्योति** । नई दिल्ली

● हरिद्वार की चार साइटों पर हुए अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा

● गोबर में मिला मानवजनित जहरीला एक तिहाई कचरा



प्रतीकात्मक चित्र

**जंगल** में रहने वाले हाथी भी प्लास्टिक और मानव निर्मित खतरनाक जहरीले पदार्थों से सुरक्षित नहीं हैं। एक शोध में पाया गया कि उत्तराखंड के जंगलों में हाथी प्लास्टिक और मानव निर्मित अन्य सामग्री जैसे कांच, धातु के टुकड़े, रबर बैंड, मिट्टी के बर्तन और टाइल के टुकड़े खा रहे हैं। शोधकर्ताओं की टीम ने अपने अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा किया है।

शोधकर्ताओं ने चार साइटों, तीन हरिद्वार वन डिवीजन (लालढांग, गैंडीखाता और श्यामपुर) के पास, और एक लैंसडाउन वन डिवीजन के पास (कोटद्वार) से एकत्र किए गए हाथी के गोबर के नमूनों में इन गैर-बायोडिग्रेडेबल विषाक्त पदार्थों को पाया है। जर्नल फॉर नेचर कंजर्वेशन के नवीनतम प्रकाशित पहले व्यवस्थित दस्तावेज में जंगली जानवरों के प्लास्टिक खाने के जोखिम को रेखांकित किया गया है। यह इस बात का भी प्रमाण देता है कि हाथी, एक लुप्तप्राय स्तनपायी प्रजाति में उसके पाचन तंत्र के माध्यम से गैर-बायोडिग्रेडेबल, जहरीले मानव जनित कचरा आगे बढ़ रहा है। अध्ययन की प्रमुख लेखिका गीतांजलि काटलाम ने शोध में पाया कि हाथी के गोबर के नमूनों में से लगभग एक तिहाई (32 फीसदी) मानवजनित कचरे की उपस्थिति दर्शाते हैं। सभी क्षेत्रों से एकत्र किए गए हाथियों के गोबर के नमूनों में से लगभग एक-तिहाई ने मानवजनित कचरा पाया गया। इसमें लगभग 85 फीसदी प्लास्टिक था (आकार में एक मिलीमीटर से 35 सेंटीमीटर तक), प्रत्येक नमूने में औसतन 35-60 प्लास्टिक के टुकड़े होते हैं।

उत्तराखंड, भारत के जंगली परिदृश्य में एशियाई हाथियों में प्लास्टिक अंतर्ग्रहण शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया कि माइक्रोप्लास्टिक्स (एक से पांच मिलीमीटर) की तुलना में मैक्रोप्लास्टिक्स (पांच मिलीमीटर से बड़ा), अधिक सामान्य थे। विशेषज्ञों का कहना है कि हाथियों द्वारा खाया जाने वाला प्लास्टिक जंगलों के अंदर जाने से अन्य जानवरों द्वारा प्लास्टिक ग्रहण करने की संभावना बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों में, हिम तेंदुओं, बाघों, तेंदुओं और हिरणों को कचरे के ढेर पर भोजन करने या प्लास्टिक कचरे को ले जाने सहित वन्यजीवों की खतरनाक तस्वीरें और रिपोर्टें आई हैं। दरअसल, हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी कहा था कि राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व के दौरे के दौरान उन्हें चीतल का एक झुंड प्लास्टिक खाते हुए मिला था।

विडंबना यह है कि यह मामला भारी मुसीबत की बानगी भर है। प्लास्टिक कूड़े की समस्या लगभग सभी राष्ट्रीय उद्यानों, बाघ अभयारण्यों और वन्यजीव अभयारण्यों में है। पहचान किए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं पर प्रतिबंध से पहले, यादव ने कहा था कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह के प्लास्टिक हमारे राष्ट्रीय उद्यानों या वन्यजीव अभयारण्यों में न फैले क्योंकि प्लास्टिक, विशेष रूप से माइक्रो-प्लास्टिक का न केवल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है इंसानों पर भी जानवरों की दुनिया पर भी। हाथी के गोबर में उच्च प्लास्टिक की मौजूदगी उसके ( शेष पेज 8 )

## भारत ने नेपाल को 75 एम्बुलेंस और 17 स्कूल बसें उपहार में दीं

**भाषा** । काठमांडू

**भारत** ने रविवार को नेपाल को 75 एम्बुलेंस और 17 स्कूल बसें उपहार में दीं। दोनों देशों के बीच मजबूत एवं लंबे समय से चली आ रही विकास साझेदारी तथा नेपाल को स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करने के प्रयासों के तहत भारत ने पड़ोसी देश को यह उपहार दिया। भारत के नवनियुक्त राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री देवेंद्र पौडेल की उपस्थिति में वाहनों की चाबी सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि 75 एम्बुलेंस का उपहार भारत की आजादी के 75 साल का भी प्रतीक है। श्रीवास्तव ने कहा, एम्बुलेंस और स्कूल बसों को उपहार में देना दोनों देशों के बीच मजबूत विकास साझेदारी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह ( शेष पेज 8 )

# शादी के 90 दिन बाद पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

## छोटी-छोटी बातों को लेकर होते थे झगड़े, पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा में एक पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों की शादी मार्च 2022 में हुई थी। उसके बाद से ही दोनों में अनबन चल रही थी। जिसके चलते पति ने बीती रात को अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा की इकोटेक.वन कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने घरबरा गांव में अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि रवि और काजल की शादी मार्च 2022 यानी कि 3 महीने पहले ही हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों पति-पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहे थे। जिसके चलते अधिकतर लड़ाई होती रहती थी। पता चला है कि बीती रात को भी रवि और काजल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते रवि ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी है। इस मामले में महिला के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। काजल ग्रेटर नोएडा के ही सेक्टर.36 में रहती है। पहले इस मामले में बताया जा रहा था कि अवैध संबंध के चलते आरोपी व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या की है। इस मामले में पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। प्राथमिक जांच में यही पता चला है कि शादी के बाद से ही दोनों पति-पत्नी के बीच में मनमुटाव चल रहा था। छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ाई झगड़े हो रहे थे। जिसके कारण ही शादी के केवल 90 दिनों बाद व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला काट कर हत्या कर दी। पुलिस ने नवविवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस वारदात वाले स्थान पर हैं। जिस कमरे में महिला का शव बरामद हुआ, उस कमरे की तलाश की जा रही है। काजल के परिजनों ने उसके पति रवि, जेठ राहुल और जेठानी कंचन के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि काजल के जेठ और जेठानी फरार है और उनकी तलाश की जा रही है।

# दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट मेट्रो प्रोजेक्ट ने पकड़ी रफ्तार, हवाई अड्डे पर बनेंगे तीन स्टेशन

- डीपीआर संशोधन के लिए डीएमआरसी को भेजी, जल्दी मंजूरी दी जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की कनेक्टिविटी शानदार रखने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी तमाम जतन कर रही है।

दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट तक चलने वाली मेट्रो को लेकर प्रोजेक्ट ने रफ्तार पकड़ ली है। मिली जानकारी के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट के दायरे में मेट्रो के 3 स्टेशन होंगे। प्रोजेक्ट की डीपीआर में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन संशोधन कर रहा है। इसे जल्दी ही मंजूरी दी जाएगी। यमुना अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक पहला मेट्रो स्टेशन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पैसेंजर टर्मिनल में बनेगा। यह मेट्रो स्टेशन अंडरग्राउंड होगा। खास बात यह है कि इसके पास ही दिल्ली.वाराणसी बुलेट ट्रेन का स्टेशन भी बनाया जाएगा। दूसरा मेट्रो स्टेशन कार्गो हब के पास बनाया जाएगा। जबकि, तीसरा मेट्रो स्टेशन एमआरओ हब में बनाया जाएगा। इन सारे मेट्रो स्टेशनों की एक.दूसरे से दूरी एक से डेढ़ किलोमीटर तक होगी।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से लेकर जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बीच मेट्रो का संचालन किया जाएगा। डीएमआरसी डीपीआर तैयार कर रहा है। यह डीपीआर बहुत जल्दी पेश की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक नया मेट्रो कॉरिडोर बनेगा। टीओआर के मुताबिक, नॉलेज पार्क दो मेट्रो स्टेशन से नोएडा एयरपोर्ट तक 35.64 किमी लंबे मेट्रो कॉरिडोर की डीपीआर तैयार की जा रही है। इस रूट पर 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से मेट्रो दौड़ाने के लिए स्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। डीपीआर में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट, प्रतिदिन की यात्री संख्या, डिपो और स्टेशन की लोकेशन आदि की जानकारी होगी।

### जेवर और आईजीआई को जोड़ने के दो विकल्प

डीएमआरसी ने जेवर एयरपोर्ट और आईजीआई को मेट्रो से जोड़ने के लिए भी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें बताया गया है कि ग्रेटर नोएडा से शिवाजी या नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जोड़ा जा सकता है। यह रूट करीब 38 किलोमीटर का होगा। डीएमआरसी इसके लिए दो विकल्प देने की तैयारी की है। पहला ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक नया कॉरिडोर बनाया जाए, जिससे एयरपोर्ट मेट्रो का अलग ट्रैक बन सके। दूसरा ग्रेटर नोएडा से नोएडा के बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक ट्रैक बनाया जाए।

# तीन दिन बंद रहेगा रैपिड रेल का काम, शिव भक्तों की सुविधा को प्रशासन ने लिया फैसला

- 14 से 26 जुलाई तक चलेगी शिव यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



14 जुलाई से सावन महीने की शुरुआत हो रही है और 26 जुलाई को शिवरात्रि है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत अनेक राज्यों के करोड़ों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली-देहरादून हाईवे के रास्ते अपने गंतव्यों को निकलेंगे।

इसी हाईवे के 82 किलोमीटर हिस्से में दिल्ली से मेरठ के बीच रैपिड रेल कॉरिडोर बनाने का काम तेजी से चल रहा है। ऐसे में सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। कांवड़ियों को रास्ते में चलने पर कोई दिक्कत न हो, इसके लिए नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन एनसीआरटीसी ने फैसला लिया गया है कि शिवरात्रि के आखिरी तीन दिन रैपिड रेल प्रोजेक्ट का काम बंद रहेगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए करीब दस दिन पहले एनसीआरटीसी से अपील की थी। जिस पर गुरुवार को एनसीआरटीसी ने मौखिक रूप से सहमति दे दी।

कांवड़ यात्रा के दौरान मेरठ से गाजियाबाद जाने वाली लेन पर सिर्फ कांवड़ियां चलेंगे। जबकि हल्के वाहनों का संचालन गाजियाबाद से मोदीनगर वाया मेरठ जाने वाली लेन पर होगा। भारी वाहनों को मेरठ और गाजियाबाद से हापुड़-पिलखुवा की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। भारी वाहन चाहें तो दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे से भी निकल सकते हैं।

### एटीएम पर कार्ड बदलकर खाते से 30 हजार निकाले

**गाजियाबाद।** सेवानिवृत नौसेना अधिकारी से एटीएम बूथ पर डेबिट कार्ड बदलकर उनके खाते से 30 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। आरोपी एटीएम मशीन में कार्ड फंसने पर मदद के बहाने कार्ड बदल गया।

अल्मोड़ा के रहने वाले नंदन रावत न्यू करहेड़ा कालोनी में रहते हैं। हिंडन एयरफोर्स पुलिस चौकी के सामने निजी बैंक के एटीएम से रुपये निकालने के दौरान उनका कार्ड फंस गया। इस दौरान वहां मौजूद एक युवक ने उनकी मदद की लेकिन रुपये फिर भी नहीं निकल पाए। हालांकि उन्हें पता नहीं चला, लेकिन मदद के बहाने युवक ने उनका डेबिट कार्ड बदल दिया।

# खाने की पैकिंग में पॉलीथिन का इस्तेमाल, 2 कंपनियों को नोटिस

- फूड लाइसेंस निरस्त करने की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



खाने-पीने के सामान की पैकिंग में पॉलीथिन और प्लास्टिक के बर्तनों का प्रयोग करने के चलते स्वीगी और जोमैटो की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

गाजियाबाद नगर निगम ने स्वीगी और जोमैटो के मैनेजरों को ई-मेल के जरिए नोटिस भेजा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने केंद्र सरकार के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि 1 जुलाई से पॉलीथिन एवं प्लास्टिक बर्तनों के इस्तेमाल पर रोक है। इनका प्रयोग करने पर फूड लाइसेंस के निरस्तीकरण के लिए संबंधित विभाग को संस्तुति करने की चेतावनी दी है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार ने बताया कि गाजियाबाद में स्वीगी और जोमैटो फूड वेंडर्स से ऑनलाइन ऑर्डर प्राप्त कर खाद्य सामग्री की पैकिंग कराकर उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी कराती हैं। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर फूड वेंडर्स पैकिंग सामग्री में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते मिले हैं। प्लास्टिक की चम्मच, कटलरी, चटनी और सॉस आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वीगी और जोमैटो को केंद्र सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की हिदायत दी है। ऐसा नहीं करने पर फूड लाइसेंस के निरस्त करने की संस्तुति की जाएगी।

### महिलाओं ने प्लास्टिक हटाओ अभियान चलाया

***नोएडा।*** *ग्रेटर नोएडा वेस्ट के स्वैग समूह की महिलाओं ने रविवार को डी पार्क में जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की दिशा में जागरूकता साइकिल रैली निकली। स्वैग समूह की अध्यक्ष भावना गौर, एडमिन बरनाली महेला, डॉ अभिरुचि सिंगाही ने बताया कि 5 जून पर्यावरण दिवस अवश्य था लेकिन पेड़ लगाने का उचित समय हर दिन होता है। सभी महिला पर्यावरण प्रेमियों ने मिलकर स्वच्छ नोएडा के साथ हरित नोएडा भी परचम लहराया। नीम, बेल, तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधि युक्त पौधों का वृक्षारोपण किया। लोगों को प्लास्टिक से होने वाली गंभीर बीमारियों और पर्यावरण नुकसान के बारे में जानकारी दी।*

## संक्षिप्त समाचार



मारपीट के एक मामले आरोपी को पेश करती नोएडा पुलिस।

### स्पैन ओएसिस सोसायटी में 42वें दिन प्रदर्शन जारी

**नोएडा।** पैन ओएसिस हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाले निवासियों का 42वें दिन प्रदर्शन जारी है। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी के निवासी पिछले 42 दिनों से विभिन्न मांगों को लेकर बिल्डर के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। निवासियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी। तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। रविवार को सेक्टर-70 में स्थित पैन ओएसिस हाउसिंग सोसाइटी के सैकड़ों निवासियों ने मार्केटिंग ऑफिस के बाहर एकत्रित होकर एओए की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों ने इस दौरान एकत्रित होकर एओए बनाने की मांग की है। निवासियों ने नारे लगाते हुए कहा एओए बनाना है, बिल्डर को भगाना है। निवासियों का आरोप है कि अभी तक बिल्डर द्वारा किए गया वादा पुरा नहीं किया गया है। बिल्डर अभी तक एओए बनाने को राजी नहीं है। दो बार नोएडा अथॉरिटी के साथ बैठक के बाबजूद कोई सफलता बायर्स को नहीं मिल पाई है। यह समस्या नोएडा के कई सोसाइटी में है।

### महिला ने सीएम योगी से मांगी मदद

**नोएडा।** नोएडा निवासी एक महिला ने नोएडा पुलिस समेत सीएम योगी आदित्यनाथ के ट्विटर हैंडल अकाउंट पर शिकायत करते हुए बताया कि एक विशेष समुदाय के युवक ने कुछ वर्ष पहले अपना नाम गलत बताकर शादी कर ली थी। मामले की जानकारी होने पर महिला ने आरोपी के खिलाफ हरियाणा के फरीदाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद वह नोएडा में रह रही थी। महिला का कहना है कि अब आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है और रिपोर्ट वापस लेने के लिए दबाव बना रहा है।ट्वीट का संज्ञान लेते हुए नोएडा की सेक्टर.58 थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। सीडीआर भी जांच कर रही है। आरोप सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आधी रात को किशोरी घर से हुई गायब

**नोएडा।** नोएडा में एक दसवीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा अपने प्रेमी के साथ चली गई थी, लेकिन परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ बदमाशों ने उनकी बेटी का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने तत्काल इस मामले में एक्शन लेते हुए किशोरी को बरामद किया। जिसके बाद पता चला कि किशोरी का अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि वह अपने प्रेमी के साथ कहीं पर चली गई थी। इस मामले में पुलिस का कहना है कि अगर किशोरी के परिजनों द्वारा कोई शिकायत मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नोएडा सेक्टर.49 थाना प्रभारी यसपाल धामा ने बताया कि शनिवार की देर रात करीब 3:00 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि एक दसवीं क्लास में पढ़ने वाली लड़की का अपहरण हो गया है।

### दहेज हत्या के मामले में तीन को भेजा जेल

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थानाक्षेत्र के गांव रोरी में हुई नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। परिजनों ने गांव मोहम्मदपुर सुजानपुर अखाड़ा में महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव मोहम्मदपुर सुजानपुर अखाड़ा निवासी सोनम की शादी गत 9 मार्च 2022 को गांव रोरी निवासी अभिषेक के साथ हुई थी। आरोप है कि दहेज में बुलेट व नकदी की मांग की जा रही थी। शनिवार को सोनम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# नोएडा डिपो ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

- फोन करने पर तुरंत मदद पहुंचाएगा परिवहन विभाग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा एनसीआर के लाखों लोगों के लिए खास खबर है। मोरोना डिपो में यात्रियों के लिए खास सुविधा शुरू हो गई है। परिवहन विभाग ने सवारियों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस हेल्पलाइन नंबर से बस में सवार यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसे परिवहन विभाग तत्काल मदद पहुंचाएगा। नोएडा डिपो के एआरएम एनपी सिंह ने बताया कि अक्सर कई बार यात्रा के दौरान सवारियों को चालक व परिचालक से विवाद होता है या कभी.कभी किराए से संबंधित को लेकर नोकझोंक हो जाती है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए परिवहन विभाग ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। हेल्पलाइन नंबर से यात्रियों को खास फायदा मिलेगा। एआरएम एनपी सिंह ने बताया कि इस हेल्पलाइन नंबर- 9625559228 पर लोग अपनी समस्या को बता सकते हैं। यह नंबर 24 घंटे और सातों दिन एक्टिव रहेगा।

फोन को उठाने और लोगों को मदद करने के लिए शिफ्ट के अनुसार कर्मचारी ड्यूटी करेंगे। इस दौरान शिकायत कर्ता की समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट करने की कोशिश होगी।

### महिला सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमले में 4 पर केस

**गाजियाबाद।** विजयनगर थानाक्षेत्र में दुकान हटवाने के लिए सब्जी बेचने वाली महिला पर चाकू व डंडों से लहूलुहान करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने होटल संचालिका, उसकी दो बेटियों और बेटे को आरोपी बनाया है।

मुकदमे में मारपीट, तोड़फोड़ व एससी-एसटी एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं। आदर्श कॉलोनी गली नंबर.8 में वीर सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी कुसुम सनी चौक जेपी फार्म हाउस के पास सब्जी की अस्थायी दुकान लगाती हैं।

# शादी का वादा कर बलात्कार का आरोप, पीड़िता ने कराया केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मुंबई की रहने वाली युवती से नोएडा में रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके साथ शादी का वादा किया और फिर कई महीनों तक उसका शारीरिक शोषण किया। इस दौरान जब वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसका गर्भपात करवा दिया।

पीड़िता ने इस मामले में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जिसके बाद गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। पीड़िता की अधिवक्ता सीमा भाटी ने बताया कि मुंबई में रहने वाली एक लड़की नोएडा में स्थित फिल्म सिटी में एक डिजिटल मार्केटिंग कंपनी में कार्य करती थी।

भाटी ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता तलाकशुदा है और उसकी एक बेटा भी है। नोएडा में जब युवती नौकरी कर रही थी तो उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। मुलाकात के बाद दोनों में नजदीकी बढ़ी और दोनों में प्रेम संबंध स्थापित हो गए।

### एनपीसीएल के प्रबंध निदेशक व सीईओ को हटाया

**नोएडा।** एनपीसीएल कंपनी ने अपने प्रबंध निदेशक आरसी अग्रवाल को पद से हटा दिया है।

आरसी अग्रवाल के पास प्रबंध निदेशक के अलावा एनपीसीएल के सीईओ की भी जिम्मेदारी थी। अब उनके स्थान पर प्रेम रंजन कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है। पिछले दिनों आरसी अग्रवाल की वेतन पर सवाल खड़े हुए थे। जिसके बाद एनपीसीएल ने यह फैसला लिया। अब प्रेम रंजन कुमार एनपीसीएल के नए सीईओ बन रहे हैं। दरअसल, करीब 10 दिनों पहले एनपीसीएल द्वारा उपभोक्ताओं से बिल के रूप में वसूले जा रहे पैसों को लेकर अहम चर्चा हुई थी।

# परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति बायोमैट्रिक से होगी दर्ज

- छात्रों की परीक्षाओं के अंक भी आनलाइन अपडेट किए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जिले के परिषदीय स्कूलों के शिक्षक जल्द ही बायोमैट्रिक मशीन पर हाजिरी लगाएंगे। इसके लिए प्रत्येक स्कूल को दो टैबलेट दिए जाएंगे। प्रत्येक ब्लाक रिसोर्स सेंटर बीआरसी पर तकनीकी सुविधा केंद्र विकसित किया जाएगा। एक केंद्र पर करीब 2.40 लाख का खर्च किया जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि जिले में 511 परिषदीय विद्यालय है। प्रत्येक स्कूल में प्रधानाध्यापक समेत दो शिक्षकों को टैबलेट मिलने की योजना है। सभी एकेडमी रिसोर्स पर्सन एआरपी को भी टैबलेट दिया जाएगा। टैब के माध्यम से उपस्थिति के साथ अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का भी ऑनलाइन ब्योरा तैयार किया जाएगा। परीक्षाओं के अंक भी आनलाइन अपडेट किए जाएंगे।

सत्र से परिषदीय स्कूलों में प्रत्येक तिमाही पर परीक्षा होगी। ऐसे में आनलाइन अंक अपडेट होने से अंतिम परिणाम तैयार करने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। विभाग में अधिकांश गतिविधियां प्रेरणा एप के माध्यम से संचालित हो रही है। कोरोना काल के बाद आनलाइन पढ़ाई का भी चलन बढ़ा है। इसी के अंतर्गत शासन से शिक्षकों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# सुपरटेक इको विलेज के निवासी सड़क पर उतरे



- मिलने पहुंचे सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, कहा-लखनऊ तक पहुंचेगा आपका मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित सुपरेटक एको विलेज-1 के निवासी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

इसी दौरान राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर का काफिला वहां से गुजरा, सुरेंद्र सिंह नागर ने लोगों को प्रदर्शन करते हुए देख अपनी गाड़ी को रुकवाया और पूछा कि आखिर किस वजह से लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं। इस दौरान सुरेंद्र सिंह नागर ने उनकी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और कहा कि उनकी समस्याओं को जल्द समाधान होगा। वह उनकी इस मांग को लखनऊ तक पहुंचाएंगे।

सुपरटेक इको विलेज-1 के निवासी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर और विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को एक बार फिर सड़क पर उतरे। इस दौरान बारिश भी हुईए लेकिन निवासी पीछे नहीं हटे। बारिश के दौरान भी निवासियों ने अपनी समस्याओं को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते समय जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। हालांकि मौके पर यातायात का ज्यादा दबाव नहीं बन पाया।

सोसायटी के निवासी मनीष कुमार ने बताया कि जिस समय इकोविलेज-1 के निवासी सड़क पर प्रदर्शन कर रहे थे।

उस समय राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर का काफिला वहां से गुजर रहा था। उसी दौरान लोगों को प्रदर्शन करते हुए देख सुरेंद्र नागर ने अपना काफिला रोका और निवासियों के पास आकर उनकी समस्याएं पूछी।

निवासियों ने गंभीरता से अपनी समस्या को राज्यसभा सांसद के सामने उठाया। जिसके बाद उन्होंने निवासियों का आश्वासन देते हुए कहा, उनका मुद्दा और उनकी समस्याएं लखनऊ तक पहुंचेगी। वह खुद इस मुद्दे को उठाएंगे। प्रदर्शन काफी दे तक चलता रहा।

# दिल्ली-एनसीआर की प्रॉपर्टी बिक्री पर मंदी का साया

- एनारॉक के मुताबिक होम लोन की ब्याज दरों की बढ़ोतरी से पैदा हुआ संकट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री अप्रैल-जून 2022 में तिमाही आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 15340 इकाई रह गई। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के मुताबिक, संपत्ति की कीमतों में वृद्धि के साथ ही आवास ऋण दरों के बढ़ने से मांग पर असर पड़ा है। दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च 2022 में आवासीय बिक्री 18835 इकाई थी।

एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एनसीआर में नयी पेशकश या आपूर्ति 56 प्रतिशत घटकर 4070 इकाई रह गई, जो इससे पिछली तिमाही में 9300 इकाई थी। इस क्षेत्र में बिना बिके घरों की संख्या जून तिमाही के अंत में सात प्रतिशत घटकर 141235 इकाई रह गई, जो 31 मार्च 2022 को 151500 इकाई थी। एनारॉक ने कहा कि गुरुग्राम में घरों की बिक्री 8850 इकाइयों से घटकर 7580 इकाई रह गई। यहां नई पेशकश 7890 इकाइयों से घटकर 2830 इकाई रह गई है। नोएडा में आवास की बिक्री अप्रैल.जून, 2022 में घटकर 1650 इकाई रह गई, जो इससे पिछली तिमाही में 2045 इकाई थी। शहर में जून तिमाही में कोई भी नई पेशकश नहीं हुई। ग्रेटर नोएडा में घरों की बिक्री 3450 इकाइयों से गिरकर 2750 इकाई रह गई, जबकि नई पेशकश में बढ़ोतरी देखने को मिली। दिल्ली.एनसीआर के अन्य क्षेत्रों में भी घरों की बिक्री में गिरावट का रुख रहा। गाजियाबाद में आवास की बिक्री पिछली तिमाही में 2080 से घटकर अप्रैल.जून में 1650 इकाई रह गई, लेकिन नए लॉन्च 220 इकाइयों से बढ़कर 740 इकाई हो गए। फरीदाबाद, दिल्ली और भिवाड़ी में आवास की बिक्री अप्रैल.जून 2022 के दौरान घटकर 1710 इकाई रह गई, जो पिछली तिमाही में 2410 इकाई थी। नए लॉन्च भी 920 इकाइयों से घटकर 110 इकाई रह गए।

दिल्ली-एनसीआर में कुल बिना बिकी इन्वेंट्री में से गुरुग्राम में वर्तमान में लगभग 59120 इकाइयों का अधिकतम स्टॉक है, जो मार्च तिमाही से 7 प्रतिशत की गिरावट है। जून तिमाही के अंत में ग्रेटर नोएडा में अनसोल्ड हाउसिंग इन्वेंट्री 8 फीसदी गिरकर 28,875 यूनिट रह गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली में लगाए जाएंगे चंदन के 10 हजार पेड़

**● उपराज्यपाल ने डीडीए, एमसीडी समेत अन्य विभागों को दिए निर्देश**

**● वनस्पति विविधता को जोड़ने और वातावरण को समृद्ध करने के साथ बेकार पड़ी सरकारी भूमि से होगी आमदनी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इस मानसून चंदन के पेड़ लगाने का काम भी शुरू होगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को सुंदर नर्सरी के दौरे के दौरान दिल्ली के सभी भूस्वामित्व वाले विभागों से कहा कि वे अपने पार्कों और खाली पड़ी जमीन पर चंदन के पेड़ लगाने का आभियान शुरू करें। इससे विभाग अपने भूमि संसाधनों से आमदनी भी कर सकते हैं। एलजी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पार्क्स एंड गार्डन सोसाइटी, दिल्ली बायोडायवर्सिटी सोसाइटी और अन्य विभागों को भी सलाह दी है कि मानसून में ही चंदन का पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर इसपर काम शुरू करें तो इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

उपराज्यपाल ने सभी जमीन के मालिकों से अपने यहां चार-चार चंदन के पेड़ लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संसाधन की कमी वाले किसान चंदन के दो पेड़ों से ही अपने बच्चों की शिक्षा पूरी कर सकते हैं। बाकी दो से उनके भविष्य के लिए सोच सकते हैं। उन्होंने हवाला देते हुए कहा कि एक चंदन का पेड़ 12 से 15 साल में तैयार होता है। मौजूदा दरों के अनुसार 12-15 लाख रुपये में बिकता है। इस दर पर 10,000 चंदन के पेड़ तैयार होंगे तो उससे 12 से 15 हजार करोड़ रुपये मिलेंगे।

एलजी के मुताबिकचंदन का वृक्षारोपण, राजधानी की वनस्पति विविधता को जोड़ने और सामान्य वातावरण को समृद्ध करने के अलावा, सरकारी भूमि से आमदनी को बढ़ावा भी देगा।

शहर में भूमि देने वाली एजेंसियों और किसानों/भूमि-धारकों के लिए वित्तीय संपत्ति भी खड़ा करेगा। सुंदर नर्सरी के दौरे के दौरान उन्होंने खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष के रूप में अपने पिछले कार्यकाल में नासिक, वाराणसी, गांधी नगर और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर सफलतापूर्वक 2000 चंदन के पेड़ लगाने के अपने अनुभव का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि राजघाट में लगाया गया पेड़ ना सिर्फ बड़ा हो रहा है। बल्कि अब नौ से दस फीट का हो गया है।

## मूसलाधार बारिश में बच्चों की मस्ती



# प्रदूषण कम करने के लिए लोगों से मांगे सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सर्दी का मौसम शुरू होने वाला है और एक बार फिर दिल्ली एनसीआर के शहर गैस चैंबर न बने इसके लिए सरकारें इस पर नियंत्रण करने के लिए कई अहम कदम भी उठा रही हैं।

इस बीच उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रदूषण की समस्या को लेकर अपना दर्द बयां किया और इस समस्या के समाधान के लिए दिल्ली वालों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग सुझाव दें कि राष्ट्रीय राजधानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए क्या किया जाए। साथ ही उन्हों लोगों से इस समस्या को हल करने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया है। दिल्ली देश दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार है। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली की आबोहवा सर्दियों में ही खराब होती थी लेकिन अब यह समस्या पूरे साल रहनी लगी है। इस मुद्दे पर केंद्र और दिल्ली सरकार में तकरार होती है। आम आदमी पार्टी की सरकार का दावा है कि आधे से ज्यादा प्रदूषण पड़ोसी राज्यों की वजह से दिल्ली में होता है। वहीं पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली का अपना प्रदूषण भी कम नहीं है। इस बीच उपराज्यपाल ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि लगातार खराब व गंभीर वायु गुणवत्ता में दिल्ली वाले सांस लेते हैं। वह उनका दम घोंट रही है।

अधिकांश प्रदूषण लोग खुद उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से साथ मिलकर दिल्ली को गैस चैंबर से मुक्त करने का संकल्प लेने का अनुरोध किया है। ताकि दिल्ली की हवा का सांस लेने योग्य बना सकें। इससे पहले उपराज्यपाल ने लैंडफिल साइड पर कूड़े के पहाड़ को खत्म करने और यमुना नदी में सीवर का गंदा पानी गिरने को लेकर अपनी चिंता जता चुके हैं और इस समस्या को जड़ से खत्म के लिए लोगों से सुझाव मांगे थे।

## एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** निजी विमानन कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने राजस्थान से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जगमोहन शर्मा, अभिषेक वर्मा और पुरखा राम के रूप में हुई है।

जालसाज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी नौकरी के विज्ञापन साझा करते थे। इस मामले की शिकायत दिल्ली में मालवीय नगर के एक निवासी ने की थी। शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसने इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी के संबंध में फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था। मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जिसके बाद अज्ञात धोखेबाजों ने उससे 20,784 रुपए की ठगी की।

# प्लास्टिक पर प्रतिबंध का दिखने लगा असर

**● लोग कपड़े और जूट के थैले लेकर पहुंच रहे बाजार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



एकल इस्तेमाल में आने वाली प्लास्टिक पर एक जुलाई से प्रतिबंध लग गया है। इसका असर अब दिखने लगा है। बाजारों में कई लोग जूट, कपड़े समेत अन्य चीजों से बने थैले लेकर पहुंच रहे हैं। इस दौरान कई जगहों पर अभी भी प्लास्टिक के बैग्स इस्तेमाल हो रहे हैं। वहीं दुकानदारों ने भी प्लास्टिक के प्रयोग को लेकर लोगों को हतोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही इसके खिलाफ प्रशासन जागरूकता अभियान और जांच-पड़ताल भी शुरू कर चुका है। दिल्ली के सभी बाजारों में विभिन्न व्यापारी संगठनों के द्वारा प्लास्टिक के प्रयोग नहीं करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जनपथ मार्केट में लोगों ने बातचीत के दौरान कहा कि सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया जाना एकदम सही है। उनका कहना था कि प्लास्टिक पर्यावरण को न सिर्फ प्रदूषित करता है बल्कि इससे नालियां भी जाम होती हैं। साथ ही इससे पशु भी खाकर मर जाते हैं। सरकार को प्लास्टिक बैन करने का फैसला बहुत पहले लेना चाहिए था। प्लास्टिक बैग की जगह जूट और कपड़े के थैले का उपयोग करना एक अच्छा विकल्प है।

इसे रिसाइकल करना भी आसान है। हालांकि प्लास्टिक का कोई विकल्प फिलहाल बाजारों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। इसके चलते मजबूरन कुछ लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग अभी भी करना पड़ रहा है। ऐसे में देखना होगा कि प्रशासन किस तरह से प्लास्टिक के प्रयोग पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने में कामयाब होता है।

स्थानीय प्रशासन न सिर्फ प्लास्टिक के प्रयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है बल्कि एसयूपी से बनी चीजों को जब्त करने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

### एकल-उपयोग प्लास्टिक का विकल्प

# कच्चे माल पर जीएसटी दर कम करे केंद्र सरकार: गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों पर कम कर रहे उत्पादकों और स्टार्ट-अप्स के लिए कम जीएसटी पर कच्चे माल के लिए दिल्ली सरकार केंद्र को अनुरोध पत्र लिखेगी 7 यह बात दिल्ली के पर्यावरण मंत्री त्यागराज स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय प्लास्टिक विकल्प मेले के अंतिम दिन प्रेसवार्ता में कही। मेले के अंतिम दिन आयोजित राउंड टेबल कांफ्रेंस में डीपीसीसी, एमसीडी, राजस्व विभाग, कानूनी विशेषज्ञों, औद्योगिक संघ, बाजार व्यापारी संघों, स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह आदि के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल रहे। इस राउंड टेबल कांफ्रेंस में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में सभी मौजूद पैनेलिस्ट के साथ चर्चा की गई। राउंड टेबल कांफ्रेंस के बाद स्टेडियम में आयोजित प्रेसवार्ता में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण के खिलाफ़ केजरीवाल सरकार निरंतर कार्य कर रही है 7 प्रदूषण को बढ़ावा देने में सिंगल यूज़ प्लास्टिक भी एहम भूमिका निभाता रहा हैं 7 ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को रोकने के लिए जागरुकता अभियान जरूरी है । इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए दिल्ली सरकार ने त्यागराज स्टेडियम में तीन दिवसीय प्लास्टिक विकल्प मेले का आयोजन किया गया ताकि आम जनता के बीच सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विकल्पों को प्रोत्साहन दिया जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज से जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा ताकि लोगो को बैन हुए प्लास्टिक वस्तुओ के बारे में सही जानकारी साझा की जा सकें। इसके साथ साथ एनफोर्समेंट के कार्यो में लगी टीमों के लिए भी एक ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया जाएगा ताकि प्रतिबंध को लागू करते समय टीम के बीच भी कोई भ्रम न रहे । इस संबंध में दिल्ली सरकार उनकी शिकायत दर्ज करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगी ।

उन्होंने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विकल्पों पर कम कर रहे उत्पादकों और स्टार्ट-अप्स को कच्चे माल के लिए अधिक जीएसटी देना पड़ रहा है , इसके लिए दिल्ली सरकार केंद्र को जीएसटी दर कम करने के लिए अनुरोध पत्र लिखेगी।

# लार्वा मिलने पर एक लाख का किया चालान

**● लार्वारोधी अभियान के दौरान लापरवाही मिलने पर कई संस्थाओं पर कसा शिकंजा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने आईआईटी दिल्ली स्थित निर्माण का कार्य कर रही पीएनएससी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई निर्माण स्थल पर बड़ी संख्या में मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर तथा उनके रोकथाम एवं नष्ट करने के संदर्भ में कोई भी कार्रवाई न किए जाने पर निगम द्वारा की गई।

दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थल पर जाकर लार्वा रोधी दवा एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव कर इन सभी मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट किया गया।

दिल्ली नगर निगम ने इस प्रकार अन्य निर्माण स्थलों पर जांच एवं निगरानी बढ़ाते हुए मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर कड़कड़डूमा इंस्टीट्यूशनल एरिया स्थित एसएएम बिल्डवेल द्वारा संचालित निर्माण स्थल पर मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर 50,000 रुपए का चालान किया गया। खिचड़ीपुर स्थित एलबीएस अस्पताल में निर्माण स्थल का संचालन करने वाली अभिलाषा एंटरप्राइजेज का भी मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर 10,000 रुपए का चालान किया गया। कड़कड़डूमा स्थित एन.सी.सी. द्वारा संचालित निर्माण स्थल पर मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर 10,000 रुपए का चालान किया गया। द्वारका सेक्टर 18 ए स्थित वेंकटेश्वर अस्पताल में निर्माण कार्य कर रही डबल्यू.जी. कंस्ट्रक्शन कंपनी का भी 5000 रुपए का चालान किया गया।

दिल्ली नगर निगम नागरिकों से अनुरोध करता है कि मच्छरजनित बीमारियों से बचने का सबसे प्रभावी तरीका इनके प्रजनन को रोकना है।

## रोजगार बाजार पोर्टल से 10 लाख लोगों को मिला काम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के जॉब पोर्टल रोजगार बाजार ने राष्ट्रीय राजधानी में अब तक 10.21 लाख लोगों को रोजगार दिलाने में मदद की है। महामारी और उसके बाद आजीविका के नुकसान के बाद लोगों के लिए पोर्टल ने बड़ी राहत देने का काम किया है।

अरविंद केजरीवाल सरकार महामारी के समय से ही कई योजनाओं के माध्यम से लोगों को सम्मान जनक जीवन जीने में मदद करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रोजगार बाजार के आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो वर्षों में 10 लाख से अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं।

# बुजुर्गों ने दिखाई वेलंकन्नी चर्च यात्रा में दिलचस्पी

**● वरिष्ठ नागरिकों ने 1000 से भी कम ने किए आवेदन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



वरिष्ठ नागरिकों को तमिलनाडु के वेलंकन्नी चर्च में मुफ्त तीर्थ यात्रा की पेशकश करने की दिल्ली सरकार योजना को बुजुर्गों को रास नहीं आई है। इसके लिए उनकी ओर से सरकार को बेहद सुस्त प्रतिक्रिया मिली है।

पिछले साल नवंबर में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत तीर्थस्थलों की सूची में इस लोकप्रिय चर्च को जोड़ने का ऐलान किया था।

अरविंद केजरीवाल ने कहा था, ईसाई भाइयों से अनुरोध मिल रहा था कि इस योजना में कुछ तीर्थस्थलों को जोड़ा जाए। इसके बाद उन्होंने वेलंकन्नी चर्च को इस योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। यह चर्च देश में ईसाई समुदाय के लिए एक प्रमुख तीर्थस्थल है।

घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों का कहना है कि वेलंकन्नी चर्च जाने की इच्छा रखने वालों के बहुत कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस साल जनवरी में कोरोना वायरस जनित महामारी की तीसरी लहर के कारण योजना पर रोक लगने के बाद से अब तक केवल 500-600 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना की शुरुआत वर्ष 2019 में की गई थी लेकिन कोविड-19 के कारण इसे निलंबित कर दिया गया था।

लगभग 23 महीने बाद पिछले साल दिसंबर में इस योजना को फिर से शुरू किया गया। हालांकि, इस साल जनवरी में महामारी की तीसरी लहर आने पर योजना पर रोक लगा दी गई और 14 फरवरी को द्वारका-सोमनाथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ ही इसे पुन: शुरू किया गया।

## संक्षिप्त समाचार



उत्तर पूर्वी जिला कार्यकारिणी बैठक के उद्घाटन सत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद और विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान सम्मानित होते सतीश उपाध्याय।

### नेहरू पार्क अतिरिक्त एसटीपी लगाएगा एनडीएमसी

**नई दिल्ली।** नेहरू पार्क की सिंचाई आवश्यकता को पूरा करने, पार्क की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) 500 केएलडी क्षमता का अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करेगा। यह जानकारी रविवार को सूचना एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने दी। उपाध्याय ने बताया कि पिछले महीने नेहरू पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल और मुख्य सचिव, दिल्ली ने पूरे पार्क की सिंचाई के लिए 500 केएलडी क्षमता के अतिरिक्त एसटीपी की भी आवश्यकता है। बागवानी स्टाफ ने बताया कि गर्मी के दिनों में मौजूदा 500 केएलडी क्षमता एसटीपी का ट्रीटेड पानी नेहरू पार्क में गार्डन एरिया/हरियाली की पूरी सिंचाई की आवश्यकता के लिए है। वर्तमान में 50 फीसदी आवश्यकता पहले से स्थापित एसटीपी के माध्यम से और शेष 50 फीसदी आवश्यकता सीपीडब्लूडी से प्राप्त अनफिल्टर्ड पानी की आपूर्ति के माध्यम से पूरी होती है। उपाध्याय ने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट प्राकृतिक पर्यावरण को प्रदूषण से बचाए रखता है ।

### क्रिएटर कम्युनिटी इवेन्ट लॉन्च

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शेयरचैट ने दिल्ली में अपनी फ्लैगशिप इवेन्ट सीरीज़ क्रिएटर फेस्ट के अंतर्गत अपना पहला क्रिएटर मीटअप आयोजित किया। इस अवसर पर लोकप्रिय मौज क्रिएटर, प्रियंका शर्मा और रैपर मैडी भी मौजूद रहे। इनके अलावा इवेन्ट में आनन्द मौर्य, विवेक शर्मा, उत्तम अग्रहरि और विक्रम ने भी भागीदारी की और जोश से भरी कम्युनिटी से जुड़े। इस मौके पर शशांक शेखर, सीनियर डायरेक्टर, कॉन्टेंट स्ट्रैटेजी एंड ऑपरेशंस, शेयरचैट ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि हम अपने हिंदी क्रिएटर्स के लिए दिल्ली में अपना पहला क्रिएटर कम्युनिटी इवेन्ट लॉन्च कर रहे हैं।

# नगर निगम ने शिक्षण सत्र के लिए बनाई विस्तृत योजना

**● नर्सरी के छात्रों के लिए हर बुधवार को होंगी सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने मिशन बुनियाद की सफलता के बाद शेष छात्रों के लिए साक्षरता और संख्यात्मक कौशल के विकास के लिए विस्तृत योजना तैयार की है। जिसके अंतर्गत जुलाई और अगस्त में इन विद्यार्थियों की नींव को सुदृढ़ करने के लिए उपचारात्मक कक्षाएं चलाई जाएंगी, जिससे विद्यार्थी अपनी कक्षा के अनुरूप अधिगम स्तर को प्राप्त कर पाएं। दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु कार्यक्रम फाउंडेशन टू एक्सलेंस लर्निंग आरंभ किया है तथा सभी निगम विद्यालयों को इसकी रूपरेखा से अवगत करा दिया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यालयों में शिक्षण में एकरूपता लाने के लिए मासिक शिक्षण रुपरेखा तथा मूल्यांकन योजना तैयार की गई है जिसके अंतर्गत अब विद्यालयों में पाठ्यक्रम गतिविधियों के अतिरिक्त पाठ्यक्रम सह-गतिविधियों पर भी बराबर ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त निगम के विद्यालयों में शिक्षण कार्य पीरियड व्यवस्था में होगा, कक्षा में स्तरानुसार शिक्षण कार्य के अलावा विद्यालयों के लिए एफएलएन (फाउंडेशन ऑफ लिटरेसी और न्यूमरेसी) पाठ्यक्रम के लिए अलग पीरियड की व्यवस्था होगी।

इस योजना के लिए निगम के शिक्षा विभाग के अधिकारियों, मेंटर्स एवं अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया है। सभी विद्यालय प्रति सप्ताह विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में हुई प्रगति का आकलन करेंगे और उसके अनुरूप पाठ्य योजना बनाएंगे।

प्रासंगिक और गतिविधि आधारित शिक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बुधवार सह-पाठ्य गतिविधि दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों में थिएटर, नृत्य, संगीत एवं लोक कलाओं के माध्यम से सहयोग और नेतृत्व की क्षमता का विकास हो और विद्यार्थी नई दक्षताओं एवं कौशलों को विकसित कर सकें।

निगम ने विद्यालयों में अभिभावकों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए सामुदायिक उत्सवों का आयोजन करने की भी योजना बनाई है, जिससे विद्यालय अभिभावकों की प्रतिभा से परिचित और लाभान्वित हो सकें।

# विधानसभा सत्र: दिल्ली की समस्याओं पर चर्चा कराने की सिसोदिया को चुनौती

**● केजरीवाल सरकार को भाजपा करती रहेगी बेनकाब: नेता प्रतिपक्ष**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को चुनौती देते हुए कहा है कि वह दिल्ली की समस्याओं पर विधानसभा में चर्चा करा लें।

भाजपा एक-एक समस्या पर इस सरकार को नाकाम साबित करके दिखा देगी। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार हर विधानसभा सत्र में जनता की समस्याओं पर चर्चा कराने से भागती रही है। विपक्ष जब भी बिजली, पानी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, प्रदूषण, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं पर चर्चा की कोशिश करता है तो सरकार उससे भाग उठती है। इसके बावजूद दिल्ली प्रदेश भाजपा और भाजपा विधायक दल सरकार की पोल खोलने का अभियान जारी रहेगा। केजरीवाल सरकार ने नई शराब नीति के तहत गली-गली में शराब की नदियां बहाने की कोशिश की लेकिन भाजपा के पुरजोर विरोध के बाद करीब आधे ठेके नहीं खुल सके। अभी हाल ही में किराड़ी में केजरीवाल सरकार के कागजी अस्पताल की पोल भी भाजपा ने खोली है जिस पर सरकार की तरफ से एक शब्द नहीं बोला गया।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट में 3760 ओवरएज बसों का खुलासा और नई बसों की खरीद में घपला भी भाजपा की बदौलत ही सामने आ सका है। दिल्ली के स्कूलों में लाखों रुपए खर्च करके बनाए गए कमरे भी जांच के घेरे में हैं। और तो और, केजरीवाल सरकार के एक मंत्री तो एक महीने से ज्यादा वक्त से जेल में ही पड़े हुए हैं। बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा का आगे भी पोल खोल अभियान जारी रहेगा।

# कुलदेवी महालक्ष्मी जन आशीर्वाद यात्रा का गुरुग्राम में हुआ स्वागत

**विधायक सुधीर सिंगला समेत सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों ने किया स्वागत**

**अग्रोहा धाम से शुरु हुई यात्रा पूरे हरियाणा में कर रही है भ्रमण**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अग्र-विभूति स्मारक (अग्रोहा शक्तिपीठ तीर्थ स्थल) से प्रारंभ हुई कुलदेवी महालक्ष्मीजी की जन आशीर्वाद यात्रा रविवार को गुरुग्राम पहुंची। इस दौरान गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, अखिल भारतीय युवा सम्मेलन के प्रदेश सचिव एवं भाजपा अर्जुन मंडल के उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता समेत अनेक अग्र समाज के लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस यात्रा के साथ अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय धर्माचार्य नर्मदा शंकर भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जन-जन को आशीर्वाद देने के साथ विश्व शांति, सुख और समृद्धि के लिए कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा की शुरुआत एक सार्थक प्रयास है। अग्र समाज ने सदा जन-जन के सुखी होने के साथ उनके हर सुख-दुख में साथ निभाया है और आज भी यह परम्परा चली आ रही है। महाराजा अग्रसेन के संदेशों को अग्रवाल समाज आज भी लकीर का फकीर मानकर काम करता है। उन्होंने समाज के लोगों का आह्वान किया कि अपने इतिहास को मजबूत करते हुए हमें जीवन पर्यन्त महाराजा अग्रसेन के विचारों, उनके क्रियाकलापों को आगे बढ़ाना है। पीढ़ी दर पीढ़ी उनको पहुंचाना है। इस यात्रा के सुंदरदास अग्रवाल, मदन गोपाल सिंगला, सीएम विंडो सदस्य अमित गोयल, राजीव मित्तल, राम शर्मा, हरीश वर्मा, मनोज गर्ग, मनीष जैन, हेमन्त गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अमित गुप्ता, युधिष्ठिर कौशिक, अजय जैन, विकास गुप्ता, आशुतोष शर्मा, माधव शर्मा, उपकार चोपड़ा, तुषार, ईश्वर चंद मित्तल, आलोक तिवारी, अभय गुप्ता, कपिल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, हरीश, एसपी गर्ग, मुकट वशिष्ठ के अलावा महिलाओं में अंजू गुप्ता, पिंकी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, प्रियांशी, हिमांशी, रजनी, शोभा, सुषमा शर्मा, अनु शर्मा, कमलेश, रामप्यारी, ज्योति, संतोष कुमारी, भारती, लाजवंती, सुमित्रा देवी, कांता, अनिता, पूनम, शशि रानी, साहनी, वैशाली आदि ने यात्रा में महालक्ष्मी जी के दर्शन किए।



रविवार को जन आशीर्वाद यात्रा के स्वागत में खड़े विधायक सुधीर सिंगला व अन्य।

# गुरुग्राम को एनीमिया व टीबी मुक्त करना लक्ष्य



एनीमिया व टीबी मुक्त बनाने को लेकर बैठक में मौजूद संस्था के सदस्य व सीएमओ।

गुरुग्राम। पंजाबी बिरादरी महा संगठन सामाजिक योगदान की दिशा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। संगठन ने अब गुरुग्राम को स्वस्थ बनाने की दिशा में नई पहल की है। संस्था के प्रधान बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में रविवार को पालम विहार में महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई।

बोधराज सीकरी ने बताया कि पंजाबी बिरादरी महा संगठन महिला प्रकोष्ठ की सेवाओं की मांग स्वास्थ्य प्रशासन गुरुग्राम ने की है। इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी महा संगठन की महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र यादव और संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी व अन्य पदाधिकारियों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए।

साथ ही सभी ने मिलकर गुरुग्राम को एनीमिया मुक्त और टी.बी मुक्त करने की प्रतिबद्धता जताई। बोधराज सीकरी ने कहा कि बिरादरी की युवा महिला ग्रुप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र यादव से इस प्रोजेक्ट के सुचारू क्रियान्वयन के निमित्त समय-समय पर चर्चा भी करेगा। महिला प्रकोष्ठ का गठन समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को जन कल्याण के लिए प्रेरित करना है ताकि सब मिलकर एक स्वस्थ व जागरूक समाज की परिकल्पना को साकार कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### भोंडसी में मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

सोहना। भोंडसी की आरबीएसएम कॉलोनी के सामने बना का ताला तोड़ घरेलू सामान चोरी हो गया। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन पुलिस अभी तक नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के मूल निवासी लालू प्रसाद ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह आरबीएसएम कॉलोनी के सामने बने ससुर के मकान में रहते हैं। उसकी पत्नी व तीन बच्चे राय बरेली गए हुए हैं। वह कंपनी में नौकरी करता है। सुबह जाने बाद देर रात में आता है। शनिवार-रविवार की देर रात एक बजे वह कंपनी से घर पहुंचा। उसने देखा कि मुख्य ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर से फ्रीज, चूल्हा, सिलेंडर, प्रेस, टीवी समेत अन्य कीमती सामान गायब मिला। उसे पूरा शक है यह चोरी उसके मकान पीछे रहने वाले पवन और अनिल ने की है। ये दोनों उसके घर आते रहे हैं और उन्हें यह भी यह भी पता है कि मकान कर ताला कब तक लगा रहता है।

### कैनविन की ओर से लगाए जांच शिविर में उमड़ी भीड़



गुरुग्राम के पटेल नगर में जांच कराने पहुंचे लोग।

गुरुग्राम। रविवार को यहां पटेल नगर स्थित सोनिया सर्विस सेंटर में निशुल्क मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कैनविन फाउंडेशन की ओर से लगाए गए इस शिविर में आर्टेमिस अस्पताल, क्लोव डेंटल, सेंटर फॉर साइट का विशेष योगदान रहा। शिविर में क्षेत्र के सेंकड़ों लोगों ने अपनी जांच कराई। पटेल नगर सुधार मंडल के प्रधान दीपचंद, महामंत्री आरके यादव एडवोकेट, रिटायर्ड एसडीओ अमर सिंह, सोनिया सर्विस स्टेशन संचालक प्रह्लाद सिंह, सुनील सिंह, दीपक शर्मा, सुमित महला, सतबीर सिंह, राजकुमार गुप्ता प्रधान शिव मंदिर पटेल नगर, योगेश, रविंद्र गुप्ता, चमन गुर्जर आदि ने शिविर में सहयोग किया। इस विशाल शिविर में लोगों ने नेत्र, दंत के अलावा अन्य स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर के शुभारंभ से पहले ही जांच कराने वाले लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी, जो कि शिविर के समाप्ति तक रही। कैनविन फाउंडेशन की टीम की ओर से यहां आए लोगों की काउंसिलिंग की भी और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारियां भी दी। पटेल नगर सुधार मंडल के प्रधान दीपचंद ने इस अवसर पर कहा कि कैनविन फाउंडेशन लगातार पटेल नगर के साथ बाकी गुरुग्राम के क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाता रहता है। लोगों की सेहत सही रखने के लिए यह अच्छा प्रयास है। उन्होंने कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल के जनहित के इस कार्य की बधाई देते हुए कहा कि वे ऐसे ही जनसेवा को आगे बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवादारों की समाज में सख्त जरूरत है।

### स्वामी धर्मदेव ने किया दृष्टि रथ का शुभारंभ



गुरुग्राम में रविवार को दृष्टि रथ को झंडी दिखाकर रवाना करते स्वामी धर्मदेव, सीएमओ डॉ. विरेन्द्र यादव व अन्य अतिथि।

गुरुग्राम। महा मंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की उपस्थिति में पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी के माध्यम से जापानी भारतीय कंपनी स्वम टोयल द्वारा निरामया धर्मार्थ ट्रस्ट को दिए गए दृष्टि रथ का शुभारम्भ रविवार को किया गया। दृष्टि रथ चलता फिरता हॉस्पिटल है। यह रोगी के पास जाएगा, रोगी को आने की जरूरत नहीं होगी। पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने बताया कि उनके औषध उद्योग के एक मित्र के माध्यम से 25 लाख का दृष्टि रथ डॉक्टर त्रिलोक आहूजा के निरामया धर्मार्थ ट्रस्ट को भेंट किया गया है। इस दृष्टि रथ में आंखों के इलाज की पूरी सुविधा होगी। स्वामी धर्मदेव ने इस दृष्टि रथ को रवाना करके संस्था को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। इस दौरान सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने पांच काउच सिविल हॉस्पिटल गुरुग्राम को ब्लड डोनेशन के लिए भेंट किया। प्रधान बोधराज सीकरी ने सभी से पंचनद स्मारक ट्रस्ट को मजबूत करने की अपील की। साथ ही उन्होंने पंद्रह ट्रस्टी के नाम की घोषणा की। इसके अलावा भी 15 और ट्रस्टी बनाने का आश्वासन दिया। रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम के वाइस प्रेसिडेंट मुनीश खुल्लर ने भी गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए किताबें स्पॉन्सर की। सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि स्वामी धर्मदेव जी महाराज एक संस्था है। उन्हें गुरुग्राम को एनीमिया मुक्त और टीबी मुक्त करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही स्वामी धर्मदेव महाराज को अपनी सकारात्मक पहल में ब्रैंड एम्बेसडर बनाने की अपील की।

### महिलाओं को सेहत के प्रति किया सतर्क और जागरुक



कामकाजी महिला आवास में जानकारी देतीं आशा गोयल व डॉक्टर कंचन।

गुरुग्राम। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास में रविवार को समाज सेविका आशा गगन गोयल और डॉक्टर कंचन सिंह ने शिरकत की और वहां रहने वाली युवतियों, महिलाओं को शारीरिक स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। आशा गगन गोयल ने बायोडिग्रेडेबल पैड्स की जानकारी सभी महिलाओं को दी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि सभी महिलाएं प्लास्टिक पैड्स को छोड़कर ऑर्गेनिक पैड्स को इस्तेमाल करें, ताकि हमारी सेहत भी सही रहे और हम धरती को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त कर सकें। डॉक्टर कंचन ने कहा कि अब काफी महिलाएं जागरूक हो रही हैं। सरकार भी प्लास्टिक मुक्त भारत के अभियान चला रही है। इसीलिए हम सभी को अपनी सरकार का पूरा सहयोग करना चाहिए। प्लास्टिक बैग्स प्लास्टिक बनी पैड्स छोड़कर कपड़े के बैग और ऑर्गेनिक पैड में शिफ्ट होना चाहिए। यह समय की जरूरत है। कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने भी इस अवसर पर महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षित महिलाएं न केवल खुद जागरुक हों, बल्कि अपने आसपास के गरीब तबके, स्लम बस्तियों में भी जाकर वहां की महिलाओं को सेहत, स्वच्छता के प्रति जागरुक करें। इस अवसर पर कामकाजी महिला आवास से आरती सिंह, उषा, प्रज्ञा कतियार, प्रकृति, मृणालिनी, दीप्ति ढींढसा, दृश्या सैनी, दिक्षा निगम, सविता, रचना यादव, सोनू आदि मौजूद रहे।

# भगवान जगन्नाथ यात्रा में विधायक ने की पूजा-अर्चना



गुरुग्राम में इस्कॉन की ओर से भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में पूजन करते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यह रथ यात्रा सेक्टर-45 स्थित इस्कॉन मंदिर से शुरू हुई**

**भारी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए**

विधायक सुधीर सिंगला ने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शिरकत करके आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को भी इस यात्रा की बधाई देते हुए सभी की सुख, शांति की भगवान जगन्नाथ से मंगल कामना की। अंतरराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) गुरुग्राम की ओर से इस रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। रथ को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। यह रथ यात्रा सेक्टर-45 स्थित इस्कॉन मंदिर से शुरू हुई। इसके बाद सेक्टर-40 मार्केट, सेक्टर-31 मार्केट, झाड़सा, पटेल नगर, अग्रवाल धर्मशाला, गुरुग्राम रोड, सिद्धेश्वर मंदिर पर संपन्न हुई।

रथ यात्रा की शुरुआत के मौके पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने रथ यात्रा में शामिल भक्तों को बधाई देते हुए कहा कि जगन्नाथ पुरी धाम भगवान जगन्नाथ यानी भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। भगवान के पुरी में विराजमान होने से वह क्षेत्र देश-विदेश में मशहूर है। आस्था का यह बड़ा केंद्र है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर से हर साल मंदिर के मुख्य देवता भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भ्राता बलभद्र और भगिनी सुभद्रा के विशाल रथों की शोभा यात्रा निकाली जाती है। भगवान मंदिर से निकलकर नगर का भ्रमण करते हैं। पुराणों में इसे धरती का वैकुंठ कहा गया है। जगन्नाथ पुरी भगवान विष्णु के चार धामों में से एक है। जो नजारा पुरी में नजर आता है, उसी तर्ज पर गुरुग्राम में भी भक्तों ने रथ यात्रा निकालने का प्रयास किया है। यह अपने आप में अविस्मरणीय पल हैं। हम सबको जीवन में एक बार भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए पुरी में जरूर जाना चाहिए। अपनी पीढ़ियों को भी अपने इतिहास के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने इस रथ यात्रा के सभी आयोजकों इस्कॉन संस्था को सुंदर, भव्य आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर मेयर मधु आजाद, इस्कॉन से अच्युत प्रभु, एसपी गर्ग, मुकट वशिष्ठ, महिपाल चौहान, सुप्रिया दास, एकांत दास आदि मौजूद रहे।

# उमंग विंटर हिल्स सोसायटी में जाने का रास्ता नहीं होने पर लोगों ने दिया धरना

**सरपंच सुंदर लाल ने उनकी मांग का समर्थन करके सरकार तक पहुंचाने का दिया आश्वासन**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बादशाहपुर विधानसभा में नगर निगम मानेसर के क्षेत्र सेक्टर-77 स्थित उमंग विंटर हिल्स सोसाइटी के लोगों ने सोसाइटी में समस्याओं को लेकर धरना दिया। इस दौरान उन्होंने बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनकी मांगों को जायज ठहराते हुए सरपंच सुंदर लाल यादव ने उनका समर्थन किया और बिल्डर से मांग की कि वे यहां की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें। साथ ही सरकार से भी आग्रह किया कि वे ऐसे बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, जो कि लोगों की परेशानियों को अनदेखा कर रहे हैं।

यहां धरने पर बैठे लोगों ने सरपंच सुंदर लाल यादव को बताया कि सोसायटी में प्रवेश के लिए कोई मुख्य मार्ग नहीं है। इसके लिए सोसायटी के लोग बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद से भी मिले थे। गुरुग्राम के अधिकारियों के सामने भी समस्या रख चुके हैं। यहां तक कि चंडीगढ़ तक इस समस्या को लेकर जा चुके हैं, लेकिन अभी तक रास्ते ही समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। आखिर में अब उन्हें सड़क पर उतरकर धरना देना पड़ा। लोगों ने यहां एक बार फिर सरकार के माध्यम से अपील की है कि उमंग विंटर हिल्स सोसाइटी के लोगों के लिए रास्ता बनवाया जाए। बिल्डर को समय सीमा तय करके सख्त आदेश दिए जाएं कि वह सोसायटी के लोगों के लिए रास्ता तैयार करे।

करोड़ों रुपये के फ्लैट खरीदकर भी यहां परेशानी झेलनी पड़ रही है। सरपंच सुंदर लाल से भी सोसायटी वासियों ने आग्रह किया कि वे उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाएं। सरपंच सुंदर लाल ने आश्वासन दिया कि वे इस बाबत पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता से भी आग्रह करेंगे कि वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक यह समस्या पहुंचाएं। इस अवसर पर धर्मवीर यादव, अमरेश मिश्रा, रजनीश सचदेवा, जसप्रीत सिंह, रविकांत शर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



गुरुग्राम के सेक्टर-77 में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे उमंग विंटर हिल्स सोसायटी के लोग।

# वृक्षों के रूप में प्रकृति से हमें मिली है अनमोल धरोहर : नवीन गोयल

**प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरती सिंह राव के जन्मदिवस पर लगाए पौधे**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की सुपुत्री एवं भाजपा हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरती सिंह राव के जन्मदिवस पर रविवार को श्याम वाटिका न्यू कालोनी में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाए।

इस अवसर पर नवीन गोयल के साथ आर्य समाज के प्रधान लक्षण पाहुजा, एलएन छाबड़ा, प्रेसिडेंट अमित गंभीर, वाइस प्रेसिडेंट संजय, सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, कमल वर्मा, सूद, सुमित डाबर, अमित गम्भीर, यशपाल वासन, विजय वर्मा, सुनील चावला आदि उपस्थित रहे।

आरती सिंह राव की दीर्घायु की कामना करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि विकास पुरुष केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने क्षेत्र के विकास की पैरवी सदा केंद्र में रहते हुए की है। क्षेत्र में सड़कों, हाईवे, एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया जा चुका है। आज गुरुग्राम से किसी भी राज्य में जाने के लिए हम फर्राटा भर सकते हैं। मुंबई, वडोदरा तक जाने के लिए सड़क और रेल मार्ग का काम जोरों पर हो रहा है। इन सब कार्यों में मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के सकारात्मक प्रयास हैं। उनके प्रयासों की सराहना अक्सर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी करते हैं। उन्हें के पदचिन्हों पर चलते हुए उनकी पुत्री आरती सिंह राव समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। नवीन गोयल ने कहा कि बहन-बेटियों के नाम से किए गए कार्य और भी अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों से अपील की कि वे अपने परिवार में यादगार के दिनों पर पौधे जरूर लगाएं, ताकि हम ऐसा करके दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन सकें।



गुरुग्राम की न्यू कॉलोनी में पौधारोपण करते नवीन गोयल।

# बालूदा से स्वागत की यादों को सहेज अपने साथ ले गए आईएएस सचिन शर्मा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**रविवार को बालूदा गांव में आईएएस सचिन शर्मा का हुआ भव्य स्वागत**

हाल ही में आईएएस बने सचिन शर्मा के लिए रविवार का दिन बहुत खास रहा। आईएएस बनने के बाद उनके सम्मान में शायद यह पहला ऐसा समारोह था, जो कि उनके लिए जीवनभर के लिए यादगार बन गया। अपनी कजन सिस्टर के घर बालूदा गांव में पहुंचे सचिन का पूरे गांव ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विशेषकर स्वर्गीय गुरुजी जगदीश प्रसाद के आवास पर परिवार ने उन्हें पलकों पर बिठाया। अपने इस स्वागत को सचिन शर्मा यादों के रूप में सहेज कर ले गए।

गुरुग्राम के गांव जहाजगढ़ निवासी सचिन शर्मा पुत्र सुनील दत्त (सेवानिवृत पुलिस अधिकारी) हाल ही में आईएएस बने हैं। पैतृक घर पर तो बधाई देने वालों का अभी तक तांता लगा हुआ था, लेकिन रविवार को उनकी बुआ की बेटी यानी उनकी कजन सिस्टर दृष्टि (बेबी) ने सचिन के साथ खुशियां साझा करने और उनका अपने आंगन में स्वागत करने के लिए आमंत्रित किया। दृष्टि ने परिवार के मुखिया मदनलाल शर्मा, जयप्रकाश शर्मा व अपने ससुर पत्रकार महेश शर्मा समेत अपनी सास सरोज देवी, ताई सास तारामणि, सुनीता देवी, राजवती समेत जेठ-जेठानियों सोनू-प्रतिभा, लोकेश-कनिष्का, विकास- मोनिका, आकाश- दीपिका के साथ भरे-पूरे परिवार के साथ दृष्टि ने अपने भाई सचिन शर्मा का स्वागत किया। इस तरह के पल किसी भी परिवार के लिए बहुत भावनात्मक भी होते हैं और यादगार भी। बहन की भाई को बधाई और भाई का बदले में समाज की निःस्वार्थ भाव से सदा सेवा करने का वचन रक्षाबंधन त्योहार आने से पहले ही स्वागत का यह दिन किसी बड़े पर्व से कम नहीं रहा। समारोह में विशेष रूप से पहुंचे सोहना सिटी एसएचओ उमेश शर्मा और पुलिस अधिकारी राजेश चेची ने भी सचिन शर्मा को आशीर्वाद दिया।

सचिन शर्मा ने अपने स्वागत से गदगद होकर यहां ग्रामीणों के बीच कहा कि वे सदा जनसेवा को अपना ध्येय मानेंगे। उनकी नजर में कोई छोटा-बड़ा नहीं होगा। बिना किसी दुर्भावना के वे अपने पद पर रहते हुए सर्व समाज के लोगों की मदद करेंगे। साथ ही उन्होंने बालूदा गांव के युवाओं का आह्वान किया कि वे जीवन में बड़ा सोचें और उसके लिए प्रयत्न करें। सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता। उनके द्वारा आईएएस पास करने से सिर्फ उनके पैतृक गांव जहाजगढ़ का ही नाम रोशन नहीं हुआ, बल्कि पूरे रिश्तेदारों, भाईचारा, गांव, ग्रामीणों, जिले और हरियाणा का नाम भी रोशन हुआ है। मेहनत के साथ सभी के आशीर्वाद से उन्होंने सफलता पाई है। इस अवसर पर गांव की तरफ से युवा आनंद यादव ने सचिन शर्मा का शाब्दिक स्वागत किया। इस समारोह में नवनिर्वाचित पार्षद बेदकलां का भी स्वागत किया गया। बेदकलां रिश्ते में सचिन शर्मा की दादी मामी हैं।

समारोह में देवदत्त एडवोकेट, ललित शर्मा, रामकुमार डीसी, दलेर यादव, बेदराम यादव, मलखान यादव, तेजपाल शर्मा, रूपचंद यादव, श्योचंद यादव, सूबे यादव, रोहित खटाना, मनोज यादव, योगेश यादव, जीत राम यादव, विजय नागर, शिशु पाल गौड़, विक्रम शर्मा समेत सेंकड़ों ग्रामीणों ने सचिन शर्मा का स्वागत किया।



गांव बालूदा में अपने स्वागत कार्यक्रम में डांस करते आईएएस बने सचिन शर्मा।

# लायंस क्लब पूरे माह चलाएगा मेघा पौधारोपण अभियान



रविवार को पौधारोपण करते लायंस कार्यकर्ता।

**अभियान में ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पौधों का सबसे ज्यादा रोपण होगा**

सोहना। सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना टाउन जुलाई के 31 दिन तक अलग-अलग स्थानों पर मेघा पौधारोपण अभियान चलाएगा। अभियान के दौरान ज्यादा आक्सीजन देने वाले पौधों का सबसे ज्यादा रोपण करेगा। रविवार को शहर के लायंस क्लब सोहना टाउन ने दमदमा मार्ग से लगता स्वर्ग आश्रम परिसर में मेघा पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। यह कार्य क्लब के नवनिर्वाचित प्रधान लायन अवतार सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

पहले दिन 100 पौधे जमीन और बड़े गमलों में लगाए गए। इस अवसर पर पर लायन नरेश खुराना, अनिल मौंगीया, राकेश संदूजा, बिजेन्द्र जैन आदि मौजूद थे। क्लब के प्रेस प्रवक्ता लायन सुरेश मदान ने बताया कि क्या पूरे जुलाई माह में 2500 से 3000 पौधे लगाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेघा पौधारोपण अभियान में शहर के सार्वजनिक स्थान, राजकीय स्कूल, धार्मिक स्थल पर किया जाएगा। जिसमें 60 से 70 फीसदी पौधे होंगे। ताकि भविष्य में ऑक्सीजन दे सकें। मदान ने बताया कि क्लब हर वर्ष पौधारोपण करता रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 4 जुलाई, 2022



# बीके: गर्भवती की जांच रिपोर्ट के लिए काटने पड़ रहे चक्कर

**कविता।** फरीदाबाद

**पेट** दर्द की शिकायत होने पर बीके अस्पताल के चक्कर काट रही गर्भवती महिला का तीसरे दिन सैम्पल लिया गया, लेकिन एक जांच नही हुई। जिस पर वह चौक पर मौजूद निजी प्रयोगशाला में पहुंची और सैम्पल देकर घर के लिए निकली तो उसकी हालत खराब हो गई।

आनन-फानन में उसकी मां ने एनएच पांच स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उसकी मां को रिपोर्ट लाने को कहा गया। गर्भवती की मां को आधी रिपोर्ट देकर मशीन खराब होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है। वह परेशान होकर लैब में पहुंची तो अवकाश के कारण कुछ पता नहीं चल सका।

### तीन दिन बीके के चक्कर काट गर्भवती एवं बुखार से पीड़िता की हालत हुई नाजुक

**लगाया आरोप :** सेक्टर- 30 निवासी महालक्ष्मी की मां ने बताया कि उसकी बेटी पांच माह की गर्भवती है। उसे पिछले करीब एक सप्ताह से बुखार है। वह महालक्ष्मी को 27 जून को बीके लेकर आई, लेकिन जहां चिकित्सक ने बुखार होने पर नौ नम्बर से आठ नम्बर में भेज दिया। लेकिन वहां उसे दवा देकर घर भेज दिया गया। अगले दिन महालक्ष्मी को पेट में दर्द और रातभर बुखार की शिकायत होने फिर ओपीडी में लेकर पहुंची, तो नौ नम्बर से फिर उसे


कार्ड पर लिखी वह जांच जो गर्भवती करने पहुंची थी प्रयोगशाला में।

फिजिशियन के पास भेज दिया गया। यहां से उसे टेस्ट करवाने को कहा। समय अधिक होने और रूम नम्बर 13


निजी अस्पताल में भर्ती गर्भवती की परेशान मां।

बंद हो गया था। अगले दिन यानी 29 जून को जांच करवाई, लेकिन सीबीसी जांच नही हुई। अस्पताल में सीबीसी जैसी सामान्य जांच न होने पर उन्हें बाहर से यह जांच करवानी पड़ी। जिससे महालक्ष्मी की हालत खराब हो गई। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि बच्चा नीचे हो गया है। आगे के इलाज के लिए जो जांच करवाई है, उसकी रिपोर्ट दिखाने को कहा।

तब से लेकर महालक्ष्मी की मां बीके अस्पताल की ओपीडी में चक्कर काट रही है। लेकिन उसे आधी रिपोर्ट ही मिल सकी है। उसे कर्मचारी हर बार मशीन खराब होने की बात कहकर लौटा रहे हैं। ऐसे में उसे महालक्ष्मी का इलाज करवाने में परेशानी हो रही है। उनका आरोप है कि यदि अस्पताल में उसकी ठीक से सुनवाई होती तो आज महालक्ष्मी को भर्ती करवाने की नौबत नहीं आती।

## 13 जुआरियों से 2.06 लाख रुपये बरामद

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने जुए के मुकदमे में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विशाल, राजकुमार, अमित, केशव, रमेश, मनोज, दीपक, आशीष, बुध सिंह, अभय, राजेश, समीर तथा रहीसुद्दीन का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी आरोपी फरीदाबाद के सारण गांव के रहने वाले आरोपी अमित के घर पर जुआ खेल रहे हैं।

# पड़ोसी की गलती का खामियाजा क्यों भुगते रिटायर्ड कर्नल : दुष्यंत चौटाला

### उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 19 शिकायतों में से 6 शिकायतों का किया निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर-12 कन्वेंशन हाल में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में शिकायतों का निपटारा करते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

**डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला ने सेक्टर-14 निवासी सेवानिवृत्त कर्नल वीके मलिक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एचएसवीपी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस पड़ोसी की गलती की वजह से बुजुर्ग कर्नल के मकान को नुकसान हुआ है। उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। जिन अधिकारियों ने मकान की एनओसी दी है, अगर वह दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ चार्ज सीट जारी की जाए।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार को सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डिप्टी सीएम एवं जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति के अध्यक्ष सीएम दुष्यंत चौटाला ने आई 19 शिकायतों में से छह शिकायतों का निपटारा किया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एक प्लाट धारक महिला की शिकायत पर बीपीटीपी के अधिकारियों को 300 वर्गगज का प्लाट देने के निर्देश दिए। महिला एकता देवी को 260 वर्ग गज के प्लाट की बजाए 225 वर्ग गज का प्लाट ही दिया गया था। वह अपनी फरियाद लेकर काफी समय से कंपनी अधिकारियों के पास चक्कर लगा रही थी। उन्होंने बीपीटीपी में करीब 400 फ्लैट धारकों की रजिस्ट्री में एनओसी की आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए उन्होंने एक माह का वक्त भी दिया। उन्होंने जिन विभागों ने तकनीकी कारणों से फायर एनओसी के लिए अप्लाई नहीं किया है उन विभागों को दो सप्ताह का और समय भी दिया। जबकि कई विभाग तो फायर एनओसी अप्लाई करके ले भी चुके हैं। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अन्यथा कानूनी कार्रवाई होगी।

बैठक में रखी गई 19 शिकायतों में से 6 को क्लोज किया गया है। बाकी 11 पेंडिंग शिकायतों में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की कमेटियां बनाकर रिपोर्ट करने के दिशा निर्देश दिए हैं। पेंडिंग रखी गई शिकायतों के लिए जिला स्तरीय कमेटी बनाकर उन कमेटियों को निर्देश दिए गए कि वे जिला लोक सम्पर्क एवं परिवार समिति की बैठक को अपनी रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। जिला लोक सम्पर्क एवं परिवार समिति की पहली शिकायत श्रीमती मीनाक्षी रावत, सहायक प्रोफेसर हिंदी, राजकीय महाविद्यालय द्वारा रखी गई। इस शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। दूसरी शिकायत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, फ़रीदाबाद से संबंधित है। तीसरी शिकायत चरण सिंह डागर की थी। उनकी शिकायत का मुख्य उद्देश्य भूजल को बचाना है। जिसको अलग अलग विभागों को सौपा गया और इस पर सुनिश्चित कारवाई कर समाधान निकालने को कहा गया है। इसी प्रकार चौथी शिकायत अजय कुमार बहैल की थी, उनकी गैरमौजूदगी में एक तरफा निपटारा कर दिया गया।

बैठक में विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, विधायक नीरज शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त जितेंद्र यादव, हुड्डा के प्रशासक जितेंद्र दहिया, एफएमडीए की सीईओ डॉ गरिमा मित्तल, एमसीएफ के अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीणा, सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन, समेत अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संयुक्त सचिव ने किया अमृत सरोवरों का निरीक्षण


जलशक्ति अभियान टू के नोडल अधिकारी एवं भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी श्रीनिवास दण्डा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी और जलशक्ति अभियान टू के नोडल अधिकारी श्रीनिवास दण्डा ने रविवार को गांव नरियाला, मोहना, गढखेड़ व अटाली में अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया। इस दौरान गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में जल शक्ति अभियान-2 का अधिकारी बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जनभागीदारी जरूरी है और यह जन भागीदारी फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं बेहतर

### ज्वाइंट सेक्रेटरी श्रीनिवास दण्डा का किया ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत

क्रियान्वयन सम्भव नहीं है। भारत सरकार के जलशक्ति अभियान टू के ज्वाइंट सेक्रेटरी श्रीनिवास दण्डा ने कहा कि जलशक्ति अभियान जलशक्ति अभियान टू के कार्यों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल करके वचनबधता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि बारिश के जल की संचित बूंद का उचित संरक्षण कर जल शक्ति अभियान टू को प्रभावी रूप से सफल बनाने में प्रशासन अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें।

## दीपक हत्याकांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एक सप्ताह पहले पुलिस चौकी एनआईटी-3 एरिया में लड़ाई झगड़े व मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई दीपक की मृत्यु के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगवेंद्र सिंह की टीम ने मामले में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जिसमें श्याम बाबू तथा संदीप का नाम शामिल है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अर्जुन उर्फ लाला है जो फरीदाबाद के तिलक नगर में बनी ऑटोपिन झुग्गी में रहता है। 26 जून की रात पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगडा हुआ था जिसमें आरोपी ने अपने 11-12 अन्य

### 26 जून की रात आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुआ था झगड़ा

साथियों के साथ मिलकर 35 वर्षीय दीपक पर किसी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला किया था, जिसमें पीड़ित को काफी चोटें आई थी, पीड़ित युवक सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट था जिसकी 28 जून को मृत्यु हो गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि दीपक का किसी बात को लेकर अपने पड़ोसियों से काफी समय से झगड़ा चल रहा था जिसके चलते इनकी आपस में रंजिश हो गई थी। इसी रंजिश के चलते 26 जून की रात दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया था।

## मुम्बई एक्सप्रेस वे के निर्माण में तेजी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बाईपास** रोड में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे बनाने का काम जिलों में काफी तेजी के साथ चल रहा है। यदि काम इसी तरफ रफ्तार से चलता रहा है तो इस हाइवे का निर्माण जल्दी ही पूरा हो जाएगा। बीपीटीपी चौक के पास एलिवेटिड रोड तैयार किया जा रहा है। इस जगह पर पिलर पहले ही बनाए जा चुके हैं। अब पिलर के ऊपर कैप लगाने के साथ ही कंक्रीट के आई गार्डर रखने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक बाईपास रोड को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के लिंक रोड के रुप में विकसित किया जा रहा है। रोड पर पड़ने वाले सभी मुख्य चौराहों पर अंडरपास व फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। इसके तहत बीपीटीपी पुल के पास लगभग 1700 मीटर लंबा एलिवेटिड रोड भी तैयार किया जा रहा है। इस एलिवेटिड रोड के लिए पिलर बनाने का काम


पिलर के ऊपर कैप लगाने के संग कंक्रीट के आई गार्डर रखने का काम शुरू होते हुए।

पहले ही पूरा हो चुका है। पिछले दिनों पिलर के ऊपर स्टील के गार्डर रखने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब इसके ऊपर कंक्रीट के आई गार्डर रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कंक्रीट के गार्डर फिक्स होने के बाद नीचे लगे हुए स्टील के गार्डर हटा दिए जाएंगे। यहां पर कुल 416 आई गार्डर रखने का काम किया जाना है। एलिवेटिड रोड ग्रेटर फरीदाबाद के लिए जाने वाले बड़ौली पुल को भी पार करेगा। बड़ौली पुल के भी अंडरपास बनाने का काम शुरू किया जा चुका है। एनएचएआई के डीजीएम धीरज ने बताया कि एक्सप्रेस वे के लिए जगह-जगह फ्लाईओवर व अंडरपास बनाने का काम तेजी से चल रहा है। बीपीटीपी चौक के पास बन रहे एलिवेटिड रोड पर भी गार्डर रखने का काम शुरू कर दिया गया है।

## साईधाम में 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टेम्पल सोसाइटी साईधाम फरीदाबाद के प्रांगण में 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया।


इस अवसर पर संस्था द्वारा विवाह के बंधन में बंधे 11 जोड़ों को घर-गृहस्थी के लिए हर प्रकार का घरेलू सामान जैसे बर्तन, कपड़े, बिस्तर, बैड, गैस चूल्हा, सिलाई मशीन इत्यादि दिया गया। शादियां संपन्न होने के बाद वर-वधु के सभी परिजनों के लिए भोजन व प्रसाद की व्यवस्था की गई। सभी दूल्हा दुल्हनों के परिजनों ने साईं धाम के इस आयोजन की हृदय से प्रशंसा की। सामूहिक विवाह एवं साई सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन अशोक कन्टूर, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी 3011 का स्वातगत अंगवस्त्र पहना कर किया गया।

# एमसीएफ के ऐप पर शिकायत करने पर हुआ समस्या का समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लकड़पुर** गांव के सीनियर सेकंडरी स्कूल के इंट्री गेट के सामने सीवर ओवरफ्लो की वजह से स्टूडेंट्स दुर्गंध के बीच पढ़ने को मजबूर थे। इस समस्या के समाधान के लिए न तो गांव के लोगों ने जहमत उठाई और न ही किसी अन्य व्यक्ति ने समाधान कराने का प्रयास किया। इस समस्या को देख रही स्कूल की टीचर राजेश रानी ने नगर निगम के ऐप पर शिकायत कर समस्या का समाधान कराया। इससे की स्टूडेंट्स के अलावा आम लोगों को आने-जाने में सहूलियत हुई है।

इस स्कूल में करीब 1038 स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं और यहां तक की इस स्कूल परिसर में चल रहे प्राथमिक पाठशाला को तो मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा दिया गया है।



स्कूल के सामने सीवर ओवरफ्लो की समस्या नगर निगम के ऐप पर दर्ज।

इस स्कूल के गेट के सामने ही अक्सर सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी रहती है। इससे की स्टूडेंट्स को आने-जाने में जहां दिक्कत होती है, वहीं स्कूल में दुर्गंध के कारण पढ़ना मुश्किल हो जाता है। टीचर्स भी इस समस्या से तंग थे, क्योंकि समस्या का समाधान कराने की ओर कोई ध्यान नहीं देता था। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार तो बुजुर्ग पानी जमा होने के कारण गिर गए। नगर निगम के कई कर्मचारियों को इस बारे में मौखिक रूप से अवगत कराया था।

कर्मचारी समस्या का समाधान करने के लिए बोलते थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। लेकिन जब स्कूल की अंग्रेजी टीचर राजेश रानी ने ग्रीष्मकालीन छुट्टियां समाप्त होने के बाद शनिवार को देखा कि ओवरफ्लो होने के कारण स्टूडेंट्स को आने-जाने में परेशानी हो रही है तो उन्होंने नगर निगम की ऐप पर शिकायत की। इससे की निगम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुपर शकर मशीन के माध्यम से सीवर जाम की समस्या का समाधान कराया।

## शिक्षकों के खाली 40 हजार पदों को भरने की मांग

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षकों पुन: सेवाओं पर रखने के फैसले को बेरोजगार नौजवानों के साथ धोखा बताया है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने शिक्षकों के खाली पड़े 40 हजार से ज्यादा पदों को पक्की भर्ती से भरने की मांग की है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने रविवार को यहां जारी बयान में बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के गठन और अग्निपथ योजना के बाद राज्य सरकार के रिटायर्ड शिक्षकों को पुन: नियुक्ति देने के फैसले से बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि अब सरकार पक्की नौकरी बंद करने जा रही है। सर्व कर्मचारी संघ ने कहा है कि अगर इस फैसले को लागू किया गया तो सकसं कर्मचारी निर्णायक आंदोलन का निर्माण करेगा।

# लघु नाटिका के माध्यम से दिया संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रविवार** को ग्लोबल कॉन्फेडरेशन ऑफ एनजीओ के दिशा-निर्देश पर मिशन जागृति की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के रूप में मनाया गया। मिशन जागृति के लोगों ने प्लास्टिक बैग के उपयोग को खत्म करने के मकसद से जागरूक किया और साथ ही कपड़े के बैग सेक्टर 21 मार्केट , ड़बुआ सब्जी मंडी , तिकोना पार्क, त्रिखा कालोनी बल्लभगढ़ और आदर्श नगर मे बांटे।

इस अवसर पर मिशन जागृति के लोगों ने प्रतिज्ञा भी दिलवाई की वो आगे से प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के बैग प्रयोग में लाएंगे। वहीं लोगों ने लघु नाटिका के माध्यम से भी लोगों को जागरुक किया। इस मुहिम की संयोजिका लता सिंघला ने बताया कि हम कपड़े के बैग अपने सेंटर पर तैयार


पॉलीथिन की जगह बैग देकर जागरुक करते एनजीओ की महिला सदस्य।

कर लोगों को बांटते हैं, ताकि लोग प्लास्टिक बैग से परहेज करें। इतना ही नहीं रोटरी क्लब ने तो उनके सेंटर में तैयार हुए बैग खरीदें हैं। इससे जहां महिलाएं स्वावलंबन बनेंगी, वहीं पर्यावरण संरक्षण भी अच्छा रहेगा। मिशन जागृति पाठशाला की संयोजिका संतोष अरोड़ा ने कहा कि हम इस्तेमाल करने के बाद बिना सोचे-समझे इन प्लास्टिक बैगों को फेंक देते है, जिससे यह विशाल कचरे के क्षेत्र में परिवर्तित हो जाते हैं और पशु भोजन के तलाश करते हुए इन स्थानो तक पहुंच जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नारी शक्ति बनेगी यमुना मुक्ति की युक्ति : डॉ.आरएन सिंह


सैनिक कालोनी स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार पर जलाभिषेक करते यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. आरएन सिंह, पूर्व मेयर सूबेदार सुमन व अन्य।

**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह के कुशल नेतृत्व एवं फरीदाबाद के प्रथम महापौर रहे सूबेदार सुमन के मार्गदर्शन में वरद चतुर्थी के पावन अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में यमुना जल जागृति यात्रा का आयोजन किया गया। देवभूमि उत्तराखंड के डाक पत्थर से लाए गए पवित्र यमुना जल एवं हरिद्वार, हरि की पौड़ी से लाए गए पवित्र गंगा जल के सम्मिश्रण से सैनिक कॉलोनी शिव मंदिर स्थित देवाधिदेव महादेव एवं समस्त शिव परिवार का भव्य रूद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर यमुनाजी की आरती युक्त कैलेंडर भी भेंट किए गए। यमुना जल जन जागृति यात्रा प्रथम महापौर सूबेदार सुमन के सैनिक कॉलोनी स्थित आवास से आरंभ होकर शिव मंदिर में देवाधिदेव महादेवजी एवं समस्त शिव परिवार के जलाभिषेक तथा पूजा अर्चना के उपरान्त सम्पन्न हुई। डॉ.आर एन सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यमुना जी की अविरलता एवं निर्मलता के इस महासमर में नारी शक्ति का जागरुक होना आवश्यक है। सम्पूर्ण प्राणीमात्र के व्यापक कल्याण हेतु नारी शक्ति यमुना मुक्ति की युक्ति बनेगी। इस अवसर पर सूबेदार सुमन ने कहा कि यमुना रक्षक दल के इस अभियान को योजनाबद्ध तरीके से तबतक चलाया जाएगा, जब तक यमुना जी अविरल एवं निर्मल नहीं हो जातीं। कार्यक्रम में इन्द्रजीत, अभिनव, सार्थक, इन्द्रावती देवी, उर्मिला देवी, जया, आईसा, सुहानी तथा फाउंडेशन फार एजूकेशन एण्ड ह्यूमन वेल्फेयर की पदाधिकारी नैना, पूजा, ऊषा, संगीता, ज्योति एवं अन्य महिलाए मुख्य रूप से सम्मिलित हुई।

### तीर्थस्थलों पर जाने का दौर यूं ही चलता रहेगा : गोयल

**फरीदाबाद।** पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने अपने कार्यालय से आज फिर बस द्वारा हरिद्वार तीर्थधाम के लिए मां गंगा मे स्नान के लिए यात्रियों से भरी बस को हरी झंडी दिखा रवाना किया। यात्रा पर जाने से पहले यात्रियों द्वारा मां गंगे की जयकारे लगाए गये। फरीदाबाद विधानसभा की भारत कॉलोनी से नि:शुल्क हरिद्वार तीर्थ यात्रा के लिए बस भेजी गयी है। इससे पहले भी विपुल गोयल हरियाणा सरकार मे बतौर मंत्री रहते हुए समय से ही लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। अब तक गोयल हजारों बसे तीर्थ यात्रियों के लिए नि:शुल्क भेज चुके हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा की तीर्थस्थलों पर जाने का दौर यूं ही चलता रहेगा। कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा। जिसका रजिस्ट्रेशन हुआ हो ओर जाये ना। पूर्व मंत्री ने कहा की आगे भी बस भेजने की सेवा निरंतर जारी रहेगी। इस बारे जब विपुल गोयल से बातचीत की तो उन्होंने बताया की फरीदाबाद क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और वे अपने जीवन काल में क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहेंगे और सभी लोग जो किसी भी कारण से किसी तीर्थ स्थान पर जाने में असमर्थ रहते हैं उन्हें अपनी तरफ से तीर्थ यात्रा करवाते रहेंगे। विपुल गोयल ने बताया कि जाने वाले तीर्थ यात्रियों को रहने खाने पीने का पूरा प्रबन्ध उनकी तरफ से ही रहता है ओर जो भी व्यक्ति तीर्थ स्थानों पर जाना चाहता है वो उनके कार्यालय मे निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। पूर्व मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा की किसी भी घर से दो व्यक्ति जा सकते है ओर जाने वालों की उम्र 18 साल से ज़्यादा होनी चाहिए। पूर्व मंत्री ने लोगों को भेजते हुए उनकी मंगल यात्रा की कामना की ओर लोगों से क्षेत्र की प्रगति ओर खुशहाली की कामना मां गंगा से करने के लिए कहा। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद नरेश नंबरदार, पं मुकेश शास्त्री, मनीष राघव, सुरेंद्र शर्मा बबली, कुलदीप सिंघल, मनीष तौमर, विजय पाराशर आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 5 दिवसीय मेगा इवेंट : 31वें दिन सूफी नाइट का आयोजन

**फरीदाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में आयोजित हो रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट के तहत शनिवार देर शाम सूफी नाइट का आयोजन किया गया। इस दौरान एआर मेजर द बैंड ने देशभक्ति व सूफी गीतों की प्रस्तुतियां देकर समां बांधने का काम किया। सूफी नाइट में अर्पित रंजन व उनकी टीम ने तेरी मिट्टी में मिल जावां, वंदे मातरम् गीत के साथ माहौल को देशभक्ति के रस से सरावोर कर दिया। इसके साथ ही कई गजल व सफी गीत गाए। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि 75 दिन तक चलने वाले इस इवेंट के 31 दिन शनिवार को पूरे हो गए हैं। नगर निगम व सर्वोदय फाउंडेशन के साथ मिलकर आयोजित किए जा रहे इस इवेंट के तहत हर वीकएंड पर बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और सप्ताह भर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इवेंट के तहत हम आजादी के अमृत महोत्सव का लोगो भी बनाएंगे। यह लोगो 75 हजार प्लास्टिक की बोतलों को रीसाइकिल करके बनाया जाएगा। अभी तक हम 40 हजार से अधिक बोतल इक्कठा कर चुके हैं। मौके पर अन्नू, नीतू, कुलदीप सिंह, तैयब आलम, संगीता नेगी, दिनेश कुमार के साथ सखी क्लब व वीर भारत ट्रस्ट के सदस्य मौजूद थे।

### सुभाष गोयल बने अग्रवाल सभा ओल्ड के पुन : प्रधान



**फरीदाबाद।** अग्रवाल सभा ओल्ड फरीदाबाद की हुए आज तीन वर्षीय कार्यकारिणी चुनाव मतदान में सुभाष चंद गोयल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों को शिकस्त देकर दोबारा प्रधान बन गए। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हुए मतदान में धर्मवीर गुप्ता भी भारी मतों से विजयी घोषित किए गए। यह जानकारी देते हुए निर्वाचन प्रभारी विष्णु गोयल ने बताया कि इसके अलावा प्रशांत गुप्ता उपाध्यक्ष, महेश सिंघल को महासचिव तथा महेश चंद गुप्ता को निर्विरोध कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। जबकि निर्वाचन प्रभारी विष्णु गोयल के साथ निर्वाचन मंडल में रविंद्र गोयल तथा प्रवीण चौधरी ने भी निर्वाचन में अपनी अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुभाष चन्द गोयल ने कहा कि अग्रवाल समाज ने उन पर जो भरोसा किया है उस विश्वास को वह हमेशा कायम रखेंगे तथा समाज के हित के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने सभी शहर के मौजूद लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वह अपना आशीर्वाद और मार्गदर्शन उन पर बनाए रखें ताकि वे समाज हित के लिए कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि अग्रवाल सभा के अंतर्गत चल रहे स्कूल को और आगे बढ़ाना, समाज द्वारा आयोजित विभिन्न त्योहार और जयंतियों पर सभी समाज के लोगों का सहयोग लेते हुए उन्हें और आनंदित बनाना उनका मु य कार्य होगा। इस अवसर पर संत गोपाल गुप्ता, मुकेश बंसल, दीपक गोयल, रविंद्र गोयल, जगदीश गोयल, चमन गुप्ता, नितिन सिघला सहित अनेक अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित थे।

### 35 डिग्री रहा फरीदाबाद शहर का तापमान

**फरीदाबाद।** जिलेवासियों को दो दिन पहले हुई बारिश के बाद से गर्मी से राहत मिल गई है, वहीं दूसरी तरफ सूरज की तपिश कम हो गई है और तापमान में भी गिरावट बनी हुई है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी से राहत मिलने के साथ ही लोगों को प्रदूषण से भी निजात मिल गई। जानकारी के मुताबिक जिले में पिछले तीन-चार दिनों से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। कभी बादल छा जाते हैं, तो कभी धूप निकल आती है। रविवार को मौसम लगभग साफ रहा। सुबह ही धूप निकल आई थी। दोपहर के समय हल्के बादल छाए और कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। रविवार को धूप में तपिश नहीं थी, जिसके चलते तापमान में गिरावट बनी रही। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार रविवार को फरीदाबाद का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 4 जुलाई, 2022



# भारत की योजना

## कश्मीर में जी-20 बैठक

**चीन** और पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में भारत द्वारा जी20 बैठक के प्रस्तावित आयोजन पर काफी शोर-शराबा मचा रहे हैं, लेकिन भारत को अपने दृष्टिकोण पर अडिग रहना चाहिए। बीजिंग नई दिल्ली को लगातार हर मुद्दे पर परेशान करता रहा है, फिर चाहे वह भारत द्वारा दलाईलामा व उनके अनुयाइयों का आतिथ्य या अरुणाचल प्रदेश को विवादास्पद बता कर उस पर हमारा दावा अस्वीकार करना, जबकि हम तिब्बत को चीन का 'अभिन्न' अंग तथा ताइवान को उसका प्रांत मानते हैं। वह भारत के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य बनने की राह में भी रोड़े अटकाता है। जम्मू कश्मीर में भारत द्वारा अगले साल जी20 बैठक करने के प्रस्ताव का चीन द्वारा विरोध इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। इसे खारिज किया जाना चाहिए तथा इसकी निन्दा होनी चाहिए क्योंकि यह इसी योग्य है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, 'हमने नवीनतम घटनाक्रम पर गौर किया है। कश्मीर पर चीन का दृष्टिकोण स्पष्ट है तथा निरंतर बना रहा है। कश्मीर मुद्दा अतीत से मिला विवाद है जिसका शांतिपूर्ण व समुचित समाधान निकाला जाना चाहिए।' भारत भी चाहता है कि कश्मीर मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान हो। यदि चीन अपने बयान के प्रति गंभीर है तो उसे इस काम में सहायता करनी चाहिए। वह अपने संरक्षक राज्य पाकिस्तान पर दबाव डाल कर उसे सीमापार से आतंकवाद बंद करने तथा भारत के साथ वार्ता शुरू करने के लिए कह सकता है। लेकिन वह ऐसा नहीं करेगा क्योंकि उसके तथा पाकिस्तान की सेना-जिहादी गठजोड़ के इरादे ठीक नहीं हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी या इस्लामाबाद व रावलपिंडी में शासन करने वाले राजनीतिक-सैनिक गठजोड़ की दिलचस्पी इस क्षेत्र में शांति व सौहार्द्र बनाए रखने की नहीं है।



चूंकि चीन नहीं चाहता है कि भारत जम्मू कश्मीर में जी20 बैठक आयोजित करे, इसलिए वह शिखर बैठक में सहभागिता के बारे में पुनर्विचार कर रहा है। झाओ ने कहा था, 'हम देखेंगे कि चीन इस बैठक में शामिल होगा या नहीं।' यह देखना दिलचस्प है कि उन्होंने प्रेस सम्मेलन में गंभीर अर्थ वाले वाक्य-'कश्मीर में पाकिस्तानी अधिकृत क्षेत्रों' का प्रयोग किया। यह कथन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर-पीओके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के बारे में पूछे एक सवाल पर आया था। लेकिन शायद यह क्षेत्र के विधिक स्वामित्व के बारे में चीन के दृष्टिकोण में परिवर्तन के बजाय जुबान फिसलने का मामला है। इस बीच पाकिस्तान ने अभी से जम्मू कश्मीर में भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन के कुछ आयोजन रखने के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अभियान छेड़ दिया है। पाकिस्तान ने इस बारे में तुर्किये और सऊदी अरब को सूचित किया है। नई दिल्ली को इस शोर-शराबे के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिसके प्रयास चीन व पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर में होने वाले आयोजनों के बारे में हो सकते हैं। पिछले दशकों में हमने काफी तुष्टीकरण किया है। उदाहरणार्थ, भारत ने पाकिस्तानी सेना के सिपाहियों के खिलाफ युद्ध अपराधों के आरोपों पर जोर नहीं दिया, जबकि वे हमारे कैदी थे। हम अब भी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलते हैं। चीन हमारे खिलाफ हर गंदी रणनीति प्रयोग करता है, वह हमारी घेरेबंदी के साथ दुष्ट देश-पाकिस्तान को हमारे खिलाफ खड़ा करता है, उसने गलवान में हमारे सैनिकों पर हमला किया था तथा वह हमारे बाजारों को अपनी वस्तुओं से पाटता है। इस पर हमारी क्या प्रतिक्रिया है? जब बीजिंग की आक्रामकता व षडयंत्र बहुत बढ़ गए तो भारत ने क्वाड के प्रति उत्साह दिखाया। लेकिन अब भी व्यवस्था, खासकर विदेश मंत्रालय में काफी नेहरूवादी हैं जिनके लिए गुटनिरपेक्षता विश्वास का मामला है, भले ही बार-बार यह सिद्ध हो चुका हो कि इससे राष्ट्रीय हितों को भयंकर नुकसान हुआ है। इस पृष्ठभूमि में यह देख कर खुशी होती है कि हमारी अवस्थापना में कुछ ऐसे लोग हैं जिनमें चीन की षडयंत्रकारी राजनीति के खिलाफ उठ कर खड़े होने की हिम्मत और उत्साह है।

# म्यांमार में गृहयुद्ध का खतरा

म्यांमार में सैनिक शासक के बढ़ते अत्याचारों के खिलाफ कुछ विद्रोही नस्ली संगठनों व सिविलियन जनसंख्या का प्रतिरोध बढ़ रहा है।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियरके सलाहकार संपादक हैं)

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद म्यांमार का घटनाक्रम वैश्विक विमर्श में केन्द्रीय स्थान से हट गया है। इस कारण सत्तारूढ़ सैनिक शासक द्वारा अपनी जनता के खिलाफ छेड़े क्रूर युद्ध पर पहले की तरह ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जनता लोकतंत्र की वापसी तथा अपनी नेता आंग सान सूकी व हिरासत में लिए अन्य लोगों की रिहाई की मांग कर रही है। 'म्यांमार्स असिस्टेंस असोसियेशन फार पालिटिकल प्रिजनर्स' द्वारा हाल ही में जारी बयान के अनुसार, सैनिक शासक ने 2,000 से अधिक नागरिकों की हत्यायें कराई हैं तथा 11,200 से अधिक लोगों को राजनीतिक कैदी बना लिया है। आंग सान सूकी के खिलाफ अभियोजन जारी है। म्यांमार में लोकतंत्र की प्रतीक इस नेता को आधा दर्जन मामलों में फंसाया गया है तथा जनता के लिए बंद कंगारू अदालतों ने उनको कुल 11 साल कैद की सजा दी है। उनके वकीलों को मीडिया को संबोधित करने पर प्रतिबंध लगा है। सूकी को हाल में अपने घर में गिरफ्तारी से हटा कर जेल में तनहाई में बंद किया गया है। जहां तक उनके खिलाफ दिए फर्जी फैसलों का सवाल है, इस कदम की व्यापक निन्दा हुई है। संयुक्त राष्ट्रसंघ महासचिव एंटोनियो गुटरेस के प्रवक्ता स्टीफान दुजारिक ने इसकी कठोर आलोचना की है।

हालांकि, इन सबका प्रमुख सैनिक शासक वरिष्ठ जनरल मिन आंग हिलांग पर कोई असर नहीं हुआ है जो म्यांमार की आधिकारिक रूप से जानी जाने वाली सेना टटमाडा के आतंकी शासन का नेतृत्व कर रहे हैं। सैनिक शासन के हटने के बाद ही स्थितियों में परिवर्तन होगा, लेकिन सवाल यह है कि इसमें कितना समय और लगेगा? सैनिक शासक या जुंटा का विरोध बढ़ रहा है। डा सूकी के नेतृत्व वाली पार्टी-नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी ने 16 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय एकता सरकार-एनयूजी की स्थापना की है। इसमें अनेक विद्रोही नस्ली संगठनों तथा छोटी पार्टियों के एक्टिविस्ट व प्रतिनिधि शामिल हैं। मई, 2021 में इसकी सशस्त्र शाखा-पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ का गठन भी हुआ है। 'द न्यूयार्क टाइम्स' में 6 जून, 2022 को प्रकाशित रिचर्ड सी. पैडोक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इसमें लड़ाकुओं की संख्या 60,000 है। पैडोक के दावे के अनुसार एनयूजी से संघर्ष के दौरान टटमाडा के कम से कम 14,890 सैनिक मारे गए हैं, जबकि उसे केवल 1,000 लड़ाकुओं का नुकसान हुआ है। हालांकि, टटमाडा हताहत सैनिकों की संख्या नहीं जारी करती है, पर गांवों को जलाने, तोपों से भयंकर गोलाबारी तथा सिविलियन ठिकानों के खिलाफ हवाई हमलों से स्पष्ट है कि उसे लड़ाई में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आमतौर से अनुमान लगाया जाता है कि टटमाडा में 3,00,000 से 3,50,000 सैनिक हैं।



लेकिन 24 फरवरी, 2022 को एशिया टाइम्स में प्रकाशित लेख में बर्टिल लिंटनर ने आस्ट्रेलिया के म्यांमार पर नजर रखने वाले तथा सैनिक मामलों के विशेषज्ञ एंड्रिउ सेल्ठ के संदर्भ से बताया है कि प्रमुख तत्व 'बावर्दी पुरुषों व महिलाओं की संख्या के बजाय, जुंटा के लड़ाकू सैनिकों का ज्यादा महत्व है' जो मैदान में युद्ध कर रहे हैं। उनके अनुसार,

> हमारे सामने एक ऐसा परिदृश्य है जिसमें सैनिक शासक तथा विपक्षी बल लगातार एक-दूसरे को हराने की स्थिति में नहीं हैं। इससे पूरा देश एक युद्ध क्षेत्र में बदल गया है जहां आर्थिक गतिविधियों में भारी बाधा आई है। इसके साथ ही राज्य द्वारा किए जा रहे दमन का मुकाबला करने के लिए छापामार व आतंकी हमलों की स्थितियां लगातार मजबूत हो रही हैं।


'अधिकांश अनुमान इनकी संख्या 1,00,000 से 1,20,000 के बीच बताते हैं।' यदि इसमें राष्ट्रीय पुलिस के अन्य 80,000 कर्मियों को भी शामिल कर लिया जाए तो भी यह संख्या विद्रोह कर रही जनसंख्या से निपटने के लिए बिल्कुल काफी नहीं है। जनता पूरे देश में सैनिक शासक के खिलाफ विद्रोह कर रही है और उसके अधिकांश लोगों ने हथियार उठा लिए हैं।

जहां तक हथियारों का सवाल है, लिटनर के अनुसार, '1989 के प्रारम्भ में तत्कालीन सैनिक शासक को स्टेट ला एंड आर्डर रिस्टोरेशन कौंसिल या स्लोर्क कहा जाता था। उसने नए व ज्यादा संवेदनशील सैनिक हथियार खरीदने पर एक बिलियन डालर से अधिक धनराशि खर्च की थी। लेकिन इनमें से अधिकांश का दुर्गम पहाड़ियों में विद्रोह-विरोधी कार्रवाइयों में ज्यादा प्रयोग नहीं हो सकता था जहां देशी नस्लें रहती हैं। हालांकि, हेलीकाप्टरों व विमानों से टटमाडा को सहायता मिली है, लेकिन जैसा कि वियतनाम तथा हाल ही में अफगानिस्तान ने दिखा दिया है, वे पराजय से बचने के लिए काफी नहीं हैं।' जहां तक युद्धक क्षमता का सवाल है, लिंटनर के अनुसार म्यांमार में लड़ाइयों में अनुभवी सैनिक मौजूद हैं जो कम्युनिस्ट पार्टी आफ बर्मा-सीपीबी, काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी-केआईए तथा करेन नेशनल आमी-केएनए के लड़ाकुओं के खिलाफ संघर्ष करते रहे हैं। लेकिन म्यांमारी सैनिकों की एक पीढ़ी को युद्धों का कोई अनुभव नहीं है क्योंकि टटमाडा ने 1980 के दशक में 20 से अधिक सशस्त्र नस्ली समूहों से संधि कर शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे। लिंटनर ने एक संदर्भ के हवाले से कहा है कि वे अपनी नई वर्दियों व बंदूको के साथ परेड करने के लिए तो बेहतर हैं, लेकिन वे लड़ाई में दक्ष नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि प्रशिक्षण व अनुभव की कमी के कारण उनका केआईए के छापामारों ने जून, 2011 में युद्धविराम टूटने के बाद बड़ी संख्या में सफाया कर दिया है। इस कारण टटमाडा को उनके खिलाफ लड़ रही पैदल सेना को वापस बुलाना पड़ा था और वह केवल भारी तोपों तथा हेलीकाप्टर गनशिप व विमानों द्वारा हमलों पर निर्भर रह गई थी।

टटमाडा के सैनिकों में उत्साह की कमी है और उनमें से अनेक लड़ाई से भाग गए हैं। लेकिन निकट भविष्य में विपक्षी सैनिक समूह द्वारा सैनिक शासन को सत्ता से हटाने की शक्ति पैदा करना संभव नहीं लगता है। उनकी संख्या कम है और इसके साथ ही उनके पास भारी तोपखाने, टैंकों व विमानों का अभाव। वर्तमान परिस्थितियों में उनके द्वारा इनको खरीदने की भी कोई संभावना नहीं है। इसके बिना वे मैदानों में बड़ी लड़ाइयों में विजय नहीं पा सकेंगे। हालांकि, टटमाडा लगातार बड़े क्षेत्रों से अपना नियंत्रण खोती जा रही है। वह अपने द्वारा नियुक्त गांव में वार्ड प्रशासकों की हत्या भी नहीं रोक पा रही है। लगभग रोज ऐसे एक प्रशासक की हत्या हो रही है। इससे एक खतरनाक संकेत मिलता है।

इस प्रकार हमारे सामने एक ऐसा परिदृश्य है जिसमें सैनिक शासक तथा विपक्षी बल लगातार एक-दूसरे को हराने की स्थिति में नहीं हैं। इससे पूरा देश एक युद्ध क्षेत्र में बदल गया है जहां आर्थिक गतिविधियों में भारी बाधा आई है। इसके साथ ही राज्य द्वारा किए जा रहे दमन का मुकाबला करने के लिए छापामार व आतंकी हमलों की स्थितियां लगातार मजबूत हो रही हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा सैनिक लड़ाई छोड़ कर भाग रहे हैं तथा अपनी ही जनता के खिलाफ युद्ध लड़ रहे टटमाडा के खिलाफ विरोध बढ़ता जा रहा है। समय बीतने के साथ सैनिक शासक के खिलाफ विरोध और तेज होगा।

# वैश्विक मिशन और लोकतांत्रिक संस्कृति



**सरदेंदु मुखर्जी**
(लेखक आईसीएचआर के सदस्य हैं)

वर्ष 1353 में, इंग्लैंड ने स्थानीय अदालतों के समक्ष संज्ञेय मामलों से जुड़े इंग्लैंड के बाहर के अधिकारियों के लिए सभी अपीलों को प्रतिबंधित करने के लिए प्रैमुनिअर की क़ानून को अधिनियमित किया था। इतिहास जानता है कि कैसे हेनरी (1509-1547) ने इस कानूनी उपाय का उपयोग पोप के नियंत्रण को समाप्त करने, अंग्रेजी राज्य की संप्रभुता स्थापित करने, मठों को भंग करने और सुधार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए किया था। राष्ट्रीय सीमाओं को पार करने वाले कई लोगों के लिए ये महत्वपूर्ण सबक हैं।

भारत के कई शहरों में सड़क हिंसा का चल रहा प्रदर्शन, रेलवे की गाड़ियों पर हमला, राजमार्गों पर नाकेबंदी, आग लगाने वाले बयानों और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं के खिलाफ शारीरिक हिंसा की धमकियों ने एक बार फिर सतह पर ला दिया है। भारतीय आबादी के बड़े हिस्से पर इस्लामी उम्माह का घातक प्रभाव। मूल रूप से हिंदू विरोधी धर्मनिरपेक्षतावादियों द्वारा दिए गए समर्थन ने उन्हें और मजबूत किया है। धर्मनिरपेक्षता, जैसा कि खिलाफत के दिनों से भारत में प्रचलित है, और स्वतंत्रता / विभाजन के बाद और अधिक सख्ती से, इसके प्रचार और कई बेतुकेपन, अप्रासंगिकता, अतिरिक्त-क्षेत्रीय वफादारी और धार्मिक रूप से स्वीकृत असहिष्णुता / विनाश के लिए जाना जाता है।

जो लोग दूसरों को गाली देते हैं और कथित ईशनिंदा के नाम पर लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हैं, उन्हें यह महसूस करना चाहिए कि ज्ञानोदय, उदारवाद, शासन की लोकतांत्रिक व्यवस्था के आगमन से बहुत पहले मध्य युग में जो आसानी से प्राप्त किया जा सकता था, वह नहीं है 21वीं सदी के भारत में संभव है। आदिम अतीत में रहना है या समय के साथ आगे बढ़ना है जैसा कि बाकी सभ्य दुनिया कर रही है, यह संबंधित समाजों को तय करना है। यह सच है कि कुछ राजनीतिक दल और राज्य सरकारें जिहादी संगठनों के पक्ष में रही हैं और उनके अत्याचारी धार्मिक-राजनीतिक उद्देश्यों के प्रति सहानुभूति प्रकट करती हैं। यह सच है कि इन कट्टरपंथियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 पर उनके अराजक व्यवहार के लिए वस्तुतः छोड़ दिया गया था। 2021 में चुनावों से पहले और बाद में पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर हिंसा के दोषी, जिसके परिणामस्वरूप कई हिंदुओं की हत्या और बलात्कार हुआ, अभी भी दण्डित नहीं रहते।




इसलिए, वे उत्साहित महसूस करते हैं।

हालांकि, इस्लामी उम्माह के उद्देश्यों के साथ आगे बढ़ने वाले लोगों के अस्वीकार्य आचरण पर विचार करने का समय आ गया है। तुर्की में कमल पाशा द्वारा खिलाफत को त्याग दिया गया था, लेकिन गांधी के कारण उन्हें एक नया जीवन मिला, जिससे केरल के हिंदुओं (मोपला, 1921) का नरसंहार हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद के पतन, विभाजन की ओर अग्रसर, हिंदुओं की अंतिम हार और इस्लामी उम्मा के लिए एक शानदार जीत को चिह्नित किया। जबकि पाकिस्तान ने अपनी हिंदू, बौद्ध, सिख आबादी की एक व्यवस्थित धार्मिक-जातीय सफाई की, भारत के धर्मनिरपेक्ष नेतृत्व ने जनसंख्या के किसी भी आदान-प्रदान की अनुमति नहीं दी। इस प्रकार मूल मुद्दा अनसुलझा रहा।

कश्मीर घाटी के हिंदू अपने ही देश में शरणार्थी बन गए। कुछ संवैधानिक प्रावधान, सच्चर आयोग की उदारता का क्रमिक विस्तार, अल्पसंख्यक आयोग और अड़ियल तत्वों की मदद करने की प्रथा ने हिंदू विरोधी तत्वों को मजबूत और पागल कर दिया है।

नेहरू-आज़ाद-नुरुल हसन-अर्जुन सिंह द्वारा बनाए गए शैक्षणिक पाठ्यक्रम ने इस मानसिकता को मजबूत किया है जो भारत को पीछे धकेलती है और इसकी नींव को नष्ट कर देती है। सामाजिक-विज्ञान/ऐतिहासिक अध्ययनों की भारी सफाई सबसे बड़ी हताहत है। सहस्राब्दी में हमारे संतों और संतों द्वारा बनाई गई उदार और रचनात्मक जगह, और बाद में बंकिम, स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, तिलक, श्री अरबिंदो, पौहारी बाबा, टैगोर और सावरकर जैसे लोगों द्वारा पोषित, जिन्होंने हमें विनाशकारी तत्वों के खिलाफ चेतावनी दी थी व्यवस्थित रूप से नष्ट किया जा रहा है। हमारा मीडिया और मनोरंजन उद्योग हिंदुओं के हाथों में है। इसलिए, निन्दा को परिभाषित करने के लिए तत्काल उपचारात्मक कानूनी सुधारों की आवश्यकता है, गैर-भारतीय विचारों को स्वीकार करने के लिए क्षमाशील दंड देना जो हमारी राजनीतिक-कानूनी व्यवस्था का उल्लंघन करते हैं और एक सतत जहरीला वातावरण बनाते हैं।

यह उच्च समय है कि उम्माह को समझाना पड़े, और फिर भारत में (और बाहर भी) उन सभी को मुआवजा देना चाहिए, जो अपने हजारों पवित्र स्थानों को मस्जिदों में बदल कर और उनके लाखों साथी नागरिकों को कृत्रिम अरब के साथ थोपते हुए बहुत अपमानित महसूस करते हैं। पहचान। फिर वक्फ संपत्ति का मामला है। उनका अपराध कई गुना बढ़ जाता है जब कोई उनके अमानवीय रिकॉर्ड में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और हमारी अपनी कश्मीर घाटी में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के नरसंहार को जोड़ता है। कौन सी विचारधारा इनकी व्याख्या करती है?

भारत को घेरने की कोशिश करने वाले सभी लोगों को यह समझना चाहिए कि हमारे लोग इसकी समृद्ध स्वदेशी सभ्यता की विरासतों और इसकी विशाल क्षमता के प्रति बहुत सचेत हैं। भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य है, और अनावश्यक बाहरी सलाह और हस्तक्षेप के बिना अपने स्वयं के पाठ्यक्रम को चार्टर करने के लिए आश्वस्त है! उम्माह के वैश्विक हितों का संचालन करने वाले, जैसे इस्लामिक देशों के संगठन, और कुछ अन्य देशों और उनके भारतीय एजेंटों को भारत से कार्रवाई/माफी मांगने की उचित सलाह दी जा सकती है कि उन्हें भारतीय धरती पर अक्षम्य बेअदबी के अपने स्वयं के रिकॉर्ड को देखना चाहिए। सदियों से। भारत की घायल सभ्यता को वैश्विक मिशन के नाम पर आतंकवादियों द्वारा अंतहीन निशाना नहीं बनाया जा सकता है!

## आप की बात

### प्रबल जन सुनवाई तंत्र

**भारत** देश के प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश की सुरक्षा के साथ देश की समृद्धि के लिये भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। विकास की पंच धाराएं यानी बच्चो को पढ़ाई, युवाओ को कमाई, बुजुर्गों को दवाई,किसानों की सिंचाई ,जनजन की सुनवाई पर बल दे रही है। प्रधानमंत्री ने सभी के लिये कार्य किया। लेकिन जनसुनवाई तन्त्र आज भी चिन्तनीय है। मेरे गांव मे कुछ लोगों ने शौचालय स्वच्छता मिशन के तहत बनवाया। जिसकी एक क़िस्त उन्हें मिली। दूसरी क़िस्त उन्हें नही मिली। वर्षो डीएम उन्नाव से सीएम तक शिकायत।कोई सुनवाई नही है। चित्रकूट के संयुक्त चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ परामर्श दाता डॉ दीपेंद्र सिंह की तैनाती 11 वर्ष पूर्व हुई थी। लीवर संक्रमण से बीमार चल रहे थे। वे पांच साल से अधिकारियों से तबादला करने के लिये स्वयं और उनकी पत्नी पत्र देकर अधिकारियों से कहती रही लेकिन उनका तबादला तब किया गया, जब वे मर गए और उनकी तेरहवीं के दिन उनका तबादला पत्र प्रयागराज होने का परिवार को प्राप्त हुआ। जबकि स्वास्थ्य महानिदेशक को 17 जून को ही उनकी मृत्यु की सूचना दी जा चुकी थी। यह है हमारा तन्त्र। मृत चिकित्सक का तबादला पत्र डॉक्टर्स डे पर भेजता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### मांग जायज़ है

**आज** कांग्रेस ने आम लोगों के रोजाना उपयोग से जुड़ी जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी दर बढ़ाने और उज्जवला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन पाने वाले करोड़ों लोगों को महंगाई के कारण अपना गैस सिलेंडर नहीं भरवा पाने के कारण सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रसोई गैस सिलेंडरों में लगातार हो रही भारी वृद्धि के कारण आज सरकार की कड़ी आलोचना की है। गैस सिलेंडरों के दामों में हो रही लगातार बढ़ोतरी के कारण आज सरकार ने करोड़ों महिलाओं को फिर से चूल्हा फूंकने को बाध्य कर दिया है। महंगाई को लेकर आज हमारे देश में दो भारत बन गए हैं जिसमें कुछ चुनिंदा लोग आज अमीर बनते जा रहे हैं वहीं दूसरी और करोड़ों लोग गरीब से गरीब बनते जा रहे हैं। आज रसोई गैस सिलेंडर एक गरीब महिला के लिए दूर की वस्तु होता जा रहा है रसोई गैस आज काफी महंगी हो गई है। उज्जवला योजना के तहत जिन जिन महिलाओं को आज मुफ्त गैस कनेक्शन मिले हैं वह अब इस बढ़ती महंगाई के कारण अपने गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रहे हैं। इस सरकार ने 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रारंभ की थी तब से लेकर आज तक लगातार तेज गति से गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते ही जा रहे हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### चरित्र के दोष पर पर्दा क्यों?

**कई** बार देश का नागरिक पशोपेश में पड़ जाता है। अभी माननीय न्यायाधीश जी की नूपुर शर्मा को लेकर टिप्पणी पर भी वैसी ही स्थिति बनी हुई है। सोशल मीडिया पर आक्रामक तेवर में जनता जनार्दन दिखाई पड़ रही है। और हो भी क्यों ना, एक़ महिला जो पहले ही माफ़ी मांग चुकी है, उसे जगह जगह तलब करके उसकी जान पर आफत लाने जैसा काम किया जा रहा है। जबकि इतिहास गवाह है कि ये मजहबी आतंकियों के चरित्र का दोष है, जिसे एक़ अबला पर अनावश्यक रूप से थोपा जा रहा है। दर्द पेट में है और मर्ज पैर में तलाशने जैसा काम किया जा रहा है, असल वजह मदरसों में गलत व्याख्या सिखाना, बताना और पढ़ाने की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता, केरल के गवर्नर आरिफ मोहम्मद साहब इस पर टिप्पणी भी कर चुके हैं। कच्ची उम्र में अगर बच्चों के कोमल मन पर गलत शिक्षा की छाप पड़ जाए तो आगे चलकर वो चरित्र बन जाती है। बस इन सब घटनाओं का कारण ये दुशचरित्र ही है जिसे अनावश्यक रूप से छुपाने के प्रयास बदस्तूर जारी हैं। पर अब जनता जागरूक है।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**औरंगाबाद** व उस्मानाबाद का नाम बदलना बाला साहेब का सपना था जिसे हमने पूरा किया है।

– **उद्धव ठाकरे**
शिवसेना नेता



**मैं** उद्धव जी को बताना चाहता हूं कि नाम बदले जा सकते हैं, पर इतिहास नहीं। आप बेईमान राजनेता का एक उदाहरण हैं।

– **इम्तियाज़ जलील**
एआईएमआईएम सांसद



**नाटो** के ढांचे में हमने सबसे बड़ी परंपरागत सेना तैयार की है।

– **ओलाफ़ शुल्ज़**
जर्मन चांसलर

# पर्यावरण बचाने के लिए प्लास्टिक को अपने जीवन से हटायें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त दिवस पर उप्र प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कॉन्क्लेव 2022 का आयोजन
- नगर विकास मंत्री ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए जनता का मांगा सहयोग
- प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल न होने से 500 वर्ष तक नष्ट नहीं होती: अरुण कुमार सक्सेना

**अन्तरराष्ट्रीय** प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त दिवस के अवसर पर उप्र प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कॉन्क्लेव 2022 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया जिसमें यूपी को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का संकल्प मंत्री से लेकर अधिकारियों ने लिया और साथ ही कई निकायों को प्लास्टिक एकत्रित करने के लिए सम्मानित भी किया गया। प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश में सिंगल यूज प्लास्टिक को 1 जुलाई पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

पूरे विश्व में प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग के कारण पर्यावरण असंतुलन के साथ जीव-जन्तुओं एवं मनुष्यों के जीवन को गंभीर संकट खड़ा हो गया है जिससे निपटने के लिए पूरी दुनिया में प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में इस संकट से निपटने के लिए प्रदेश सरकार पूरी रणनीति के साथ कार्य कर रही है और इस कॉन्क्लेव की थीम पर पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने लोगों को अपने दैनिक जीवन में इसे अपनाने की सीख देते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीर स्थिति के लिए हमारी अति आधुनिकता भी जिम्मेदार है। दुनिया में औद्योगिक क्रांति के बाद मशीनों का प्रयोग बढ़ाए नई-नई वस्तुओं का अविष्कार हुआ जिससे समाज आज चीजों को कम करना भूल गया। उन्होंने कहा कि प्रकृति में सम्पूर्ण चीजों का रिसाइकिलिंग होता है। प्लास्टिक का प्रयोग कर प्रकृति की रिसाइकिलिंग व्यवस्था पर व्यवधान न डालें। प्लास्टिक खतरनाक रासायन हाड्रोकार्बन व पेट्रो केमिकल्स से बनाया जाता है। इधर-उधर फेंकने से मिट्टी में मिल जाता है। पानी में बहकर नदियों व समुद्र तक पहुंच जाता है।




इस प्लास्टिक कचरे को गायों व अन्य जानवरों, मछलियों व अन्य जलीय जीवों द्वारा खाया जाता है जिसका दुष्प्रभाव मनुष्यों तक भी पहुंचता है। उन्होंने लोगों का अवाहन करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को अब अपने दैनिक जीवन से निकाल दें और प्लास्टिक के विकल्पों का प्रयोग करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध के लिए दैनिक शर्तों के साथ कुछ नयी शर्तों को जोड़ा जाए तथा नियमों को कठोरता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि हर अच्छे कार्य की शुरुआत हम सभी से होती है जिसकी शुरुआत हम सभी को अभी करनी है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगायी है। इसको जमीन पर उतारने के लिए हम सभी को सहयोग करना होगा। नगर विकास मंत्री द्वारा अभियान के दौरान 734 नगरीय निकायों द्वारा 5000 कुंटल प्लास्टिक इकट्ठा करने पर धन्यवाद दिया तथा अच्छा कार्य करने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ नगर निगम को सम्मानित किया। इसमें प्रथम स्थान लखनऊ, द्वितीय स्थान कानपुर नगर तथा तृतीय स्थान गाजियाबाद और आगरा को मिलाकर दिया गया।

इस कॉन्क्लेव में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की नवीन तकनीकों एवं प्लास्टिक के विकल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक के विभिन्न विकल्पों पर अनेक स्टार्ट-अप द्वारा प्रस्तुतीकरण भी किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा अरूण कुमार सक्सेना ने प्रदर्शनी में दर्शाय गये प्लास्टिक के विभिन्न विकल्पों की सरहाना की। साथ ही प्लास्टिक के दुष्प्रभाव मृदा का अनुपजाऊ होना, कृषि उत्पादन में कमी होना, नदियों और नालों में बहाव की समस्या आदि को बताया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल ने होने से 500 वर्ष तक यह नष्ट नहीं होता है और माइक्रो कण मिट्टी, पानी आदि में मिल जाता है और जीवन को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश में एक माह के भीतर ही प्लास्टिक के प्रयोग में कमी दिखेगी। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का विकल्प प्रयोग करने के साथ ही वृक्षारोपण के दिन पौधे लगाने की भी अपील की। डा रेगिना दूबें महानिदेशक जर्मन संघीय मंत्रालय तथा डा स्टीफन ग्राभेर प्रभारी जर्मन संघीय गणराज्य ने उत्तर प्रदेश प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कान्क्लेव 2022 के अन्तर्गत हुए कार्यों की सरहाना की। कार्यशला में तीन अलग-अलग सत्र हुए जिसमें विशेषज्ञों ने अपनी राय प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह, सचिव नगर विकास रंजन कुमार, निदेशक नगरीय निकाय नेहा शर्मा के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे। स्वच्छता एवं ग्रीन भारत शपथ बोर्ड पर सभी ने साइन कर प्रतिज्ञा ली।

## सीएम आज चार दिवसीय उप्र आम महोत्सव का करेंगे उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 4 दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2022 का उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव 4 से 7 जुलाई तक अवध शिल्पग्राम लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि आम महोत्सव के माध्यम से आम के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, निर्यात एवं गुणवत्ता में वृद्धि के सभी आयामों पर सम्बन्धित विभागों, अधिकारियों, वैज्ञानिकों द्वारा आम उत्पादकों के साथ विचार-विमर्श करते हुए उन्हें नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। महोत्सव में आम के प्रसंस्कृत उत्पाद एवं पौधे भी बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# लखनऊ सहित 59 शहरों के नये मास्टर प्लान तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तेजी** के साथ बढ़ती शहरी आबादी को देखते हुये राज्य सरकार बड़े शहरों के अलावा अब छोटे शहरों में भी मास्टर प्लान लागू करने जा रही है ताकि इनका सुनियोजित विकास हो सके। राज्य के 59 शहरों का अगले अगस्त माह तक मास्टर प्लान तैयार कराके इसे लागू कराने की तैयारी है। जिसके बाद इन शहरों में मास्टर प्लान के आधार पर ही नये निर्माण के लिए नई परियोजनाएं मंजूर होगी और विकास प्राधिकरण भवन निर्माण के नक्शें पास करेंगे।

विदित हो कि शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है। पुराने शहरों में जमीन कम पड़ रही है। नए क्षेत्रों में अधिकतर खेती की जमीनें हैं। इसके चलते मौजूदा हालात में निर्माण कराने को लेकर बाधा आ रही है। मास्टर प्लान बनने के बाद कम जमीन पर अधिक ऊंची ईमारतें बन सकेंगी। मिश्रित भू-उपयोग यानी नीचे व्यवसायिक और ऊपर आवासीय बनाने की अनुमति होगी। घनी आबादी में मुख्य सड़क वाली जमीनों पर व्यवसायिक करने की अनुमति भी होगी। इसे वर्ष 2031 की आबादी और जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है।

जिन शहरों के मास्टर प्लान तैयार हो रहे है उनमे राजधानी लखनऊ के अलावा मथुरा, रायबरेली, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बस्ती, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, मऊ, पीलीभीत, अमरोहा, चंदौसी, संभल, आगरा, फिरोजाबाद, कानपुर, शिकोहाबाद, उन्नाव, बदायूं, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, हाथरस, कासगंज, मैनपुरी व शाहजहांपुर शहर हैं। सीतापुर, बांदा, फतेहपुर, झांसी ललितपुर, औरैया, मिर्जापुर, प्रयागराज, रामनगर मुगलसराय, वाराणसी, बड़ौत, गाजियाबाद, हापुड़, लोनी, मोदीनगर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, गोंडा, जौनपुर, मेरठ, मुफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, सुल्तानपुर, अलीगढ़, बुलंदशहर, खुर्जा। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक जिन शहरों के मास्टर प्लान तैयार किये गये है उनमे कुछ तो ऐसे है जिनके मास्टर प्लान की समयसीमा बीत चुकी है जबकि कई छोटे ऐसे शहर भी है, जिनमे पहली बार मास्टर प्लान लागू होगा।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 4545 लोगों को मिला उपचार

- सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और




इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेला का कुल 4545 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1670 पुरुष, 2132 महिलायें और 743 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 83 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 185 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

## दस्तक अभियान 16 से, घर-घर पहुंचेगी मेडिकल टीम

**पायनियर सरकार सेवा।** लखनऊ

**संचारी** रोगों से निपटने के लिये योगी सरकार ने माइक्रो प्लान तैयार किया है। प्लान के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पहली जुलाई से 31 जुलाई तक और दस्तक अभियान 16 से 31 जुलाई तक चलाया जाना है। जिसमे हाई रिस्क क्षेत्रों और दस्तक अभियान के दौरान घर-घर टीमों के द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित क्षेत्रों में फॉगिंग की जाएगी। प्रदेश में 16 जुलाई से घर-घर दस्तक अभियान शुरू होगा और इसमें मेडिकल टीमें घर-घर जाकर संक्रामक रोगों से ग्रस्त मरीजों की पहचान करेंगी। इस टीम में आशा वर्कर के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहेंगे। टीम की मदद से रोगियों को चिन्हित कर उन्हें दवा दी जाएगी और जरूरी होने पर अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। अगर सर्वे के दौरान ऐसे मरीज मिलते हैं तो उनकी जांच कराई जाएगी। इसके अलावा अभियान मे कुपोषित बच्चों की जानकारी जुटाने का निर्देश भी दिया गया है। दस्तक अभियान के तहत टीबी के लक्षण वाले मरीजों को खोजकर उनकी जांच कराई जाएगी। इस अभियान को प्रभावी सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और कोविड प्रबंधन के दो सफल मॉडल पेश किए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मॉडल को संचारी रोग अभियान में भी महत्वपूर्ण बताया है। सीएम ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य जैसे वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित स्वच्छता और फॉगिंग अभियान को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने सूकर बाड़ों को आबादी से दूर व्यवस्थापित करने के साथ ही स्वच्छता और फॉगिंग पर विशेष जोर देने की बात कही। उन्होंने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए मलिन बस्तियों में साफ-सफाई, नियमित फॉगिंग, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने और क्लोरीन की गोलियां वितरित करने के आदेश दिए हैं।

## बैकडेट में फाइलें निपटाने वाले सीएमओ के खिलाफ डिप्टी सीएम ने तलब की रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्थानान्तरण** के बाद बैकडेट में फाइलों का निस्तारण करने वाले झांसी के पूर्व सीएमओ डॉ अनिल कुमार के खिलाफ डिपटी सीएम व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने स्वास्थ्य महानिदेशक व अपर निदेशक स्वास्थ्य से दो सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट देने को कहा है। आरोप है कि स्थानान्तरण के बाद निर्वतमान सीएमओ बैकडेट में कई अहम फाइलों का निस्तारण कर रहे थे।

पिछले दिनों शासन स्तर पर झांसी के सीएमओ डा. अनिल कुमार का स्थानान्तरण सहारनपुर में संयुक्त निदेशक चिकित्सा के पद पर कर दिया गया है। उनके स्थान पर महोबा सीएमओ डा सुधाकर पाण्डेय को भेजा गया है। बीते शुक्रवार को खबर आई कि सीएमओ द्वारा स्थानान्तरण के बाद बैक डेट में महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद उच्चाधिकारियों की टीम उनके आवास पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान टीम ने कई फाइलों को भी जब्त किया था।

आरोप है कि एक सेवा प्रदाता कम्पनी द्वारा उपलब्ध करायी गयीं नर्सेज की सेवा समाप्ति पर कोर्ट ने स्थगनादेश दे दिया था तथा फैसला आने तक सेवा बरकरार रखने को कहा था। आरोप है कि आज सेवा बरकरार रखने, पुराने लम्बित भुगतान आदेश सहित अन्य फाइलों का निस्तारण किया जा रहा था।

## भ्रष्टाचार में डूबी हुई है भाजपा सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। भाजपा राज में प्रदेश का किसान महंगाई और कर्ज के दुष्चक्र में फंस कर आत्महत्या करने पर विवश है। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत और शोषणकारी नीतियों ने किसानों और नौजवानों को बर्बाद कर दिया है। एक तरफ सत्ताधारी जीप से किसानों की कुचल कर हत्या की जा रही हैं तो दूसरी तरफभाजपा की सत्ता का भ्रष्टतंत्र किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि झांसी में खेत की नाप के लिए लेखपाल और कानूनगो द्वारा रिश्वत



मांगने से दुखी होकर किसान द्वारा आत्महत्या की घटना हृदयविदारक और शर्मनाक हैं। इस मामले में दोषियों के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### सपा नेता राम शरण दास को दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे स्वर्गीय राम शरण दास की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि राम शरण दास समाजवादी आन्दोलन के लिए समर्पित पार्टी के निष्ठावान नेता थे।

समाजवाद और पार्टी के प्रति उनका समर्पण हर नेता और कार्यकर्ता को प्रेरित करता है। राम शरण दास का समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। राम शरण दास जन आन्दोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। आपातकाल के दौरान उन्होंने जेल यातना सही थी। मुलायम सिंह यादव के मंत्रिमण्डल में वे गन्ना मंत्री रहे थे।

## मानसून अवधि में किसी भी दशा में नहीं होने दी जाएगी खनिजों की कमी: डा. रोशन जैकब

- खनन विभाग ने रिकॉर्ड मात्रा में किया बालू मोरम का भंडारण

**लखनऊ।** भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश की सचिव एवं निदेशक डा. रोशन जैकब ने कहा कि खनन विभाग द्वारा प्रदेश में रिकॉर्ड मात्रा में बालू और मोरम का भंडारण कराया गया है। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि में खनिजों की किसी भी दशा में कमी नहीं होने दी जाएगी और अब तक का सबसे अधिक भंडारण प्रदेश में किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में भंडारण किए जाने से उपभोक्ताओं को उचित रेट पर खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

प्रदेश में मानसून सीजन में खदानों में बालू एवं मौरम का खनन बाधित होने के बावजूद निर्माण कार्य हेतु उपखनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में बालू के भंडारण एवं बिक्री हेतु 201 लाइसेंस स्वीकृत किए गए हैं। इन लाइसेंसी के पास वर्तमान में 1772756 घन मीटर बालू बिक्री हेतु उपलब्ध है। मोरम के भंडारण एवं बिक्री हेतु 246 लाइसेंस स्वीकृत किए गए हैं, जिनके पास वर्तमान में 5473899 घन मीटर मोरम बिक्री हेतु उपलब्ध है। खनिज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा भण्डारण लाइसेंस धारकों के माध्यम से बालू एवं मोरम की बिक्री हेतु व्यवस्था की गयी है। कोई भी उपयोगकर्ता अपने जनपद से सम्बंधित भंडारण केंद्र के सम्बन्ध में सूचना पोर्टल एवं मोबाइल ऐप द्वारा कभी भी कहीं भी प्राप्त कर सकता है।


# वन महोत्सव में फिर नया रिकार्ड बनाने की तैयारी

- राज्यपाल कुकरैल और मुख्यमंत्री चित्रकूट में करेंगे पौधरोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार फिर एक नया रिकार्ड बनाने की तैयारी में है। यह रिकार्ड वन महोत्सव के पहले दिन यानी कि पांच जुलाई को 25 करोड़ पौध लगाने का होगा। प्रस्तावित लक्ष्य को आकार देने के लिये सरकार ने पूरा खाका खींच लिया है। सरकार के इस मिशन को जोश भरने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां चित्रकूट में मौजूद रहेंगे वही राज्यपाल आनंदी बेन पटेल लखनऊ के कुकरैल में पौधरोपण करेंगी। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक अयोध्या एवं प्रयागराज में पौधरोपण अभियान की अगुवाई करेंगे।

वन महोत्सव को जन आंदोलन का रूप देने के लिये हर मंडल में सरकार का कोई न कोई मंत्री मौजूद रहेगा। साथ ही सांसदों को भी जिला आवंटित कर इसके दायरे को और


सांकेतिक चित्र

बढ़ा दिया गया है। इसी मकसद से हर जगह इस महोत्सव से स्थानीय जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक, महापौर, नगर निकायों के अध्यक्ष, पार्षद, जिला एवं क्षेत्र पंचायत के अध्यक्ष, पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों के अलावा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं, सिविल सोसायटी, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, रोटरी, लायंस और किसान उत्पादक संगठनों से जुड़े लोगों के साथ पर्यावरण सेनानियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

पर्यावरण सेनानी में कृषक एवं प्रधानमंत्री सम्मान के लाभार्थी, गंगा प्रहरी, सशक्त बल, महिलाएं, दिव्यांग, कम आय समूह, दृष्टिबाधित, मनरेगा जॉब कार्ड धारक, स्वयं सहायता समूह, ग्राम स्तरीय एवं नगर विकास कर्मी, वनकर्मी, आदिवासी-वनवासी, सरकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लाभार्थी, शिक्षक-विद्यार्थी और महिलाएं शामिल हैं। इस दौरान कृषि जलवायु की अनुकूलता एवं स्थानीय मांग के अनुसार अलग-अलग प्रजातियों के पौध रोपण के साथ अमृत वन, नगर वन, खाद्य वन, शक्ति वन बाल वन, युवा वन, गंगा वन, स्मृति वाटिका, नक्षत्र वाटिका एवं पंचवटी की भी स्थापना होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही यह मंशा जता चुके हैं कि वर्षा काल में जो पौधरोपण हो वह संबंधित क्षेत्र के एग्रोक्लाइमेट जोन कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुसार हो। उनकी मंशा के अनुरूप अलग अलग जिलों के लिए चिन्हित 29 प्रजाति और 943 विरासत वृक्षों को केंद्र में रखकर पौधरोपण का अभियान चलेगा। इसमें राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के साथ पीपल, पाकड़, नीम, बेल, आंवला, आम, कटहल और सहजन जैसे औषधीय पौधों को वरीयता दी जाएगी। वन विभाग के अपर प्रमुख सचिव मनोज कुमार के अनुसार हमारी तैयारियां पूरी हैं। पौधरोपण की जगहें एवं प्रजातियां चिन्हित कर ली गई हैं। 35 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 46.49 करोड़ पौधे पौधशालाओं में उपलब्ध हैं। इनमें से 40.47 करोड़ तो सिर्फ वन विभाग की पौधशालाओं में हैं। स्टेट ऑफ फारेस्ट की रिपोर्ट 2021 के अनुसार उत्तर प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 9.23 फीसद हिस्से में वनावरण है। 2013 में यह 8.82 फीसद था। रिपोर्ट के अनुसार 2019 के दौरान कुल वनावरण एवं वृक्षावरण में 91 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। वर्ष 2030 तक सरकार ने इस रकबे को बढ़ाकर 15 फीसद करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार ने अगले पांच साल में 175 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा है। मिशन 35 करोड़ इसी की कड़ी है।

## सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक लाभकारी: वीरपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ग्रामीण** अभियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता वीरपाल सिंह राजपूत ने बताया ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा सड़कों के उच्चीकरण, मरम्मत आदि मे एफडीआर प्रणाली का अभिनव उपयोग किया जा रहा है। सड़कों के निर्माण में बड़ी एजेंसियों द्वारा भी अभी तक इस तकनीक को नहीं अपनाया गया है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने इसे एक नई चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए इस तकनीक को अपनाने का काम किया है। इस तकनीक से जहां सड़कें सामान्य परंपरागत तकनीक से बनाई गई सड़कों से कहीं अधिक टिकाऊ होंगी, वहीं इनकी निर्माण लागत भी अपेक्षाकृत कम होगी। यही नहीं इनके निर्माण में कार्बन उत्सर्जन में कमी होने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। गत वर्ष विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 9 सड़कों को लिया गया जिन पर अधिकांश काम हो गया है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने इस वर्ष 5500 किमी कार्य किया जायेगा, जिसकी शुरुआत भी कर दी गई है। इस वर्ष तकरीबन 5 हजार करोड़ से अधिक के कार्य इस तकनीक से होने हैं। इस तकनीक में कुछ सीमेंट में एक विशेष प्रकार के केमिकल को मिलाकर एक पर्त बिछाई जाती है और पुरानी बनी, लेकिन खराब हो चुकी सड़क की, एक विशेष प्रकार की मशीन से खुदाई करके उस सड़क की पुरानी गिट्टी, पत्थर आदि का उपयोग किया जाता है। अलग से पत्थर, गिट्टी आदि क्रय करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

# आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत 8 घायल

**संवाददाता।** रेउसा सीतापुर

● रेउसा थाना क्षेत्र में हुआ बड़ा हादसा मचा हड़कंप

**रेउसा थाना** क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की हुई मौत हो गई है और 8 लोग घायल हो गए हैंए थाना रेउसा क्षेत्र के सेमरा नगरुली गांव में खेत में धान लगा रहे पति.पत्नी पर आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर हुई मौतए वही गांव के ही नीरजए शिवराजए शिवरानीए खुशीराम हुए घायलए वही केवल पुरवा मजरा सेवता थाना के पेड़ के नीचे बैठे पिता और पुत्री पर बिजली गिरने से पिता की हुई मौतए पुत्री सालनी हुई घायलए जबकि थाना थानगांव क्षेत्र के सीपतपुर गांव में पेड़ के नीचे बैठे केसनए रामनाथए वीरेंद्रए मूलचंद्र व रामदेवी हुई घायलए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है इलाजए जहां वीरेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए किया गया जिला अस्पताल रेफरए मौके पर पहुंची थाना पुलिसए शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने के लिए भेजाए एसडीएम बिसवां ने आकाशीय बिजली गिरने से हुई मौत पर आर्थिक सहायता दिए जाने की बात कही।

# क्षेत्र में धधक रही हैं अवैध शराब की भट्ठियां

**संवादाता।** मछरेहटा सीतापुर

● कच्ची शराब पर मछरेहटा पुलिस का कोई नियंत्रण नही

● क्या मछरेहटा पुलिस बनवा रही कच्ची शराब

● क्षेत्र के कई गांवो में धधक रही कच्ची शराब की भट्टियां



**क्षेत्र** में कच्ची शराब बनाने वाले फलफूल रहे है पुलिस का कच्ची बनाने वालों से निराला रिश्ता है तभी नही हो रही कोई कार्यवाही ।मछरेहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कच्ची शराब की भट्टियां इस कदर धधक रही है लोग अपने घरों में कच्ची शराब का कारखाना तक लगाए है इससे हजारो लोग प्रभावित होते हों ।परन्तु मछरेहटा थाना अध्यक्ष राम प्रकाश का इन धधकती भट्टियों पर कोई अंकुश नही है । बाजारों में छुटपुट कच्ची शराब के पौव्वा जो पालीथिन में पैक होकर धड़ल्ले से बिक रहे है पुलिस यदि एक शराब बनाने वाले को कभी पकड़ पाती है तो उस पर कई लीटर शराब का चार्ज लगाकर उनको अधिनियम साठ के अंतर्गत कार्यवाही करती है कच्ची शराब के भरे हुए कैन थाने में पहले से ही रखे रहते है ।या उनमें पानी होता है या शराब जब भी कोई व्यक्ति शराब बेचते हुए कभी पुलिस पकड़ पाती है तो उनको या तो पच्चीस लीटर दिखा कर या फिर पचास लीटर दिखा कर थाने से ही मुचलका भर कर छोड़ दिया जाता है अब प्रश्न यह उठता है कि क्यो कभी भी मछरेहटा पुलिस धधकती हुई भट्टियां नही पकड़ पाती घ्क्या शराब माफियाओ से थाना अध्यक्ष राम प्रकाश को प्रेम है या फिर मछरेहटा पुलिस नाकाम है क्षेत्र में गंगापुर दुघरा गंज राजपुर हीरापुर पुरवा मसतिया लखनसेपुर बेरिहाना चांदपुर आदि गाँवो में बिना किसी डर के कच्ची शराब की भट्टियां धधक रही है क्या थाना प्रभारी राम प्रकाश इन पर अंकुश लगा पाएंगे क्या कभी भी मछरेहटा क्षेत्र अवैध शराब से मुक्त होगा क्या इस कच्ची शराब पर अंकुश के लिए पुलिस अधीक्षक घुले शुशील चन्द्रभान कोई अभियान चलाएंगे मछरेहटा क्षेत्र में कच्ची शराब का धंधा आखिर किस की शह पर पल बढ़ रहा है कच्ची शराब से मारने वालो कि संख्या क्षेत्र में बढ़ रही है इन अवैध शराब माफियाओ को अब कोई डर नही रह गया है ये सब ज्वलंत प्रश्नो के जवाब कब तक एक्शन लेंगे देखना होगा ।

## क्विक न्यूज

### सीतापुर में दुर्गंध से लोगों का जीना हुआ बेहाल

**सीतापुर।** सीतापुर से सटे चिड़ावा चिलौला हाईवे से सटी एक नमकीन फैक्ट्री का गंदा पानी इस समय लोगों के लिए समस्या बन कर खड़ा हुआ हैए कारण गंदे पानी से लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा हैए इस दुर्गंध से संक्रमण बढ़ने का भी खतरा मंडराने लगा हैए लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैंए राहगीरों को नाक बंद करके वहां से गुजरना पड़ रहा हैए नमकीन फैक्ट्री से निकलने वाला गंदा पानी का कोई स्थाई निकास न होने के कारण वह सड़क किनारे बने गड्ढों में गिराया गया हैए जिससे वहां से निकलने वाले राहगीरों को उसी गंदे पानी से आने वाली दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा हैए लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार तनिक भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैंए करीब 5 हजार से ज्यादा की आबादी वहां पर निवास करती है इसके बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह दिखाई दे रहे हैंए पायनियर ने जब वहां के रहने वाले नागरिकों से बात की तो उन्होंने कहां की इसी दुर्गंध से यहां से रोज निकलने को मजबूरण् यहां के निवासी राकेश यादव रिंकू राजेंदर ने इस दुर्गंध से निजात के लिए प्रशासन से गुहार लगाई

### पुलिस ने 3 गोवंश लदे कंटेनर किया बरामद

**थानगांव सीतापुर।** थानगांव पुलिस ने 3 गौवंश लादे एक बंद कंटेनर को बीती रात गस्त के दौरान बरामद किया है।जिस पर थानगांव पुलिस ने कंटेनर को सीज कर अज्ञात लोगों पर गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता का अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थानाअध्यक्ष थानगांव फूलचंद सरोज ने बताया कि.बीती रात वह मय हमराही गस्त कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि. थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गाँव में कुछ लोग एक बंद कंटेनर में गौवंश लाद रहे हैं।जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस को कंटेनर यूपी 83 टी 2819 में तीन गौवंश लदे मिले।जबकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके पर मौजूद लोग भागने में सफल हुए।पुलिस ने गौवंशो को मुक्त कराते हुए कंटेनर को थाने लाकर सीज कर दिया है।साथ ही अज्ञात लोगों के खिलाफगोवध निवारण अधिनियम ;3द्5द्6द्ध व पशु क्रूरता का अभियोग पंजीकृत कर दिया है।पुलिस घटना में संलिप्त लोगों की तलाश कर रही है।

### सनातन ब्राहमण समाज की हुई मासिक बैठक



**सीतापुर।** सनातन ब्राम्हण समाज सीतापुर की नियमित मासिक बैठक आज शिवशक्ति मन्दिरए नारायणनगरए सीतापुर में आहूत हुई।बैठक मण्डल अध्यक्ष रामदत्त मिश्र की अध्यक्षता तथा विश्वम्भर दयाल तिवारी के संरक्षकत्व में सम्पन्न हुई।बैठक में समाज के जिलाध्यक्ष पद हेतु कमलेश कुमार पांडेय तथा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष पद सेतु शिवाकान्ती मिश्रा प्रस्ताव आया जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने चयन प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया। चुनाव के बाद शिवाकान्ती मिश्रा जी ने ब्राह्मण समाज में व्याप्त उपजातीय ऊंच.नीच तथा दहेज की कुप्रथा पर चिन्ता व्यक्त की।नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय ने इन कुप्रथाओं को दूर करने सामुहिक उपनयन व विवाह संस्कार के माध्यम से अपने बच्चों के संस्कार सम्पन्न करने का सुझाव दिया।अपने समाज के सभी लोगों का समान सम्मान करने तथा पानएपुड़ियाए मांसएमदिरा से दूर रहने का आह्वान किया।उन्होने समाज की सभी समस्याओं का संगठन के माध्यम से यथाशीघ्र निवारण करने का आश्वासन दिया। बैठक में विशम्भर तिवारीए रामदत्त मिश्रए अजय मिश्रए अश्विनी मिश्र सभासदए सन्तोष मिश्रए अभिषेक बाजपेयीए बालकृष्ण शुक्ल शास्त्रीए शिवाकान्ती मिश्रए कृष्णविहारी मिश्रएअम्बुज दीक्षितए कैलाशनाथ शुक्लएसूर्यप्रकाश शुक्लएप्रमिला मिश्रा आदि सनातनी उपस्थित रहे।

# भाजपा संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं की कर रही हत्या: राजेन्द्र चौधरी

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**वरिष्ठ सपा नेता** एवं पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सुनियोजित रूप से देश के संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने और लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है लेकिन हम समाजवादी लोग देश में संघर्ष करके इसकी रक्षा करेंगे और 2024 देश और प्रदेश की जनता भाजपा को इसका जवाब देगी।

पारिवारिक मित्र एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के ख्यातिलब्ध प्रो0 डॉ0 रमेश दीक्षित के पैतृक आवास पर आम की दावत में राजनीति, शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र की कई हस्तियां जैसे पत्रकार मधुकर त्रिवेदी, मणीन्द्र मिश्रा, वंदना मिश्रा, अनुराग मिश्रा, मो0 इमरान, शाजिया फक्र, विधान परिषद सदस्य राजपाल कश्यप, पूजा शुक्ला, अतहर हुसैन, आईआईसीएफ सचिव मो0 राशिद के अलावा सपा जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा, राष्ट्रीय सचिव शराफत अली की उपस्थिति में सपा मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने मीडियाकर्मियों से वार्ता करते हुए कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने सपा को सरकार बनाने का जनादेश दिया था लेकिन भाजपा ने चुनाव में धांधली करके जनादेश को अपहरत कर लिया जिससे जनादेश का अपमान हुआ। उन्होंनें कहा कि भाजपा की सरकार में ना तो कानून व्यवस्था है और ना ही विकास। एक अराजकता की सी स्थिति है। भाजपा येन केन प्रकारेण सत्ता का लाभ लेना चाहती है। इसके लिए इसे ना लोकतंत्र की परवाह है ना संविधान और ना संवैधानिक संस्थाओं की। जबकि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र को बचाने में अपना पूर्ण योगदान दे रही है। एक प्रश्न के उत्तर में श्री चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा ने मतदाता सूचियों में बड़ी संख्या में एक वर्ग विशेष के मतदाताओं को विलोपित किया। अब आगे से ऐसा नहीं होगा।

इसके अलावा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हम मजबूत प्रयास कर रहे हैं तथा इसी क्रम में सपा और इसके फ्रंटल संगठनों को आज ही भंग कर दिया गया है। उन्होंनें जोर देकर कहा कि जिस प्रकार से 1977 में सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रधानमंत्री की हार के साथ साथ प्रदेश की सभी 85 सीटों पर कांग्रेस हारी थी। इसी प्रकार की स्थिति 2024 में होने जा रही है। पत्रकारों के उस प्रश्न पर जिसमें मुस्लिमों के एक पक्षीय मतदान के बावजूद सपा मुखिया के उपेक्षात्मक रवैये के संबंध में पूछा गया था। श्री चौधरी ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। सपा लगातार बोलती रही है और यह केवल भाजपा का एक दुषविचार एवं रणनीति है। आजम खां का पार्टी में बहुत सम्मान है और वे हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी में समाज के सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाता है और यह नीति जारी रहेगी। इस अवसर पर युवा सपा नेता अभिषेक दीक्षित एडवोकेट, राजू अंसारी, अकील अंसारी, कदीर पहलवान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बरेली में सीएचसी पर बिना डॉक्टर के कर देते है इलाज गार्ड लगा देता है इंजेक्शन

**संवाददाता।** बरेली

**स्वास्थ विभाग** में उड़ाई जा रही है सरकार के नियमों की धज्जियां । सरकार द्वारा सीएससी पर तैनात डॉक्टरों की लापरवाही सामने नजर आ रही हैं। जिला बरेली क्यारा सीएचसी पर एक मामला रविवार को सामने आया है । मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बरेली के क्यारा सीएचसी पर बिना डॉक्टर के कर देते हैं इलाज , गार्ड लगा देता है इंजेक्शन । थाना कैंट के गांव सिरसा निवासी अजय ने बताया मेरे भाई राजू पुत्र कल्लू के सीने में दर्द था । उसको लेकर सीएचसी क्यारा लेकर पहुंचे बहुत देर रोकने के बाद डॉक्टर नहीं मिले वहां पर एक महिला बैठी हुई थी। उन्होंने पर्चे में 4 इंजेक्शन लिख दिए और मरीज को एक इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन भी गार्ड ने लगाया। मरीज को बिना डॉक्टर के और बिना हस्ताक्षर के रेफर पर्चा बना दिया और उस पर दवा भी लिख दी 108 एंबुलेंस के द्वारा मरीज को जिला अस्पताल भेज दिया । बरेली जिला अस्पताल में 11 बजे पहुचे जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर को जब रेफर का पर्चा दिया तो डॉक्टर साहब ने बताया इस पर किसी के हस्ताक्षर नहीं है और रेफर पूरा भरा हुआ नही है ।डॉक्टर साहब ने पूछा मरीज के दवा लगा दी है क्या मरीज के परिवार वालों ने बताया मरीज के सिर्फ एक इंजेक्शन गार्ड ने लगाया है और पर्चा में 4 इंजेक्शन लिख दिए हैं। बरेली के सीएचसी पर मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है ना ही मरीज की कोई जांच करी ना ही डॉक्टर ने देखा।

# गैंगेस्टरों की 9.61 करोड़ रुपए की सम्पत्ति जब्त



**मोहम्मदी-खीरी।** पसगवां कोतवाली के क्षेत्र के ग्राम बरैची में जिला अधिकारी के आदेश के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत 9 करोड़ 61 लाख की अवैध चल-अचल सम्पत्ति जब्त की गई। जिसमें पांच थानों की पुलिस भी मौजूद रही। पसगवां कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सिंह मोहम्मदी कोतवाली अम्बर सिंह, पीएसी बल व एसडीएम मोहम्मदी पंकज श्रीवास्तव, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक आदि की चल-अचल संपत्ति कुर्क की गई है। इस गैंग का काम अपराधिक कार्यों में संलिप्त होकर सरकारी जमीनों और दूसरों की भूमि पर कब्जा करना और अपराधिक कृत्यों को करना है। इसमें महबूब खां, बाबू खां, दिलशाद, सरवर, तुफैल, मुन्ना, एजाज, सब्बन खां व सबीर खां अभियुक्त हैं। इनकी 9 करोड़ 61 लाख की चल अचल सम्पत्ति कुर्क की गई है। गांव मं ढोल नगाड़ा बजा कर मुनादी कराई गयी और कारवाई की गयी।

# अलग-अलग थाना पुलिस ने सात को पकड़ा

**संवाददाता।** लखीमपुर/मैलानी-खीरी




**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मैलानी पुलिस द्वारा तीन वारंटी अभियुक्तों रविन्द्र उर्फ कुन्दनू पुत्र परागीलाल निवासी कस्बा व थाना मैलानी, सितारूद्दीन पुत्र मुशी निवासी सुआबोझ थाना मैलानी तथा पप्पू पुत्र रामविलास निवासी पूरनपुर ग्रंट नं.-10 थाना मैलानी को गस्त व चेकिंग के दौरान नहर पुलिया तिराहा के पास बहद ग्राम मोतीपुर से एक अवैध तमंचा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पप्पू की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। तीनों अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजीव कुमार चौकी प्रभारी बांकेगंज, उप निरीक्षक कौशल किशोर, उप निरीक्षक अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी, आरक्षी जितेन्द्र कुमार चौरसिया, दीपक चन्द्रा व कांस्टेबल विकास कुमार शामिल रहे।

इसी तरह थाना पलिया पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान अभियुक्त अनमोल गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता निवासी मोहल्ला माहीगिरान कस्बा व थाना पलिया को एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा व अभय गोस्वामी पुत्र इन्द्रजीत गोस्वामी निवासी ग्राम मोहल्ला माहीगिरान-प्रथम कस्बा व थाना पलिया एक किलो 100 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। सुसंगतधाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों का चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह थाना पलिया, कांस्टेबल परीक्षित सैनी, कांस्टेबल रामदयाल राजपूत, कांस्टेबल जौनी कुमार, कांस्टेबल संदीप चौधरी व कांस्टेबल मंदीप शामिल रहे।

वहीं निघासन कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन वारंटी ओं को उनके घर से गिरफ्तार किया है वारंटी कमलेश पुत्र राजू निवासी बोटन पुरवा मजरा दौलतपुर पातराम पुत्र जगमोहन निवासी दुलही और मुन्नालाल पुत्र चौबे लाल निवासी परमोदापुर कोतवाली निघासन को गिरफ्तार करके नियमानुसार कार्य वाही करके न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा है। वारटीओ को गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक दीपक कुमार राय हैंड कांस्टेबल जयप्रकाश कांस्टेबल अमर कौशिक चौकी प्रभारी ढखेरवा हर्षित कुमार सिंह कांस्टेबल जयचंद्र कांस्टेबल नरेश गंगवार कांस्टेबल प्रेम किशोर शामिल रहे।

# चिकित्सा रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए जिले के रिटायर्ड एसीएमओ



**लखीमपुर खीरी।** कोविड पीक के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स को आईएमए द्वारा पुरस्कृत किया गया है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में लखीमपुर खीरी से रिटायर एसीएमओ डा. रविंद्र शर्मा को भी यहां पुरस्कृत किया गया है। उन्हें चिकित्सा रत्न अवार्ड दिया गया है जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर सहित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं है। डा. रविंद्र शर्मा ने बताया कि 2021 में लखीमपुर खीरी जिले में एसीएमओ के पद से रिटायर हुए हैं। उन्होंने 2020 और 2021 में कोविड लहर के दौरान जो जनसेवा की थी उसी का सम्मान उन्हें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रदेश के 100 डॉक्टर्स को यह पुरस्कार दिया गया है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार वाइफ चांसलर केजीएमयू डा. विपिन पुरी और एमएलए लखनऊ डा. नीरज बोरा द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि भले ही वह अब स्वास्थ्य विभाग से रिटायर हो गए हो परंतु आज भी वे एक डाक्टर की हैसियत से लगातार जनमानस की सेवा में लगे हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### परिवारवाद से...

दिए अपने संदेश को दोहराते हुए कहा कि उनमें सेवाभाव, संतुलन, समन्वय, सकारात्मकता, सद्भावना और संवाद के गुण होने चाहिए। दो दिनों तक यहां के हैदराबाद इंटरनेशनल कनवेंशन सेंटर में हुई भाजपा की राष्ट्रीय समिति के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और उसके सुशासन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की जमकर सराहना की गई। बैठक के दौरान भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा के बयान से पैदा हुए विवाद और उदयपुर में एक दर्जी की इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा की गई हत्या जैसे मुद्दों पर चर्चा तो नहीं हुई लेकिन शनिवार को पारित एक शोक प्रस्ताव में दर्जी कन्हैयालाल का उल्लेख जरूर किया गया। हैदराबाद को भाग्यनगर कहते हुए मोदी ने कहा कि हैदराबाद में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक भारत की नींव रखी थी, जिसको तोड़ने का बहुत प्रयास होता था।उन्होंने कहा, अब भाजपा के कंधों पर एक भारत से श्रेष्ठ भारत की यात्रा को पूरा करने का दायित्व है। मोदी ने कहा कि देश में जो कुछ भी अच्छा है, वह हर भारतवासी का है और भाजपा इसी पर दर्शन पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा, हमारी सोच लोकतांत्रिक है। तभी सरदार पटेल कांग्रेस के नेता थे, लेकिन उनकी विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी हमनें बनवाई। हमारी सोच लोकतांत्रिक है, इसीलिए जब हमनें प्रधानमंत्री संग्रहालय बनाया तो देश के सारे प्रधानमंत्रियों को उसमें स्थान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल कई राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को बचाने में लगे हुए हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को उन पर न तो हंसना चाहिए और न व्यंग्य करना चाहिए।

### अगले 30-40...

उपचुनावों में पार्टी को मिली जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भाजपा की विकास और बेहतर प्रदर्शन की राजनीति पर जनता की मुहर है। उन्होंने दक्षिण भारत को भाजपा के उभार के दौर का नया क्षेत्र बताया और कहा कि वर्तमान राजनीति में देश के विपक्षी दल बिखरे हुए हैं। विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर करारा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी में उसके ही सदस्य लोकतंत्र स्थापित करने के लिए लड़ रहे है लेकिन गांधी परिवार डर के कारण अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं करा रहा है।शाह के संबोधन से जुड़े अंशों को मीडिया से साझा करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। सरमा ने शाह के हवाले से कहा, सुरक्षित और समृद्ध भारत के लिए 30 से 40 साल तक देश में और राज्यों में भाजपा सरकार की आवश्यकता है।

### अल्पसंख्यकों में...

है और पसमांदा मुसलमानों जैसे सामाजिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के बीच पहुंच बनाने के भी प्रयास किए जाने चाहिए।पसमांदा मुसलमानों के नेता अक्सर दावा करते हैं कि अल्पसंख्यक आबादी में 80-85 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान हैं लेकिन अल्पसंख्यक नेताओं ने अल्पसंख्यकों के नाम पर जो विमर्श चलाया, वह वास्तव में उच्चवर्गी मुसलमानों का विमर्श है। पसमांदा से आशय पिछड़े या दबे-कुचले अल्पसंख्यकों से है। इस समाज के नेता कांग्रेस, समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते रहे हैं कि इन दलों ने उन्हें खूब ठगने का काम किया है।

### भाजपा के...

गया कि कुछ विधायकों ने पार्टी के निर्देशों का उल्लंघन किया है। महाराष्ट्र विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने के बाद भाजपा के राहुल नार्वेकर को सदन का अध्यक्ष चुना गया। नार्वेकर को 164 वोट मिले और उन्होंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना उम्मीदवार राजन साल्वी को शिकस्त दी, जिन्हें 107 वोट मिले। शिवसेना के सदन में 55 विधायक हैं। नए विधानसभा अध्यक्ष की घोषणा के बाद, जिरवाल ने सदन को सूचित किया कि उन्हें शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु (ठाकरे पक्ष के) से कुछ विधायकों के खिलाफ उनकी पार्टी के निर्देशों के कथित उल्लंघन के लिए एक पत्र मिला है।

### न्यायाधीश पारदीवाला...

की समीक्षा शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि वे न्यायिक अनुशासन की अवधारणा, बाध्यकारी मिसालों और न्यायिक विवेक की अंतर्निहित सीमाओं से भी अवगत नहीं हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, सोशल और डिजिटल मीडिया आजकल उनके निर्णयों के रचनात्मक आलोचनात्मक मूल्यांकन के बजाय मुख्य रूप से न्यायाधीशों के खिलाफ व्यक्तिगत राय व्यक्त करते हैं। यह न्यायिक संस्थानों को नुकसान पहुंचा रहा है और इसकी गरिमा को कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को सोशल मीडिया चर्चा में भाग नहीं लेना चाहिए, क्योंकि न्यायाधीश कभी अपनी जिह्वा से नहीं, बल्कि अपने निर्णयों के जरिए बोलते हैं।

### समाजवादी पार्टी...

यूपी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम को छोड़कर बाकी सभी पदाधिकारियों को हटाते हुए उनकी राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी भंग कर दी। माना जा रहा है कि पार्टी की सभी इकाइयां भंग करने बाद संगठन को एक बार फिर से मजबूती से खड़ा करने की तैयारी हो रही है।

### केबिन क्रू...

जवाब नहीं दिया। नागर विमानन मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, इंडिगो की 45.2 प्रतिशत घरेलू उड़ानें शनिवार को समय पर संचालित हुईं। इसकी तुलना में शनिवार को एअर इंडिया, स्पाइसजेट, विस्तारा, गो फर्स्ट और एअरएशिया इंडिया की क्रमश: 77.1 फीसदी, 80.4 फीसदी, 86.3 फीसदी, 88 फीसदी और 92.3 फीसदी उड़ानों का परिचालन समय पर हुआ। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोंजॉय दत्ता ने आठ अप्रैल को कर्मचारियों से एक ईमेल के जरिए कहा था कि वेतन बढ़ाना एक कठिन मुद्दा है, लेकिन एअरलाइन अपनी लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धी माहौल के आधार पर वेतन की लगातार समीक्षा और समायोजन करेगी। चार अप्रैल को इंडिगो ने कुछ पायलट निलंबित कर दिए थे, जो कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान की गई वेतन कटौती के विरोध में हड़ताल करने की योजना बना रहे थे।

### भारत का...

ने कहा कि अगर सौदा तय हो जाता है, तो यह विमान के अन्य संभावित खरीदारों को बहुत अच्छा संकेत देगा और इसकी समग्र निर्यात क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। माधवन ने कहा, बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। हम एकमात्र देश हैं, जो उन्हें एसयू-30 विमानों के साथ-साथ रूस के अलावा अन्य देशों के विमान के लिए सहयोग की पेशकश कर रहे हैं। हम उसके बेड़े के रखरखाव से जुड़ी हर जरूरत के लिए मलेशिया का सहयोग कर सकते हैं। यह पता चला है कि चीनी जेएफ-17 सस्ता था, लेकिन यह तेजस एमके-आईए संस्करण के तकनीकी मापदंडों और भारत द्वारा प्रस्तावित एसयू-30 बेड़े के रखरखाव की पेशकश से मुकाबला नहीं कर सका। खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए उच्च पदस्थ अधिकारियों और विशेषज्ञों की एक टीम के जल्द ही भारत आने की उम्मीद है।

### मणिपुर भूस्खलन...

अन्य लोगों का पता लगाने का प्रयास जारी है। सेना, असम राइफल्स, प्रादेशिक सेना, एसडीआरएफ और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तलाश अभियान में जुटे हैं। प्रवक्ता ने कहा, खराब मौसम के बावजूद तलाश अभियान जारी है। कल रात भारी बारिश हुई थी और भूस्खलन हुआ था। अब तक प्रादेशिक सेना के 13 कर्मियों और पांच आम लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रादेशिक सेना के सात कर्मियों के शव रविवार को उनके गृहनगर- पश्चिम बंगाल में बागडोगरा और कोलकाता तथा त्रिपुरा में अगरतला- भेज दिए गए हैं।

### उत्तराखंड के...

प्राकृतिक व संरक्षित आवासों के पास इसके व्यापक उपयोग और जंगली जानवरों के प्लास्टिक के अंतर्ग्रहण जोखिम को रेखांकित करने के साथ ही अपशिष्ट पृथक्करण प्रथाओं की कमी को उजागर करती है। शोधकर्ताओं टीम की सौम्या प्रसाद, नेचर साइंस इनेटेटिव, अनंत पांडे वन्यजीव संरक्षण सोसायटी, बेंगलुरु से और निराला रामचियार्य जेएनयू, दिल्ली ने कहा कि हम भारत में महत्वपूर्ण हाथियों के आवासों के आसपास प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने के लिए एक व्यापक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन रणनीति विकसित करने के लिए सिफारिश करती करते हैं।

### भारत ने...

पहल नेपाल-भारत विकास भागीदारी कार्यक्रम के तहत भारत सरकार की लंबे समय से चली आ रही परंपराओं में से एक रही है, ताकि स्वास्थ्य और शिक्षा में अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नेपाल सरकार के प्रयासों को बढ़ावा दिया जा सके। पौडेल ने नेपाल में जारी भारत की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सराहना की और कहा कि यह पहल लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए जारी रहेगी।

# जयपुर में कन्हैयालाल को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जन समुद्र

## ● भगवा झंडा थामे हजारों लोगों ने हत्यारों को फांसी देने की मांग की

**भाषा।** जयपुर

**उदयपुर** में मंगलवार को दर्जी कन्हैयालाल की बर्बर हत्या के विरोध में राजधानी जयपुर में रविवार को सर्व हिन्दू समाज की ओर से मौन रैली निकाली गई, इसके बाद स्टेच्यू सर्किल पर विशाल आमसभा हुई। उदयपुर में कन्हैयालाल की कुछ दिनों पहले दो व्यक्तियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। सभा को हिन्दू समाज के संत महात्माओं और समाज के वरिष्ठ बंधुओं ने संबोधित किया। सभा में कन्हैयालाल को श्रद्धांजलि देने के बाद लाउडस्पीकर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरोपियों को फांसी की सजा की मांग करते हुए हजारों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने भगवा झंडा हाथ में ले रखा था। साथ ही, उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर वंदे मातरम तथा भारत माता की जय के नारे लिखे हुए थे। सर्व हिन्दू समाज की हजारों की संख्या में भारी भीड़ को देखते हुए जयपुर पुलिस की ओर से एहतियात के तौर पर शहर के चप्पे-चप्पे पर करीब दो हजार से अधिक पुलिस के जवान तैनात किए गए। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी ड्रोन के जरिए निगरानी कर रहे थे। रैली में बड़ी संख्या में लोग दूर-दराज से भी जत्थों के रूप में नारे लगाते हुए पहुंचे और रैली में सम्मिलित हुए। लोगों ने हत्यारों को फांसी पर लटकाए जाने की मांग की। रैली को संबोधित करते वक्ताओं ने सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया।

वक्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार की तुष्टिकरण की नीति प्रदेश सरकार ने अपनाई है, उसके कारण राजस्थान में इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की नीति के कारण ही कन्हैयालाल की हत्या हुई। कन्हैयालाल ने पुलिस में अपनी सुरक्षा की मांग की, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान



परिस्थितियों में समाज चुप नहीं बैठेगा और राजस्थान को तालिबान नहीं बनने देगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी एक बुल्डोजर बाबा की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय नेता इंद्रेश कुमार ने कहा, इस प्रदर्शन को जनता की ओर से मिला भारी समर्थन दर्शाता है कि सनातन धर्म के लिए हिंदू जागृत और एकजुट है। राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी की नेता सुमन शर्मा ने कहा, देश किस चीज का इंतजार कर रहा है, मुझे समझ में नहीं आ रहा है। कानून की लंबी लड़ाई में न जाने कब न्याय होगा...। उन्होंने आरोपियों को तत्काल फांसी की सजा देने की मांग की। जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने कार्यक्रम में कहा, मैं इस घटना की घोर निंदा करता हूं और यह एक नृशंस हत्या है। इसका न्याय जल्द होना चाहिए। एक स्थानीय युवक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि हत्यारों को मौत की सजा मिलनी चाहिए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और आयोजकों को अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और ड्रोन के जरिए इलाके में कड़ी निगरानी रखी गई थी। उल्लेखनीय है कि हत्या के बाद पूरे राज्य में निषेधाज्ञा (सीआरपीसी की धारा 144) लागू कर दी गई है। मंच से पुलिस प्रशासन से अपील की गई कि सर्किल पर आने वाले लोगों को रोका नहीं जाएं। सूरजपोल से हीदा की मोरी,रामगंज में बैरिकेड्स लगाकर रास्ता रोका गया। वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रही। रैली में आए कुछ लोगों का आरोप था कि पुलिस ने अजमेर रोड पर भी कई लोगों को रोके रखा। पुलिस ने कई किलोमीटर पहले ही रास्ता रोक दिया, ताकि लोग आसानी से स्टैच्यू सर्किल पर नहीं पहुंच सके। पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, भाजपा विधायक अशोक लाहोटी, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# महासचिव का पद फिर से शुरू किया जाएगाः अन्नाद्रमुक

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम नेता नाथम आर. विश्वनाथन ने रविवार को यहां कहा कि पार्टी की 11 जुलाई को होने वाली आम परिषद की बैठक में पूर्व महासचिव का पुराना पद फिर से शुरू किया जाएगा और ई. के. पलानीस्वामी का इस सर्वोच्च पद पर निर्वाचित होना तय है। पूर्व मंत्री विश्वनाथन ने कहा कि महासचिव पद को सामान्य परिषद की बैठक में एक प्रस्ताव पारित करके बहाल किया जाएगा। पार्टी के संस्थापक एमजी रामचंद्रन और उनकी उत्तराधिकारी दिवंगत जे जयललिता के समय में महासचिव को पूर्ण अधिकार था। विश्वनाथन ने प्रतिद्वंद्वी नेता ओ पनीरसेल्वम के अनुयाई आर वैथिलिंगम पर आम परिषद की बैठक के संबंध में भ्रामक जानकारी फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वैथिलिंगम की जानकारी का खंडन करते हुए, विश्वनाथन ने कहा कि 11 जुलाई को होने वाली आम परिषद की बैठक कानूनी रूप से वैध और पार्टी नियमावली के अनुसार है। पलानीस्वामी के एक वफादार नेता विश्वनाथन ने कहा कि कानूनी रूप से वैध बैठक को कोई नहीं रोक सकता और जो भी प्रस्ताव पारित होने वाले हैं, वे लागू होंगे। अपने खेमे के इस रुख को दोहराया कि समन्वयक (पनीरसेल्वम) और संयुक्त समन्वयक (पलानीस्वामी) के पदों का अस्तित्व समाप्त हो गया है और पार्टी शीर्ष पद के लिए पलानीस्वामी के पक्ष में है। विश्वनाथन ने कहा कि पार्टी के 99 फीसदी पदाधिकारी और पार्टी कैडर पलानीस्वामी के साथ हैं और वे सभी चाहते हैं कि वह (पलानीस्वामी) सर्वोच्च नेता अर्थात महासचिव बनें। डिंडीगुल सी श्रीनिवासन, पी थंगमणि और एसपी वेलुमणि सहित कई पूर्व मंत्रियों के साथ शहर के बाहरी इलाके में एक मैरिज हॉल के विशाल परिसर में आम परिषद की बैठक आयोजित करने की तैयारियों की समीक्षा की।

# केमिस्ट हत्या मामलाः षडयंत्रकारी इरफान सात जुलाई तक पुलिस हिरासत में

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती की एक अदालत ने रविवार को केमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या मामले में कथित षडयंत्रकारी इरफान खान को सात जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। वहीं पुलिस अब उस एनजीओ के बैंक खातों की जांच कर रही है, जिसमें आरोपी एक निदेशक है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमरावती शहर के रहने वाले खान (35) को कोल्हे की हत्या के सिलसिले में शनिवार को नागपुर से गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी एक स्वयंसेवी संस्था रहबर का निदेशक है। पुलिस ने अब उसके बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है। राजस्थान के उदयपुर शहर में दर्जी कन्हैयालाल और अमरावती में केमिस्ट उमेश कोल्हे (54) की हत्याओं के बीच समानताएं हैं, क्योंकि उन दोनों ने भाजपा की पूर्व पदाधिकारी नुपुर शर्मा का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर संदेश डाले थे। पैगंबर मोहम्मद के बारे में टिप्पणी करने को लेकर भाजपा ने शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया था। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट किया था कि अमरावती मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गई है। अमरावती की पुलिस आयुक्त डॉ.आरती सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, मामले की जांच एनआईए को सौंपे जाने के संबंध में अब तक हमें कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। सोमवार तक हमें आदेश प्राप्त हो जाएगा, जिसके बाद हम जांच को औपचारिक रूप से केंद्रीय एजेंसी को सौंप देंगे क्योंकि प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं में कुछ समय लगता है। एनआईए दर्जी कन्हैयालाल की हत्या की भी जांच कर रही है।

कड़ी सुरक्षा के बीच अमरावती जिला एवं सत्र अदालत ले जाने से पहले, एनआईए की एक टीम ने रविवार सुबह शहर कोतवाली पुलिस थाने में खान से पूछताछ की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय अदालत ने खान को सात जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने छह अन्य लोगों मुदस्सर अहमद उर्फ सोनू रजा शेख इब्राहिम (22), शाहरुख पठान उर्फ बादशाह हिदायत खान (25), अब्दुल तौफीक उर्फ नानू शेख तस्लीम (24), शोएब खान उर्फ भूर्या साबिर खान (22), आतिब रशीद आदिल रशीद (22), डॉ यूसुफ खान बहादुर खान (44) को कोल्हे की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

शहर कोतवाली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि इनमें से चार आरोपी इरफान खान के दोस्त थे और उनके एनजीओ के लिए काम करते थे। इरफान पर कोल्हे की हत्या की साजिश रचने, अन्य आरोपियों को विशेष कार्य आवंटित करने और उन्हें वाहन और धनराशि उपलब्ध कराने का आरोप है। यूसुफ खान एक पशु चिकित्सक हैं और कोल्हे की पशुओं की दवाओं की दुकान थी। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कारोबारी संबंध थे। कोल्हे ने एक सोशल मीडिया मंच पर पशु चिकित्सकों का एक समूह (ग्रुप) बनाया था, जिसमें यूसुफ खान भी सदस्य था। कोल्हे ने एक सोशल मीडिया ग्रुप में संदेश डाले थे, जिसका यूसुफ खान भी एक सदस्य था। सोशल मीडिया ग्रुप पर नुपुर शर्मा का समर्थन करने वाले उसके पोस्ट ने गुस्सा भड़काया, जिसके बाद यूसुफ खान ने अपराध के लिए कथित तौर पर अन्य लोगों को उकसाया।

पुलिस जांच में पता चला है कि यूसुफ खान के कोल्हे के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध थे और यहां तक कि उनके अंतिम संस्कार में भी शामिल हुआ था। शुक्रवार रात युसूफ खान को गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, कोल्हे के भाई महेश ने मांग की कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में की जाए। महेश ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें उम्मीद नहीं थी कि सिर्फ एक समूह से दूसरे समूह में व्हाट्सएप संदेश भेजने से उमेश की हत्या हो जाएगी। अब जब एनआईए इस मामले की जांच कर रही है तो हमें न्याय की उम्मीद है। पुलिस उपायुक्त विक्रम सैली ने पहले कहा था कि हत्या की घटना कुछ उन संदेशों से संबद्ध है, जिसे कोल्हे ने नुपुर शर्मा का समर्थन करते हुए व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया था। मामले की जांच के लिए एनआईए की एक टीम शनिवार को अमरावती गई और रविवार को यहां शहर कोतवाली थाने में इरफान से

# शिवकुमार का कर्नाटक में सामूहिक नेतृत्व के तहत चुनाव लड़ने पर जोर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में अगले साल विधानसभा चुनाव के लिए सिद्धरमैया को कांग्रेस के मुख्यमंत्री प्रत्याशी के तौर पर पेश किए जाने के प्रयासों के बीच पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने रविवार को सामूहिक नेतृत्व पर जोर दिया। शिवकुमार ने कहा कि वह पार्टी में व्यक्ति विशेष आधारित गुट का समर्थन नहीं करते तथा उनके मन में इस तरह के गुट के प्रति कोई सम्मान नहीं है। मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी के तौर पर पेश किए जाने के आकांक्षी शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और निष्ठा का कोई सानी नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने रेखांकित किया कि जब उन्हें पूर्व में मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था, तो उन्होंने कोई असहमति व्यक्त नहीं की थी। शिवकुमार ने यह भी उल्लेख किया कि उनके नेतृत्व में पार्टी ने सत्ता में नहीं होने के बावजूद अपना जनाधार बढ़ाया है। कांग्रेस वर्ष 2013 से 2018 के बीच अपने बलबूते सत्ता में थी और उस समय सिद्धरमैया मुख्यमंत्री थे।

# असम में हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे दो लोगों की पुलिस गोलीबारी में मौत

**सिलचर (असम)।** असम के कछार जिले में हिरासत से कथित तौर पर भागने की कोशिश के दौरान पुलिस की गोलीबारी में दो आरोपियों की मौत हो गई। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कछार की पुलिस अधीक्षक रमनदीप कौर ने कहा कि दोनों आरोपियों में से कमरुल इस्लाम नामक एक आरोपी पर जबरन वसूली, अपहरण, डकैती और वाहन चोरी के मामलों में शामिल होने के गंभीर आरोप थे और वह जिले में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में शामिल था। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक अमरुल हुसैन नामक एक अन्य आरोपी पर भी डकैती संबंधी आरोप थे। पुलिस अधीक्षक ने घटना के क्रम के बारे में बताते हुए कहा कि सिलचर सदर थाने की एक टीम भूमि विवाद मामले में वांछित एक व्यक्ति की तलाश में थी। रमनदीप कौर ने कहा, टीम जोरबाट इलाके में एक वाहन से आरोपी को पकड़ने में कामयाब रही। कई मामलों में वांछित एक अपराधी सहित कमरुल इस्लाम और अमरुल हुसैन को भी उसी वाहन से गिरफ्तार किया गया।

इन तीनों को शनिवार रात पुलिस टीम दो वाहनों से सिलचर ला रही थी, तभी कमरुल इस्लाम और अमरुल हुसैन ने अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने की कोशिश की। पुलिस की एक टीम ने दोनों का पीछा किया और उन्हें रोकने के लिए गोलियां चलाईं। दोनों को शुरू में कलैन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मई 2021 में हिमंत बिस्व सरमा के असम का मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद से हिरासत से कथित तौर पर भागने के प्रयास के दौरान पुलिस की कार्रवाई में कम से कम 54 लोगों की मौत हो चुकी है और 139 घायल हुए हैं।




भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में हैदराबाद पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ अभिवादन करते हुए, साथ में अमित शाह व अन्य

# मेरा सिर शर्म से झुक जाता है : सिब्बल ने न्यायपालिका की स्थिति पर कहा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायपालिका की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि संस्था के कुछ सदस्यों ने हमें निराश किया है और हाल-फिलहाल में जो कुछ हुआ है उससे मेरा सिर शर्म से झुक जाता है। सिब्बल ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हाल के वर्षों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और उच्चतम न्यायालय द्वारा जिस प्रकार इसकी व्याख्या की गई है, उसे दुर्भाग्य से वह जगह नहीं मिली है, जो इसके लिए संवैधानिक रूप से अनुमत है। उन्होंने केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संस्थानों का गला घोंटकर वस्तुत: आपातकाल लागू कर दिया गया है और कानून के शासन का रोजाना उल्लंघन किया जा रहा है। सिब्बल ने कहा कि मौजूदा सरकार केवल कांग्रेस मुक्त भारत नहीं बल्कि विपक्ष मुक्त भारत चाहती है। ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा कि इससे अधिक चिंताजनक मुद्दा यह है कि न्यायपालिका के कुछ सदस्यों ने हमें निराश किया है। सिब्बल ने ब्रिटेन से फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, मैं जिस संस्था (न्यायपालिका) का 50 साल से हिस्सा हूं, उसके कुछ सदस्यों ने हमें निराश किया है। जो हुआ है, उससे मेरा सिर शर्म से झुक गया है। न्यायपालिका जब कानून के शासन के उल्लंघन को लेकर आंखें मूंद लेती है, तो हैरानी होती है कि कानून के शासन की रक्षा के लिए बनाई गई संस्था खुली आंखों से इसके उल्लंघन की अनुमति क्यों देती है। उन्होंने जुबैर की गिरफ्तारी और दिल्ली की एक अदालत द्वारा उनकी जमानत मंजूर नहीं किए जाने पर कहा कि चार साल पहले किए गए ऐसे ट्वीट के लिए व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना समझ से परे है जिसका कोई सांप्रदायिक प्रभाव नहीं हुआ।

सिब्बल ने कहा, इससे भी बड़ी बात है कि यह एहसास हो जाने के बाद कि गिरफ्तारी को बरकरार नहीं रखा जा सकता, जांच एजेंसी उन अन्य मामलों की जांच कर रही है, जिसका मूल गिरफ्तारी से कुछ लेना-देना नहीं है। हम जो देख रहे हैं, वह स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण गिरफ्तारी और उसके बाद विषय से असंबद्ध जांच है। जांच एजेंसियां अब पहले व्यक्ति को गिरफ्तार करती हैं, फिर जांच शुरू करती हैं कि उसने क्या उल्लंघन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए वे अन्य रिकॉर्ड तक पहुंच मांगती हैं और फिर अदालत में आकर आरोपी पर अन्य आरोप लगाती हैं, ताकि उसकी जमानत मंजूर न हो पाए। जकिया जाफरी मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले की कुछ वर्ग आलोचना कर रहे हैं। 2002 में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य को एसआईटी द्वारा दी गई क्लीन चिट को शीर्ष अदालत ने बरकरार रखा है। इस बारे में सिब्बल ने कहा कि वह जाफरी के वकील रहे हैं, इसलिए इस चरण में उनका इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। मैं आपसे यह कह सकता हूं कि हमने हाल में देखा है कि न्यायाधीश उन मामलों पर निष्कर्ष देते हैं, जिन पर उनके सामने बहस नहीं की गई, न्यायाधीश उन मामलों पर निष्कर्ष निकालते हैं, जिनके खिलाफ अपील नहीं की गई और कुछ न्यायाधीश स्पष्ट अवैधताओं की अनदेखी करते हैं और असंगत कार्यकारी कदमों को बरकरार रखते हैं। मैं किसी एक विषय पर टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन हाल में जो कुछ भी हुआ है, इस संस्था का हिस्सा होने के नाते, उसे देखकर मेरा सिर शर्म से झुक जाता है। जुबैर और कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की गिरफ्तारी पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय द्वारा चिंता व्यक्त किए जाने पर सिब्बल ने कहा कि भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निस्संदेह प्रभावित हो रही है, लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि लोगों को मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भारत की अदालतों पर भरोसा करना चाहिए। अब समय आ गया है कि कानून के शासन को लेकर प्रतिबद्ध न्यायाधीशों समेत इस पेशे और संस्था से जुड़े लोग आज की स्थिति के बारे में खुलकर, स्पष्ट और बिना डरे बात करें। पैगंबर मोहम्मद पर भाजपा की पूर्व पदाधिकारी नुपुर शर्मा की कथित विवादास्पद टिप्पणी का जिक्र करते हुए सिब्बल ने कहा, यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि नफरत चुनावी लाभ का एक जरिया बन गई है।

## क्विक न्यूज

### 40 हजार से अधिक ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन, पांच की मौत

**श्रीनगर।** इस साल अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है जबकि 40 हजार से अधिक श्रद्धालु दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यात्रा के चंदनवाड़ी-शेषनाग मार्ग से वीरेंद्र गुप्ता नाम का एक तीर्थयात्री लापता हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि पांच में से तीन लोगों की मौत हृदय गति रुक जाने के कारण हुई। दिल्ली के जय प्रकाश की चंदनवाड़ी में मौत हो गई, बरेली के देवेंद्र तायल (53) की निचली गुफा मे और बिहार के लिपो शर्मा (40) की काजीगुंड कैंप मे मौत हो गई। महाराष्ट्र के जगन्नाथ (61) की पिस्सू टॉप में अन्य स्वास्थ्य कारणों की वजह से मौत हो गई जबकि राजस्थान के आशु सिंह (46) की एमजी टॉप पर घोड़े से गिरने के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे तक 40,233 तीर्थयात्री गुफा में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग के दर्शन कर पूजा अर्चना कर चुके है। वार्षिक 43-दिवसीय अमरनाथ यात्रा 30 जून को दोनों आधार शिविरो - दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में नुनवान-पहलगाम मार्ग और मध्य कश्मीर के गांदरबल मे बालटाल मार्ग से शुरू हुई। यात्रा 11 अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर समाप्त होगी।

### पंजाब मंत्रिमंडल का आज होगा विस्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान चार जुलाई को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे और इस दौरान पांच विधायको को मंत्री बनाए जाने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने यहां बताया कि शपथ ग्रहण समारोह पंजाब राजभवन में सोमवार को शाम पांच बजे आयोजित होगा। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित मंत्रिमंडल में शामिल होने वालो को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा पंजाब मे सरकार बनाने के तीन महीने से ज्यादा समय बाद यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार होगा। पांच और मंत्रियो के शपथ लेने के बाद, मान के मंत्रिमंडल मे मंत्रियो की संख्या मुख्यमंत्री समेत 15 हो जाएगी। मंत्री पद के लिए जिन नामो की चर्चा चल रही है उनमे सुनाम से दो बार विधायक रह चुके अमन अरोड़ा, अमृतसर दक्षिण से विधायक डॉ इंदरबीर सिंह निज्जरअ खरड़ से विधायक अनमोल गगन मानअ गुरु हर सहाय से विधायक फौजा सिंहअ समाना सीट से विधायक चेतन सिंह जौरामाजराअ जगराओं से दो बार विधायक रही सर्वजीत कौर मनुकेअ तलवंडी साबो से विधायक बलजिंदर कौरअ और बुढलाडा से विधायक बुद्ध राम शामिल है।

### कुलपति की नियुक्ति के मुद्दे पर राज्यपाल की आलोचना की

**कोलकाता।** राज्य सरकार द्वारा संचालित विश्वविद्यालयो के कुलपतियों की नियुक्ति के अधिकार को लेकर खीचतान के बीच पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा है कि राज्यपाल जगदीप धनखड़ द्वारा रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के लिए एक कुलपति की एकतरफा ढंग से नियुक्ति किया जाना राज्य सरकार के फैसले के विपरीत है। धनखड़ ने रवींद्र भारती विश्वविद्यालय (आरबीयू) के नए कुलपति की नियुक्ति की थी, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। बसु ने कहा कि बंगाल विधानसभा द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को लेकर पारित एक विधेयक के मद्देनजर नियुक्ति प्रक्रिया की फिर से जांच करने संबंधी राज्य सरकार के फैसले से राज्यपाल को पिछले महीने अवगत कराया गया। उन्होने एक ट्वीट मे कहा कि विधेयक के पारित होने के मद्देनजर प्रस्ताव की फिर से जांच के संबंध मे 30 जून को एक विस्तृत बयान जारी किया गया था। बसु ने ट्वीट किया, 25 कुलपतियो की नियुक्ति के संबंध में- इस देश के प्रतएक नागरिक को मौजूदा अधिनियमो और नियमों के प्रावधानो का पालन करना होगा। माननीय कुलाधिपति ने 2019 के नियमो का पालन नही करने का निर्णय लिया है। उन्होने कहा, राज्य सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयो के सभी कुलपतियो को विश्वविद्यालयों के गठन अधिनियमो और 2019 के नियमो के मौजूदा प्रावधानो के अनुसार नियुक्त किया गया है।

### ममता बनर्जी के आवास में घुसने वाला गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दक्षिणी कोलकाता के कालीघाट स्थित आवास मे एक व्यक्ति अवैध रूप से प्रवेश कर गया और लगभग पूरी रात आवास मे ही छिपा रहा। रविवार सुबह सुरक्षाकर्मियो ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना के सामने आने के बाद मुख्यमंत्री के निजी आवास की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा हो गया है कि आरोपी कैसे इतने व्यापक सुरक्षा घेरे के बावजूद घर मे घुस गया और बिना किसी की जानकारी के पूरी रात आवास मे ही रहा। पुलिस ने कहा कि आरोपी एक दीवार पर चढ़कर हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित बनर्जी के आवास में शनिवार देर रात करीब एक बजे घुसा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति पूरी रात घर के एक कोने मे बैठा रहा और सुबह सुरक्षाकर्मियो की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने कालीघाट पुलिस थाने को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि अब तक यह साफ नही हो सका कि व्यक्ति ने अवैध रूप से मुख्यमंत्री के आवास मे प्रवेश क्यो किया? पुलिस के मुताबिक, आरोपी मानसिक रोगी जान पड़ रहा है।

# अरुणाचल में चीन से सटी सीमा पर बना रणनीतिक पुल बाढ़ में बह गया

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले में दो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने वाला एक पुल बाढ़ में बह गया। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत-चीन सीमा के नजदीक कोरोरू गांव के पास ओयोंग नदी पर बना पुल जिला मुख्यालय कोलोरिंग को दामिन से जोड़ता है। बीआरओ की परियोजना अरुणांक के मुख्य अभियंता ब्रिगेडियर अनिरुद्ध एस कंवर ने कहा कि ली से करीब एक किलोमीटर दूर कोलोरियांग-हुरी रोड पर बना पुल शनिवार को अचानक आई बाढ़ में बह गया। अरुणांक परियोजना के तहत 756 बीआरटीएफ की 119 सड़क निर्माण कंपनी (आरसीसी) द्वारा इसे बहाल करने के लिए सभी आवश्यक मानवशक्ति और मशीन को प्राथमिकता पर कार्य करने के लिए बुलाया गया है। 119 आरसीसी के कमांडिंग अधिकारी रोशन और प्लाटून कमांडर मेजर मोहित कुमार साइट पर काम कर रहे हैं।

# टीएमसी ने पारिवारिक शासन को खत्म करने के शाह के संकल्प का मजाक उड़ाया

**कोलकाता।** टीएमसी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस टिप्पणी का मजाक उड़ाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में पारिवारिक शासन को खत्म करेगी। पिछले साल विस चुनाव में लोगों ने भगवा खेमे की विभाजनकारी राजनीति को खारिज कर दिया था और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में आई। हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में अपने संबोधन में शाह ने वंशवाद, जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने का आह्वान किया। पार्टी तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में पारिवारिक शासनै को समाप्त करेगी तथा उन राज्यों में सरकारें बनाएगी जहां अब तक सत्ता उसकी पहुंच से बाहर है। शाह की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया में टीएमसी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा, अगर भाजपा खुद को आईना दिखाए तो उसे पता चलेगा कि वह वंशवाद की राजनीति को कैसे बढ़ावा दे रही है। इसने बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के पूरे अधिकारी परिवार- शुभेन्दु और उनके दो भाइयों को अपने पाले में शामिल कर लिया तथा अमित शाह ने अपनी जनसभा में शुभेन्दु के पिता शिशिर अधिकारी को आमंत्रित किया था। सिंधिया परिवार तथा कैलाश विजयवर्गीय के बेटे का क्या? तृणमूल कांग्रेस में ऐसा कुछ नहीं होता है।

## असम में मादक पदार्थों के 10 तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में दो महिलाओं समेत 10 लोगों को राज्य के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हेरोइन, गांजा और अन्य नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नगांव जिला पुलिस ने एक ट्वीट में यह बताया कि विशेष सूचना के आधार पर एक अभियान शुरू किया गया और जाजोरी पुलिस थाना क्षेत्र के तहत एक स्थान से मादक पदार्थों के दो तस्करों को पकड़ा गया। पुलिस ने उनके पास से 19.1 ग्राम हेरोइन भी बरामद की।



हादसा टला : पूर्वी चम्पारण जिले में रक्सौल में भेलवा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के इंजन में आग लगने के बाद धुआं निकलता हुआ।

# रूस का यूक्रेन के नियंत्रण वाले अंतिम गढ़ पर कब्जा करने का दावा





एपी। कीव

**रूस** के रक्षा मंत्री ने दावा किया है कि रूसी सेना ने रविवार को लुहांस्क प्रांत में यूक्रेन के नियंत्रण वाले अंतिम बड़े शहर पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि रूस इसके साथ ही यूक्रेन के पूरे डोनबास इलाके पर कब्जा करने के लक्ष्य के नजदीक पहुंच गया है। रक्षामंत्री सर्गेई शोइगू ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह जानकारी दी कि रूसी सैनिकों ने स्थानीय मिलिशिया के साथ मिलकर लिसिचांस्क शहर पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने तत्काल स्थिति स्पष्ट नहीं की है। यूक्रेन के सैनिक गत कई हफ्तों से लिसिचांस्क शहर को बचाने का प्रयास कर रहे थे और अब रूस के मुकाबले उनकी स्थिति कमजोर हो रही है जबकि पड़ोसी सिविएरोडोनेत्स्क पर एक हफ्ते पहले ही रूस का कब्जा हो चुका है। लुहांस्क के गवर्नर ने रविवार तड़के कहा था कि रूस की सेना यूक्रेन के लुहांस्क प्रांत में बचे आखिरी गढ़ पर कब्जा करने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं। गवर्नर सेरही हैदै ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के जरिए कहा, कब्जा करने वाले (रूस) ने अपने पूरे सैनिकों को लिसिचांस्क शहर की ओर भेज दिया है। रूसी सैनिक शहर में क्रूरता से हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रूस को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन रण क्षेत्र में वह बढ़त बनाए हुए हैं। रूसी सैनिकों की शहर में मौजूदगी बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि एक नदी लिसिचांस्क को सिविएरोडोनेत्स्क से अलग करती है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार ओलेक्सी एरेस्टोविच ने शनिवार देर रात ऑनलाइन माध्यम से दिए एक साक्षात्कार में कहा कि रूसी सेनाएं पहली बार नदी पार कर उत्तर से दाखिल होने में सफल रही हैं जिससे खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गई है। एरेस्टोविच ने कहा कि अभी वे (रूसी सैनिक) शहर के केंद्र तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन लिसिचांस्क की लड़ाई के रुख का फैसला सोमवार तक हो जाएगा। लुहांस्क और पड़ोसी दोनेत्स्क दो प्रांत है जो डोनबास क्षेत्र का निर्माण करते हैं। रूस उत्तरी यूक्रेन और कीव से इस वसंत ऋतु अपने सैनिकों को पीछे बुलाने के बाद इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। रूस समर्थक अलगाववादियों का दोनों प्रांतों के हिस्सों पर वर्ष 2014 से ही कब्जा है और मॉस्को ने लुहांस्क और दोनेत्स्क को संप्रभु गणराज्यों के तौर पर मान्यता दी है। सीरिया की सरकार ने भी बुधवार को कहा कि वह इन दो इलाकों को स्वतंत्र और संप्रभु क्षेत्र के तौर पर मान्यता देगी और राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए कार्य करेगी। रूस द्वारा कब्जे किए गए मेलीटोपोल शहर के निर्वासित महापौर वादिम ल्याखी ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन के रॉकेट ने शहर में चार रूसी सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। पश्चिमी रूस के बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर ने बताया कि रविवार को यूक्रेन की मिसाइल को रोकने के लिए दागी गई मिसाइल के टुकड़ों की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि कुर्स्क शहर में यूक्रेन के दो ड्रोन को मार गिराया गया।

## रूस ने अपनी ऑनलाइन गतिविधियों पर नकेल कसी, वैश्विक इंटरनेट को खतरा

**ब्लूमिंगटन ( अमेरिका )। कन्वरसेशन )** रूस द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से रूसी इंटरनेट उपयोगकर्ता डिजिटल नियंत्रण (डिजिटल आयरन कर्टेन) के बढ़ने का अनुभव कर रहे हैं। डिजिटल आयरन कर्टेन , सोशल मीडिया पर एक राजनीतिक, सैन्य और वैचारिक अवरोधक है जो किसी खास क्षेत्र या वर्ग से अलग कर देता है। रूसी प्राधिकारियों ने सभी प्रमुख विपक्षी समाचार साइट के साथ फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर तक पहुंच अवरुद्ध कर दी। फर्जी खबरों से निपटने के लिए नए कठोर कानूनों के तहत इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने यूक्रेन में रूस की कार्वाई के बारे में कथित तौर पर ऑनलाइन भ्रामक सूचना फैलाने के लिए प्रशासनिक और आपराधिक आरोपों का सामना किया। एआरबीएनबी से लेकर एप्पल तक प्रमुख पश्चिमी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने रूस में अपनी गतिविधियों को सीमित कर दिया। कई रूसियों ने युद्ध के पहले सप्ताह में प्रतिबंधित साइट और सेवाओं तक पहुंच बनाने की कोशिश करने के लिए वर्चुअल निजी नेटवर्क सॉफ्टवेयर डाउनलोड किया। अप्रैल के अंत तक 23 प्रतिशत रूसी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने अलग-अलग नियमितता के साथ वीपीएन का इस्तेमाल करने की सूचना दी थी। सरकारी मीडिया पर निगरानी रखने वाले रोस्कोमनाद्जोर लोगों को सरकार की सेंसरशिप का उल्लंघन करने से रोकने के लिए वीपीएन को ब्लॉक कर रही है और उसने जून 2022 में अपने प्रयास बढ़ा दिए।

## ब्रिटिश फिल्म निर्देशक पीटर ब्रुक का निधन

**लंदन।** दुनियाभर में प्रख्यात, ब्रिटिश रंगमंच और फिल्म निर्देशक पीटर ब्रुक का 97 साल की उम्र में निधन हो गया है। दो बार के टॉनी अवार्ड विजेता ब्रुक दशकों पहले फ्रांस में बस गए थे। उन्होंने अपने बेहतरीन रंगमंच कार्य के फिल्मी रूपांतर का निर्देशन वर्ष 1963 में लॉर्ड ऑफ द फाइल्स के नाम से किया था। ब्रुक के प्रकाशक निक हर्न बुक्स ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि वह अपने पीछे असाधरण कला विरासत छोड़ गए हैं। फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक ब्रुक का निधन शनिवार को पेरिस में हुआ। ब्रुक का जन्म 1925 में लंदन में हुआ था। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई की और किशोरवस्था में ही लंदन में पहले शो डॉक्टर फास्टस का निर्देशन किया। ब्रुक को सात दशक के उनके करियर के दौरान ओलिवर अवार्ड, एमी और इंटरनेशनल एमी अवार्ड से सम्मानित किया गया था। ब्रुक की पूरी दुनिया में ख्याति थी। उन्हें जापान ने प्रीमियम इम्पीरियल से और इटली ने प्रिक्स इटालिया सम्मान से नवाजा था। वर्ष 2019 में स्पेन की राजकुमारी ऑस्टुरियस ने उन्हें सम्मानित किया था।

## अमेरिका में वित्त वर्ष 2022 के दौरान नागरिकता प्राप्त करने वालों में भारतीय दूसरे स्थान पर

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में वित्त वर्ष 2022 के दौरान 15 जून तक 6,61,500 लोगों को नागरिकता दी गई और पहली तिमाही में देशीयकृत अमेरिकी नागरिकों के लिए जन्म के देश के तौर पर मेक्सिको के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) के निदेशक एम. जड्डू ने शुक्रवार को कहा, हमारे देश में ऐतिहासिक तौर पर, जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार तथा खुश रहने की स्वतंत्रता मिलने के कारण दुनियाभर से लाखों लोग अमेरिका में रहने आते हैं। वित्त वर्ष 2021 में यूएससीआईएस ने 8,55,000 नए अमेरिकी नागरिकों का स्वागत किया। एजेंसी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022 में यूएससीआईएस ने 15 जून तक 6,61,500 नए अमेरिकी नागरिकों का स्वागत किया। इसने कहा कि वह इस साल एक जुलाई से आठ जुलाई के बीच 140 से ज्यादा कार्यक्रमों के जरिए 6,600 नए नागरिकों का स्वागत कर स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। अमेरिका का स्वतंत्रता दिवस चार जुलाई को मनाया जाता है। देश के गृह सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 के दौरान पहली तिमाही में देशीकरण के माध्यम से नागरिकता प्राप्त करने वालों में से 34 प्रतिशत लोग मेक्सिको, भारत, फिलीपीन, क्यूबा और डोमिनिकन रिपब्लिक के थे। इनमें से मेक्सिको के 24,508 और भारत के 12,928 लोगों को नागरिकता दी गई।

## इजराइल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री याईर लापिड ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक की

**तेल अवीव।** इजराइल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री याईर लापिड ने पदभार संभालने के बाद रविवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता की और देश में जारी राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद एक काम करने वाली सरकार का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि इजराइल में राजनीतिक अस्थिरता के चलते चार साल में पांचवीं बार चुनाव होने जा रहे हैं। बैठक में लापिड, पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के नजदीक बैठे थे। उन्होंने चेतावनी दी कि इजराइल अपनी रक्षा के लिए कोई भी कदम उठा सकता है। लापिड के इस बयान से पहले इजराइल ने लेबनान के आतंकी संगठन हिज्बुल्ला के तीन मानवरहित विमानों को मार गिराया। लापिड ने पिछले साल हुए समझौते से बनी गठबंधन सरकार के तहत गत सप्ताह प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था। पहले बेनेट ने सरकार की अगुवाई की लेकिन कई सांसदों के साथ छोड़ने और अन्य कारणों से उन्हें पद से हटना पड़ा। इससे संसद खुद ही भंग हो गई जिससे नए चुनाव की जरूरत पड़ी और लापिड को सत्ता सौंप दी गई।

## अगले पांच साल घरेलू आवासीय क्षेत्र में होगी वृद्धि: पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस

### ● रेरा व जीएसटी जैसे सुधारों से आवासीय क्षेत्र में पारदर्शिता आई

भाषा। नई दिल्ली

**रेरा** और जीएसटी जैसे सुधारों से आवासीय क्षेत्र में पारदर्शिता आई है और कई वर्षों के अंतराल के बाद, घरेलू आवासीय क्षेत्र में अगले पांच वर्षों तक लगातार वृद्धि होगी तथा आवास ऋण देने वाली कंपनियां इस अवसर का फायदा उठाने के लिए तैयार हैं। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने अपनी सालाना रिपोर्ट 2021-22 में यह कहा। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस में प्रबंधन निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरदयाल प्रसाद ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण आई चुनौतियों को लेकर जुझारूपन दिखाया और इससे उबरते हुए वह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। प्रसाद ने कहा, कई वर्षों के अंतराल के बाद आवासीय रियल एस्टेट बाजार के अगले पांच वर्षों में वृद्धि करने का अनुमान है। आवास ऋण देने वाली कंपनियां इस अवसर क लाभ उठाएंगी। आज उपभोक्ता अपने निवेशों को लेकर अधिक आश्वस्त हैं और हमें भरोसा है कि आवास क्षेत्र में बहुत संभावना है।

### सात प्रमुख शहरों में अप्रैल-जून तिमाही में कार्यालय स्थल पट्टे पर लेने में आई 26 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल को पट्टे पर पर लेने में अप्रैल-जून के दौरान 26 फीसदी गिरावट आई और यह आंकड़ा 85 लाख वर्गफुट रहा। रियल एस्टेट परामर्शदाता कंपनी जेएलएल इंडिया ने यह कहा। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कुल 115.5 लाख वर्गफुट क्षेत्र को पट्टे पर लिया गया था। हालांकि पिछले वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के 29.8 लाख वर्गफुट के मुकाबले यह आंकड़ा करीब तीन गुना है। 2021 की अप्रैल-जून तिमाही में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के कारण कार्यालय की मांग में खासी गिरावट आई थी। जेएलएल ने कहा, समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कार्यालय स्थल पर निर्माण पूरा होने में देरी हुई, जो पट्टे में कमी की वजह हो सकता है। कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल-जून 2022 में बेंगलुरु में 41.2 लाख वर्गफुट कार्यालय स्थल को पट्टे पर लिया गया जो पिछले तिमाही के 16.7 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल की तुलना में कहीं अधिक है। पिछले वर्ष अप्रैल-जून के दौरान यहां 17.8 लाख वर्गफुट स्थल पट्टे पर लिए गए थे। चेन्नई में 5.3 लाख वर्गफुट कार्यालय स्थल पट्टे पर लिए गए जो जनवरी-मार्च तिमाही के 12.1 लाख वर्ग फुट से कम है। एक साल पहले समान अवधि में 1.1 लाख वर्गफुट स्थल किराए पर लिया गया था। दिल्ली-एनसीआर में अप्रैल-जून के दौरान 13.2 लाख वर्गफुट स्थल किराए पर लिया गया, जबकि इससे पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 13.4 लाख वर्गफुट था। हैदराबाद में अप्रैल-जून तिमाही में 7.5 लाख वर्गफुट स्थल किराए पर लिया गया, वहीं कोलकाता में 1.9 लाख वर्गफुट स्थल किराए पर लिया गया। मुंबई और पुणे में भी पट्टे पर कार्यालय स्थल लेने में तिमाही आधार पर गिरावट आई। जेएलएल ने कहा, समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कार्यालय स्थल पर निर्माण पूरा होने में देरी हुई, जो पट्टे में कमी की वजह हो सकता है।

## हिंदुस्तान मोटर्स अगले साल संयुक्त उद्यम के जरिए ला सकती है इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन

**कोलकाता।** अपने जमाने की मशहूर गाड़ी एम्बैसडर की विनिर्माता हिंदुस्तान मोटर्स अगले साल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक यूरोपीय भागीदार के साथ संयुक्त उद्यम में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन को बाजार में उतारने का विचार है। उन्होंने कहा कि कंपनी आने वक्त में इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहन भी बना सकती है।

## एनपीपीए ने 84 दवाओं के खुदरा दाम तय किए

**नई दिल्ली।** दवाओं की कीमत तय करने संबंधी नियामक एनपीपीए ने मधुमेह, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 84 दवाओं के लिए खुदरा कीमतें तय की हैं। राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने के लिए फॉर्मूलेशन की कीमतें भी तय की हैं। नियामक ने एक अधिसूचना में कहा कि दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 द्वारा मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एनपीपीए ने दवाओं की खुदरा कीमतें तय की हैं। आदेश के अनुसार, वोग्लिबोस और (एसआर) मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड की एक टैबलेट की कीमत जीएसटी को छोड़कर 10.47 रुपए होगी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Santosh Kumari Sharma W/o Ex. SGT G.M Sharma R/o H No.-527, Sector-37, Faridabad 121003, Haryana, declare that Santosh Kumari Sharma & Santosh Sharma both names are one and the same person. Now I, have changed my name from Santosh Kumari Sharma to Santosh Sharma. by Affidavit dated 24.06.2022 at Faridabad.

PD(90121)C

## खाद्य मंत्रियों का सम्मेलन पांच जुलाई को होगा

भाषा। नई दिल्ली

**राज्यों** के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रियों का यहां पांच जुलाई को राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और पोषण सुरक्षा में सुधार पर चर्चा होगी। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। खाद्य राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और अश्विनी कुमार चौबे भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुदृढ़ीकरण, खाद्य पदार्थों में विविधता लाना, फसल विविधीकरण, एकीकृत अन्न वितरण पोर्टल 2.0, पीडीएस और भंडारण क्षेत्र में सुधार पर चर्चा करना है। कुछ राज्यों में अपनाई जा रही सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को भी व्यापक रूप से प्रसारित करने के लिए उन्हें साझा किया जाएगा। यह सम्मेलन देश में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव लाने के उद्देश्य से सहकारी संघवाद की सच्ची भावना में निहित चुनौतियों तथा अवसरों को प्रतिबिंबित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) के तहत भारत की लक्षित उपभोक्ता केंद्रित सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम है। यह प्रणाली 5.33 लाख से अधिक उचित दर दुकानों के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से पूरे भारत में लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करता है।




प्लास्टिक विकल्प मेले में पॉलिथिन के थैलों के स्थान कपड़ों के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शित किया गया

## पीएलआई योजना के लिए नाइन का चयन

**मुंबई।** भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कपड़ा उद्योगों के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव (पीएलआई) योजना के लिए नाइन प्राइवेट लिमिटेड का चयन किया गया है। नाइन को वित्तीय क्षमताए प्रासंगिक अनुभव, तकनीकी क्षमताए निर्माण इकाई के स्थान आदि जैसे विभिन्न मानदंडों के आधार पर चुना गया था। नाइन ने एक व्यवहार्य उद्यम और प्रतिस्पर्धी कपड़ा उद्योग के निर्माण का समर्थन करने के इरादे से पीएलआई योजना के लिए आवेदन किया था। नाइन उच्च गुणवत्ता वाले सैनिटरी नैपकिन और बेबी डायपर बनाती हैए जिनका विपणन नाइन् श्छपपदमश् ब्रांड के तहत पूरे भारत में की जाती है। इस अवसर पर नाइन प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक अमर तुलसियान ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पीएलआई योजना के लिए चुने जाने पर हमें बेहद खुशी हो रही है। पिछले चार वर्षों मेंए हमारे व्यावसायिक तौर पर बाजार में जारी करने के बाद सेए हमने अपने प्रीमियम लेकिन किफ ायती उत्पादों के लिए मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की है। इस योजना के तहतए हमारी प्रतिबद्धता 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की है और हम इस निवेश के माध्यम से पीएलआई प्रोत्साहन के मानदंडों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आश्वस्त हैं।

## हरियाणा के सात जिलों में दलहन, तिलहन उगाने वाले किसानों को 4,000 रुपए प्रति एकड़ की सहायता

भाषा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने रविवार को कहा कि वह राज्य के सात जिलों में दलहन और तिलहन की फसल उगाने वाले किसानों को 4,000 रुपए प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता देगी। यह योजना दक्षिण हरियाणा के सात जिलों - झज्जर, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, हिसार और नूंह में किसानों के लिए खरीफ 2022 सत्र के दौरान लागू की जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को 4,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार किसानों की लागत कम करके उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। फसल विविधीकरण के प्रयासों के तहत दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है।

### एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक के विलय के प्रस्ताव को शेयर बाजारों की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी के एचडीएफसी बैंक के साथ विलय के प्रस्ताव को शेयर बाजारों की मंजूरी मिल गई है। यह देश के कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा लेनदेन है। एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक, दोनों को दोनों स्टॉक बाजारों से अनापत्ति मिल गई है। एचडीएफसी बैंक ने बताया कि उसे बीएसई लिमिटेड से किसी भी प्रतिकूल टिप्पणी के बिना अवलोकन पत्र और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड से अनापत्ति के साथ अवलोकन पत्र मिला है। एचडीएफसी बैंक ने कहा, यह योजना अन्य बातों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण और योजना में शामिल कंपनियों के संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों से मंजूरी सहित विभिन्न वैधानिक और नियामक अनुमोदनों के अधीन है। इससे पहले चार अप्रैल को देश की सबसे बड़ी आवास वित्त कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड का निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक में विलय का फैसला लिया गया था। करीब 40 अरब डॉलर के इस अधिग्रहण सौदे से वित्तीय सेवा क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी अस्तित्व में आएगी।

### लाल रंग का पीयर्स उगाकर सफलता की नई कहानी लिख रहे किसान

**भदरवाह ( जम्मू-कश्मीर )।** जम्मू-कश्मीर के भदरवाह के भारोवा, खालो और शनात्रा गांव जो किसी समय बार-बार सूखा पड़ने के कारण गरीबी की मार झेल रहे थे, वहां के किसानों ने बागबानी क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। यहां किसान इतालवी पीयर्स (लाल रंग का फल) की खेती करते हैं जिसका सालाना उत्पादन करीब 1.5 मीट्रिक टन है। इन इलाकों में बागबानी या फल उगाना किसानों के लिए आजीविका के एक अच्छे विकल्प के रूप में उभरा है। जबकि चेनाब घाटी क्षेत्र के अन्य इलाकों में किसान फलों के बजाए मुख्य रूप से मक्का, धान जैसी फसल उगाने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इसकी शुरुआत करीब दो दशक पहले हुई थी जब भरोवा गांव के हाजी मोहम्मद शफी शेख ने मक्का के बजाए अपनी पांच एकड़ भूमि में बागबानी करने का फैसला किया। उन्होंने बताया, मैंने 2002 में परंपरागत मक्का बुवाई के बजाए बागबानी करना शुरू किया। शुरू के चार साल बड़ी कठिनाईयां आईं लेकिन धीरे-धीरे आय साल के 20,000 रुपए से बढ़कर 25 लाख रुपए प्रतिवर्ष हो गई।

## प्रहलाद जोशी छह दिन की ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर

### ● महत्वपूर्ण खनिजों में संयुक्त निवेश संभावनाओं पर होगा ध्यान

भाषा। नई दिल्ली

**कोयला** एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी की ऑस्ट्रेलिया की छह दिन की यात्रा रविवार को शुरू हुई। दरअसल भारत रणनीतिक रूप से अहम खनिजों के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी मजबूत करना चाहता है, जो स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। खान मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि इस छह दिन की यात्रा में जोशी ऑस्ट्रेलिया के कई मंत्रियों और अधिकारियों तथा उद्योग संगठनों से मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि एंथनी अल्बनीज सरकार बनने के बाद संसाधन एवं उत्तर ऑस्ट्रेलिया के मंत्री मादेलेइन किंग की जोशी से यह पहली मुलाकात है। इस दौरे में लीथियम और कोबाल्ट परियोजनाओं में संयुक्त निवेश संभावनाओं पर बात होगी।

### सीतारमण नगालैंड में सीएसआर सम्मेलन में भाग लेंगी

**कोहिमा।** नगालैंड सरकार अपने निवेश एवं विकास प्राधिकरण के जरिए राज्य में पहली बार सीएसआर, निवेश और बैंकिंग सम्मेलन का आयोजन कर रही है। नगालैंड निवेश एवं विकास प्राधिकरण (आईडीएएन) के सीईओ अलेमेत्शी जमीर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस तीन दिन के सम्मेलन में शामिल होंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री सोमवार शाम को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगी।

PUBLIC NOTICE

This is to inform the general public at large that my clients Mohd Shahid S/o Mohd Ayyub, Saif-ul-Islam, Mohd Adil and Mohd Sajid all sons of Mohd Shahid all R/o 9952, First Floor, Nawabganj, Main Bazar, Azad Market, Delhi-110006, have severed all their relations with their son/brother Mohd Imran who is running his business separately for last about 15 years. His behavior towards my clients have turned hostile and due to his misconduct, errant, quarrelsome behavior & non-cooperative attitude, my clients do hereby separate and break their relations from him. My clients are not responsible for the liabilities of Mohd Imran or any person dealing with him, shall deal with his own risk, responsibility & my clients shall not be responsible for his any act, deal or transaction, in any manner.

Sd/-
Manish Goyal Advocate
Chamber No.- D-404,
Karkardooma Courts
Delhi-110032

# विधि छात्र समेत चार लोगों की हत्या, हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मेरठ** की पिलोखड़ी पुलिस चौकी इलाके में एक 22 वर्षीय युवक का शव नाले से बरामद किया गया है, जो 26 जून से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार एलएलबी छात्र यश रस्तोगी (22) का शव शनिवार देर रात पिलोखड़ी पुलिस चौकी के पास स्थित सद्दीक नगर के नाले से बरामद किया गया। घटना के संबंध में पुलिस ने रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा प्रदेश में तीन और लोगों की हत्या कर ददी गई।

थाना मेडिकल के प्रभारी निरीक्षक संत शरण सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस तीन आरोपियों सोनू उर्फ सलमान, शावेज व अलीजान को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक (नगर) विनीत भटनागर ने बताया कि बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है और उसको जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार यश रस्तोगी मेरठ के एनएएस कॉलेज में एलएलबी प्रथम वर्ष का छात्र था और वह 26 जून से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना मेडिकल में गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। पुलिस लगातार यश की तलाश कर रही थी। पुलिस ने कई सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू किया, तो यश की लोकेशन फतेहउल्लापुर रोड स्थित एक कारखाने में मिली। यह कारखाना शावेज नामक युवक का था। पुलिस ने शावेज से पूछताछ की, तो उसने घटना में अपने दो अन्य सहयोगियों का नाम बताया। जिसके आधार पर अन्य दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में अभी तहकीकात कर रही है। सूत्रों ने बताया कि शावेज के साथ यश का झगड़ा हो गया था और इसके बाद शावेज ने अपने दो दोस्तों सलमान और अलीजान की मदद से यश की गला दबाकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि यश के मरने पर शव को बोरे में भरकर नाले में फेंक दिया था।

**बागपत में किसान की गला रेतकर हत्या:** बागपत। बागपत जिले के बालैनी थाना इलाके में एक गांव में सो रहे किसान की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। थाना बालैनी के प्रभारी निरीक्षक विरजाराम ने बताया कि थाना क्षेत्र के मविकलां गांव निवासी श्यामवीर (45) की शनिवार की रात घेर में सोते समय धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। उन्होंने दर्ज तहरीर के हवाले से बताया कि शनिवार रात को श्यामवीर अपने घेर में सो रहा था और उसके पास ही घेर के सामने रहने वाला शकील सो रहा था। देर रात करीब डेढ़ बजे श्यामवीर के चिल्लाने की आवाज सुनकर शकील की आंख खुली, तो वह भागकर उनके घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मौके पर आकर देखा तो श्यामवीर का गला कटा हुआ था और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट लगी हुई थी। श्यामवीर की मेरठ अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में पूछताछ के लिए गांव के ही कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। किसान के परिजनों ने कहा कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है।

**रंजिश में एक व्यक्ति की हत्या : पांच लोग गिरफ्तारः बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के ललिया क्षेत्र में चुनाव की रंजिश में कथित रूप से चाकू से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई और तीन लोगों को घायल कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात घुमनहवा गाँव में कुछ लोग घर के बाहर बैठे बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तभी प्रधान के चुनाव की रंजिश को लेकर पीछे से चार-पांच लोगों ने चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में दिलबहार (38) नामक व्यक्ति के पेट व सीने में गम्भीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई। न्होंने बताया कि इस घटना में खुर्शीद, इबरार और कैफ को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ इबरार की गम्भीर हालत देखते हुए लखनऊ के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस हत्याकांड में शामिल सरताज, सूफियान और जैद सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

**अयोध्या के मंदिर परिसर में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तारः** अयोध्या। अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र इलाके में एक हनुमान मंदिर के परिसर में 30 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव मिला और पुलिस ने रविवार को आरोपी ममेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना कुमारगंज थाना क्षेत्र के भुआपुर गांव में शनिवार देर रात घटित हुई। पुलिस के अनुसार पंकज शुक्ला (30) खाना खाने के बाद गांव में अपने घर के पास एक मंदिर में सोने गया था, लेकिन रविवार की सुबह जब वह अपने घर नहीं लौटा तो उसके परिवार के सदस्य उसकी तलाश में मंदिर गए। उन्हें वहां उसका खून से लथपथ शव मिला। परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी कि धारदार हथियार से पंकज का गला काटा गया है। हत्या के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने मृतक के ममेरे भाई गुल्लू मिश्रा को गिरफ्तार कर मामले को सुलझाने का दावा किया। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश पांडेय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आरोपी मृतक के मामा का बेटा था और उनका रात में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उन्होंने बताया कि विवाद के दौरान मृतक ने आरोपी को थप्पड़ जड़ दिया। गुस्से में आकर शराब के नशे में आरोपी गुल्लू मिश्रा ने अपने ममेरे भाई की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने उस कुल्हाड़ी को बरामद कर लिया है, जिससे आरोपी ने हत्या की थी।

**घर में तमंचा के साथ घुसे तीन चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा:** कौशांबी। जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में कथित तौर पर चोरी की नीयत से घर में घुसे तीन बदमाशों को तमंचा सहित ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मामले में प्राथमिकी दर्ज कर विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए, तीनों बदमाशों को जेल भेज दिया गया है। कड़ा धाम के थानाध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि थाना क्षेत्र के मलाक पचंभा गांव निवासी राधेश्याम पटेल के घर शनिवार देर रात तीन बदमाश चोरी करने की नीयत से घुस गए। आहट पाकर घर के लोग जाग गए। बदमाशों ने राधेश्याम पटेल का मोबाइल भी छीन लिया, लेकिन परिजनों के शोरगुल मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने तीनों बदमाशों को एक तमंचा सहित पकड़कर पुलिस को सूचित किया।

## नाबालिग सगी बहनों से सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपी हुए गिरफ्तार

**मऊ।** मऊजिले के घोसी क्षेत्र में दो नाबालिग सगी बहनों से कथित सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घोसी पुलिस थाने के प्रभारी नागेश उपाध्याय ने कहा कि 17 साल और 15 साल की दो लड़कियों से पांच लोगों ने दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पीड़िताओं के पिता की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक घोसी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो नाबालिग सगी बहनें गत 30 जून को नित्यकर्म के लिए गई थीं। तभी पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के ही पांच युवकों ने दोनों बहनों को खेत में ले जाकर सामूहिक दुराचार किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर नामजद मामला दर्ज करते हुए पांचों आरोपियों विशाल (22), अरुण (19), सुदीन (23), जितेश (20) और चंद्रकांत (20) को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने बताया कि एहतियात के तौर पर गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और पोक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## लक्ष्मण टीला में पूजा करने और सर्वे कराये जाने को लेकर हिन्दू महासभा पहुंची कोर्ट

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने आज ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद कोर्ट खुलते हुये टीले वाली मस्जिद को लक्ष्मण बताते हुये वहां पूजा करने और सर्वे कराये जाने को लेकर स्थानीय निचली अदालत सिविल न्यायालय जूनियर डिवीजन दक्षिणी में वाद दाखिल किया है। वाद पर याची हिन्दू महासभाए उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के अधिवक्ता शैलेन्द्र श्रीवास्तव की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय अगली सुनवाई आठ जुलाई को करेगा। मालूम हो कि हिन्दू महासभा बीते कुछ माह से टीले वाली मस्जिद को लक्ष्मण टीला होने का दावा करते हुये आन्दोलन कर रही है और इसके लिये हिन्दू महासभा ने लक्ष्मण टीला मुक्ति संकल्प यात्रा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी को जेल भी भेजा जा चुका है। हिन्दू महासभा ने लक्ष्मण टीला की मुक्ति के लिये अन्तिम सांस तक लड़ाई लड़ने के लिये प्रतिबद्धता को दोहराते हुये आज न्यायिक रास्ते पर चलकर स्थानीय सिविल न्यायालय जूनियर डिवीजन दक्षिणी में प्रार्थनापत्र दाखिल कर आग्रह किया है कि टीले वाली मस्जिद की खुदाई कर जांच कराई जाये और हिन्दू समुदायों को पूजा करने की अनुमति दी जाये। मालूम हो बीते मई माह में अपर न्यायालय ने एक अन्य पक्षकार के वाद में सर्वे के लिये निचली अदालत में जाने के निर्देश दिये थे। प्रार्थना पत्र दाखिल करने वाले हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के अधिवक्ता एवं हिन्दू महासभा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि हिन्दू महासभा ने सभी पौराणिक तथ्यों के साथ न्यायालय के समक्ष अपनी बात रखी है और उम्मीद है कि न्यायालय हिन्दू जनभावनाओं और तथ्यों को ध्यान में रखकर निर्णय देगी। न्यायालय में मौजूद अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि औरंगजेब ने लक्ष्मण टीला को ध्वस्त कर टीले वाली मस्जिद का निर्माण कराया थाए इस कड़वी सच्चाई को नकारा नहीं जा सकताए जिसे देखते हुये अखिल भारत हिन्दू महासभा लक्ष्मण टीला को मुक्त कराने के लिये न्यायालय से लेकर सड़क तक के रास्ते को अपनायेगी।

**अगली सुनवाई आठ जुलाई को होगी**

## कानपुर हिंसा के आरोपी मुख्तार बाबा के दो और रेस्तरां हुए सील

**कानपुर।** पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा की कथित विवादित टिप्पणी के विरोध में कानपुर में जुमे की नमाज के बाद तीन जून को भड़की हिंसा के आरोपी मुख्तार बाबा के दो और प्रतिष्ठानों ने जिला प्रशासन ने रविवार को सील कर दिया। प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेस्तरां की श्रृंखला चलाने वाले मुख्तार को यहां तीन जून को हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विजय प्रताप सिंह ने बताया कि जाजमऊमें डिफेंस कॉलोनी और किदवई नगर के एक मॉल में मुख्तार के स्वामित्व वाले रेस्त्रां में खाद्य सामग्री के नमूने असुरक्षित पाए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे पहले 27 जून को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने जाजमऊ यशोदा नगर, बेकनगंज और किदवई नगर के एक मॉल में मुख्तार बाबा के पांच और प्रतिष्ठानों पर भी छापा मारा और 18 नमूने एकत्र किए, जिन्हें जांच के लिए आगरा में एक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि हमें 12 नमूनों के निष्कर्ष प्राप्त हुए और उनमें से चार नमूने मानव स्वास्थ्य और उपभोग के लिए असुरक्षित पाए गए थे। प्रयोगशाला परीक्षण में विफल होने वाले तीन नमूने डिफेंस कॉलोनी में मुख्तार के रेस्तरां से एकत्र किए गए थे, जबकि एक अन्य नमूना किदवई नगर से एकत्र किया गया था। कानपुर के जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि मुख्तार के ऐसे सभी खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को एफएसडीए के अधिकारियों के साथ असुरक्षित नमूनों वाली खाद्य दुकानों को सील करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्तार बाबा को बेकनगंज में घातक हथियारों के साथ दंगा और हिंसा के तीन मामलों में नामित किया गया था और बाद में 22 जून को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्तार की गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले मुख्तार बाबा, उनके दो बेटों, बेटी, उनकी मां और एक कथित पाकिस्तानी नागरिक और करीब एक दर्जन अन्य के खिलाफ तीन अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा कि दो प्राथमिकी बजरिया थाने में, जबकि एक चमनगंज थाने में दर्ज हुई है।



संतकबीरनगर के पुलिस कप्तान सोनम कुमार की मुहिम जारी है, रविवार को खलीलाबाद कस्बे में गश्त के दौरान क्यूआर कोड का सत्यापन कर उन्होंने पुलिस फोर्स को निर्देश दिये

## शिक्षक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष रहेगा जारी-संजय द्विवेदी

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक महेश राम व संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहिबुल्लाह खान ने किया। प्रांतीय संयोजक (आईटी सेल) संजय द्विवेदी ने कहा कि तदर्थ शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को वेतन रोकने संबंधी आदेश को वापस लेना पड़ेगा। शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाएगा। नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में 11 से 16 जुलाई के मध्य जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उसके बाद 22 अगस्त को शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सितंबर माह में विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की गई।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

सहारनपुर (उप्र), तीन जुलाई (भाषा) सहारनपुर जिले के बडगांव थाना क्षेत्र में रविवार को बोलेरो गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद नाराज ग्रामीणों ने नानोता-देवबंद मार्ग पर जाम लगा दिया जिसे पुलिस ने समझा बुझाकर खुलवाया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि थाना नानौता क्षेत्र के ग्राम चौरा निवासी पंकज (20) अपने दोस्त सूरज (22) के साथ बाइक से रविवार को जा रहा था तभी बडगांव थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने तेज गति से आ रही एक बोलेरो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। राय ने बताया कि घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत फरार हो गया। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने नानोता-देवबंद मार्ग पर जाम लगा दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही थाना बडगांव पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया उन्होंने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**सीतापुर में बिजली गिरने से दंपत्ति समेत तीन लोगों की मौत, कई घायल:** सीतापुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने की तीन अलग-अलग घटनाओं में एक दंपति समेत तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और अन्य कई घायल हो गए। प्रशासन के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) पीएल मौर्य ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की पहली घटना ग्राम सेमरा नगरौली में हुई, जहां खेतों में धान की रोपाई कर रहे संपत (32) और उसकी पत्नी भूला देवी (30) की मौत हो गई और तीन अन्य मजदूर बिजली की चपेट में आने से घायल हो गए। एसडीएम ने बताया कि एक अन्य घटना गांव केवलपुरवा में हुई, जहां बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े संजय (35) और उसकी बेटी शालिनी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इस हादसे में संजय की मौत हो गई जबकि बेटी घायल हो गई। उन्होंने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की तीसरी घटना सौपतपुर गांव में हुई, जिसमें 12 वर्षीय वीरेंद्र सहित तीन लोग घायल हो गए। मौर्य ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

**प्रेम संबंध खत्म करने के लिए 17 वर्षीय लड़के ने की थी शिक्षिका की हत्या, पुलिस ने पकड़ा।** अयोध्या। सरकारी विद्यालय की गर्भवती शिक्षिका की चाकू मारकर हत्या करने की वारदात के एक महीने बाद पुलिस ने रविवार को एक 17 वर्षीय लड़के को पकड़ा, जिसके साथ शिक्षिका के कथित तौर पर विवाहेतर संबंध थे। पुलिस ने कहा कि लड़का रिश्ता खत्म करना चाहता था, लेकिन शिक्षिका उस पर इसे जारी रखने के लिए दबाव बना रही थी। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया गया है और उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार अंबेडकरनगर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के पठानपुर अतरौली निवासी सुप्रिया वर्मा बीकापुर तहसील क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका थीं। वह पति व अपनी मां के साथ अयोध्या में रहती थीं। पांच माह की गर्भवती सुप्रिया वर्मा की गत एक जून को दोपहर के वक्त अयोध्या के श्रीरामपुरम कॉलोनी में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। वारदात के समय वह घर में अकेली थीं। पुलिस ने बताया कि महिला का एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के से कथित तौर पर प्रेम था और वह लड़का इस रिश्ते से बाहर निकलना चाहता था, लेकिन वह उस पर संबंध बनाए रखने के लिए दबाव बना रही थीं। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि नाबालिग लड़का शिक्षिका के साथ अपने रिश्ते से बाहर आना चाहता था, क्योंकि लड़का समाज और परिवार में अपनी प्रतिष्ठा से डरता था।

## एसपी ने फीता काटकर किया महिला हेल्प डेस्क के नवीन भवन का शुभारम्भ



**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। महिलाओं व युवतियों से संबंधित समस्याओं को महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच कर समय से निस्तारण करके न्याय दिलाना का कार्य करना चाहिए। जिससे महिलाएं व युवतियां जागरूक होकर पुलिस सहायता लेने में कोई संकोच नहीं करेंगी। महिलाओं के समस्याएं सिर्फ महिला अधिकारी ही सुनेगी। यह बात शनिवार कि शाम स्थानीय कोतवाली परिसर में नवीन भवन में स्थानांतरित हुए महिला हेल्प डेस्क का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने संयुक्त रुप से कही। कहा कि कोतवाली की महिला आरक्षी द्वारा समय-समय पर एंटी रोमियो अभियान चलाकर महिलाओं व युवतियों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। बताया कि महिलाएं संकटकाल में वूमेन पावर लाइन 1090 का प्रयोग कर समस्या से अवगत कराकर निजात पा सकती हैं। इससे पूर्व उन्होंने नवीन भवन की सुंदरता देखकर प्रभारी कोतवाल राजकुमार सिंह की सराहना की। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद तौकीर, कस्बा चौकी प्रभारी मनोज पांडे, मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रशांत गौतम, जसोदा चौकी प्रभारी राम मनोज द्विवेदी, उप निरीक्षक हाकिम चौधरी, श्री राम पटेल, रामगिरीश, महेंद्र सिंह, कमलेश कुमार सहित अविनाश दुबे, तेज प्रताप, डेविड कुमार, सुधीर चौहान, समर बहादुर, सनी तोमर, संदीप कुमार, ओपी चौधरी, तुषार कुमार सहित प्रियंका, रेनू, प्रीति, रोशनी, राखी आदि मौजूद रहे।

## बस्ती में फिर डराने लगी उफनाती सरयू

### बढ़ते जल स्तर से बढ़ीं गांव वालों की धड़कनें

**विक्रमजोत/बस्ती।** बारिश का मौसम व सरयू नदी के जलस्तर में हुए तेजी से बढ़ोतरी को देख नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीण नदी के कहर के डर से सहमे हुए हैं। वहीं नौ साल पहले शुरू हुआ लोलपुर विक्रमजोत तटबंध करीब आधा दर्जन गांवों की भौगोलिक स्थिति को बदलने के बाद भी बाढ़ खण्ड पूरा कराने में विफल रहा है। यही नहीं कटान प्रभावित गांवों को बचाने के कवायद में बनाये जाने वाले तीन डैम्पनर में दो पर काम चल रहा है वहीं तीसरा अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इधर नदी के जलस्तर की बात करें तो केंद्रीय जल आयोग अयोध्या के अनुसार रविवार को नदी वार्निंग लेवल 9173 से 68 सेंटीमीटर नीचे 9105 मीटर बह रही है नदी के जलस्तर की बढ़ोतरी को देख आसपास के गांव को कटान व बाढ़ की चिंता



सताने लगी है। प्रमुख अभियंता ने तटबंध का किया निरीक्षण।

सरजू नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि को लेकर रविवार को बाढ़ खण्ड के अधिकारियों ने तटबंध पर कराये जा रहे स्परों व डैम्पनरों की स्थित का निरीक्षण किया। दोपहर बाद एलबी व बीडी तटबंध पर पहुंचे प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन एन के उपाध्याय, मुख्य अभियंता ए के जैन, मुख्य अभियंता स्तर वन, अधीक्षण अभियंता अवनीश कुमार साहू, अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार ने तटबंध पर कराये जा रहे ठोकरों की मरम्मत, पैचिंग बन रहे डैम्पनरों का निरीक्षण किया और काम जल्द पूरा कराने व सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, एसएन सिंह के अलावा जेई अतुल कुमार, आर के नायक सहित बाढ़ खंड कर्मी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। रिश्तेदारी में गए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला। युवक की मृत्यु की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। रविवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम जसोदा गंगा रोड पर स्थित आम के पेड़ पर युवक का शव लटका होने की खबर पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि 45 वर्षीय मृतक विनोद पुत्र कालीचरण जसोदा में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। जहां किसी बात से आहत होकर फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

**पालिका कर्मियों प्लास्टिक कलेक्शन ड्राईव चलाकर जागरूक किया।** गुरसहायगंज (कन्नौज)। पालिका कर्मियों ने शासन द्वारा पॉलीथिन एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने हेतु चलाए जा रहे पाँच दिवसीय जन जागरूकता अभियान के अंतिम दिन पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा प्लास्टिक कलेक्शन ड्राइव चलाई गई। आम नागरिकों एवं दुकानदारों को जागरूक करने हेतु मुख्य बाज़ार में पंपलेट बाँटे गए एवं स्टिकर चिपकाए गए तथा अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया रविवार को प्रदेश शासन द्वारा प्रतिबंधित किए गए पॉलिथीन एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक की खोजबीन के लिए पालिका के कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह के नेतृत्व में प्लास्टिक कलेक्शन ड्राई अभियान के तहत सफाई कर्मियों ने प्लास्टिक के कचरे का कलेक्शन किया। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों के साथ नगर की दुकानों पर पहुंचकर स्वच्छता से संबंधित पंपलेट दुकानदारों को दिए एवं जन जागरूकता के लिए स्टीकर चिपकाए गए। जिसके बाद कार्यालय अधीक्षक ने पालिका के सभागार में बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों नीरज, सनी, विकास, दिलीप, आकाश, अमित को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, निर्माण लिपिक जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, जगदीश सिंह, राजेश वर्मा, मोहित कुमार, गौरव मिश्रा, अशोक शर्मा, राजन राजपूत, अशोक बाल्मीकि, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# गेंदबाजों का कमाल, भारत की इंग्लैंड पर बढ़त

● भारत ने तीन विकेट पर 125 रन बनाए

● कुल बढ़त 257 रन की, ● तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पारी को 284 रन पर समेटा




**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत ने इंग्लैंड** के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में रविवार को यहां तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय तीन विकेट पर 125 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 257 रन की कर ली। इससे पहले भारत की पहली पारी में 416 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 284 रन पर ऑल आउट हो गई। स्टंप्स के समय चेतेश्वर पुजारा (50) के साथ ऋषभ पंत (30) क्रीज पर मौजूद थे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। इससे पहले मोहम्मद सिराज ने लंच के बाद के सत्र में शानदार गेंदबाजी कर जॉनी बेयरस्टो की बेहतरीन शतकीय पारी के असर को कम किया, जिससे भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को 284 रनों पर आउट कर पहली पारी में 132 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। भारत ने इसके बाद दूसरी पारी में चाय के विश्राम तक शुभमन गिल (चार) का विकेट गंवाते हुए 37 रन बनाए, जिससे टीम की कुल बढ़त 169 हो गई। इस समय चेतेश्वर पुजारा (17) और हनुमा विहारी (10) क्रीज पर थे। दिन का शुरुआती सत्र पूरी तरह से बेयरस्टो (140 गेंद में 106 रन) के नाम रहा दूसरे दिन के खेल के दौरान संघर्ष करने वाले बेयरस्टो को तीसरे दिन शुरुआती 20 मिनट के खेल के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने बेयरस्टो की बल्लेबाजी पर कुछ टिप्पणी की और इंग्लैंड के बल्लेबाज ने अपने खेलने का अंदाज बदल दिया। बेयरस्टो ने मिड ऑफ और मिड विकेट के ऊपर से कुछ अच्छे चौके लगाए। उन्होंने मोहम्मद सिराज और शारदुल के खिलाफ छक्के भी जड़े। दिन के दूसरे सत्र में हालांकि सिराज (66 रन पर चार विकेट) ने भारतीय टीम की वापसी कराई, जहां उन्हें मोहम्मद शमी (78 रन पर दो विकेट) के बनाए दबाव का फायदा मिला। बेयरस्टो ने शारदुल ठाकुर (48 रन पर एक विकेट) के खिलाफ चौका जड़कर टेस्ट करियर का 11वां शतक पूरा किया। इसके बाद कप्तान जसप्रीत बुमराह ने (68 रन पर तीन विकेट) ने कसी हुई गेंदबाजी कर उन पर दबाव बना दिया। जिससे अपनी पारी में 14 चौके और दो छक्के लगाने वाले बेयरस्टो अगली 20 गेंदों में सिर्फ छह रन बना सके। दबाव को कम करने के लिए उन्होंने बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में स्लिप में कोहली को कैच थमा दिया। बेयरस्टो और सैम बिलिंग्स (36) की 92 रन की साझेदारी टूटने के बाद सिराज ने 43 रन के अंदर इंग्लैंड के बाकी बचे तीनों विकेट चटका दिए। इससे पहले दिन के शुरुआती सत्र में बेयरस्टो ने कप्तान बेन स्टोक्स (25) के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर की गेंद पर कप्तान जसप्रीत बुमराह ने डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ स्टोक्स की 36 गेंद की पारी को खत्म किया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 416 रन, इंग्लैंड पहली पारी: लीस बो बुमराह 06, क्रॉउली का गिल बो बुमराह 09, पोप का अय्यर बो बुमराह 10, रूट का पंत बो सिराज 31, बेयरस्टो का कोहली बो शमी 106, लीच का पंत बो शमी 00, स्टोक्सका बुमराह बो शारदुल 25, बिलिंग्स बो सिराज 36, ब्रॉड का पंत बो सिराज 01, पोट्स का अय्यर बो सिराज 19, एंडरसन नाबाद 06, अतिरिक्तः (बाईः 16, लेग बाईः05, नोबॉलः 13, वाइडः 01) 35, कुल योगः (61.3 ओवर में सभी आउट) 284 रन, विकेट पतनः I-16, 2-27, 3-44, 4-78, 5-83, 6-149, 7-241, 8-248, 9-267, गेंदबाजीः बुमराह 19-3-68-3, शमी 22-4-78-2, सिराज 11.3-2-66-4, शारदुल 7-0-48-I, जडेजा 2-0-3-0

**इंग्लैंड पहली पारीः** 284 भारत दूसरी पारीः गिल का क्रॉली बो एंडरसन 04, पुजारा नाबाद 50, विहारी का बेयरस्टो बो ब्रॉड 11, कोहली का रूट बो स्टोक्स 20, पंत नाबाद 30, अतिरिक्तः (लेगबाई :07, नोबॉलः02, वाइडः 01) 10, कुल योगः (45 ओवर में तीन विकेट पर) 125 रन, विकेट पतनः I-4, 2-43, 3-75, गेंदबाजीः एंडरसन 14-5-26-I, ब्रॉड 12-I-38-I, पोट्स 8-2-20-0, लीच I-0-5-0, स्टोक्स 7-0-22-I, रूट 3-I-7-0

# इंग्लैंड में शतक हमेशा विशेष होता है, आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करता है : जडेजा

**भाषा।** बर्मिंघम



**भारत के** सीनियर आल राउंडर रविंद्र जडेजा को लगता है कि इंग्लैंड के मुश्किल भरे हालात में शतक जड़ने से बल्लेबाज के तौर पर उनकी प्रतिष्ठा में ही इजाफा नहीं होगा बल्कि यह उनके करियर में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम भी करेगा। जडेजा ने 194 गेंद में 104 रन की पारी खेलकर ऋषभ पंत (111 गेंद में 146 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 222 रन की भागीदारी निभाई और भारत को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में पहली पारी में पांच विकेट पर 98 रन से वापसी कराई। जडेजा का यह विदेश में पहला शतक था। उन्होंने एजबेस्टन पर दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैंने भारत के बाहर एक शतक जड़ा और वो भी इंग्लैंड में। एक खिलाड़ी के लिए यह बड़ी चीज है। जडेजा ने कहा, मैं इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में बनाए गए इस शतक को आत्मविश्वास बढ़ाने के तौर पर लूंगा। पिछले कुछ वर्षों में जडेजा की बल्लेबाजी में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में बल्लेबाज को सफलता हासिल करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है, गेंद का अंदाजा लगाने की काबिलियत। इंग्लैंड में आपको अपने शरीर के करीब से खेलना होता है क्योंकि अगर आप कवर ड्राइव और स्क्वेयर ड्राइवर खेलने की कोशिश करोगे तो आपका विकेट के पीछे और स्लिप में लपकने के मौके होते हैं। इसलिए मेरा ध्यान ऑफ-स्टंप से बाहर जा रही गेंदों को छोड़ने का था। मैंने सोचा कि उन्हीं गेंद को हिट करूंगा जो मेरे करीब होंगी। और भाग्यशाली रहा कि जो भी गेंद खेली, वो मेरे करीब थीं। आपको अपना ऑफ-स्टंप जानना होता है और ऑफ स्टंप के बाहर जा रही गेंदों को छोड़ना होता है। अपने करियर का दूसरा शतक जड़ने वाले जडेजा ने कहा, इंग्लैंड की परिस्थितियों में गेंद स्विंग करती है इसलिए आपको अपनी बल्लेबाजी में अनुशासन लाना होता है।

### सहायक कोच एम्ब्रोस यौन दुर्व्यवहार के लिए बर्खास्त

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का संचालन कर रही उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) के सदस्य एसवाई कुरैशी ने रविवार को बताया कि भारतीय महिला अंडर-17 टीम के सहायक कोच एलेक्स एम्ब्रोस को कथित तौर पर यौन दुर्व्यवहार के आरोप मे बर्खास्त कर दिया गया है। यूरोप के ट्रेनिंग एवं अनुभव दौरे के दौरान एक खिलाड़ी के साथ दुर्व्यवहार के कारण भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एम्ब्रोस को निलंबित किया गया था और नॉर्वे से वापस बुलाया गया था।

### पूर्व भारतीय गोलकीपर ईएन सुधीर का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी ईएन सुधीर का आज सुबह गोवा के मापुसा मे निधन हो गया। सुधीर 1970 के दशक में भारत की ओर से गोलकीपर के रूप मे खेले। सुधीर के परिवार मे बेटा और बेटी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने शोकसंदेश मे कहा, सुधीर हमेशा अपनी उपलब्धियों में जीवित रहेंगे। वह इतनी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहे। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

### लाहिड़ी संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर खिसके

**सिल्विस (अमेरिका)।** भारत के अनुभवी गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी जॉन डीरे क्लासिक के तीसरे दौर में यहां तीन ओवर 74 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 61 वे स्थान पर खिसक गए। वह दूसरे दौर में 67 का शानदार स्कोर करने के बाद संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर थे। लाहिड़ी ने 10वें और 11वें होल मे दो बर्डी लगाए जबकि उन्होंने तीन बोगी और एक डबल बोगी किया, जिससे उनका कुल स्कोर खराब हो गया।

### चंद्रपाल अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम के मुख्य कोच बने

**लॉस एंजिलिस।** वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपाल को 18 महीने के लिए अमेरिका की सीनियर महिला और अंडर-19 टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। देश के क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह जानकारी दी। वेस्टइंडीज के लिए 164 टेस्ट और 268 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले चंद्रपाल दुनिया के उन सिर्फ 14 खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट मे 10 हजार से अधिक रन बनाए।

### पारूल चौधरी ने लॉस एंजिलिस में 3हजार मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** भारतीय धाविका पारूल चौधरी ने लॉस एंजिलिस मे साउंड रनिंग मीट के दौरान राष्ट्रीऊय रिकॉर्ड बनाया और महिला 3000 मीटर स्पर्धा मे नौ मिनट से कम समय लेने वाली देश की पहली एथलीट बनी। पारूल ने शनिवार रात आठ मिनट 57.19 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### दुती चंद को स्पोर्ट्स हॉस्टल में रैगिंग का सामना करना पड़ा था

**भुवनेश्वर।** ओलंपियन दुती चंद ने रविवार को चौकाने वाला दावा करते हुए कहा कि 2006 से 2008 के दौरान यहां के स्पोर्ट्स हॉस्टल में उन्हे सीनियरो द्वारा रैगिंग का सामना करना पड़ा था। ओडिशा मे जन्मी दुती ने यह बात शनिवार को बीजेबी ऑटोनॉमस कॉलेज की छात्रा द्वारा रैगिंग के कारण आत्महत्या करने के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जवाब मे कही।

# मारिया 34 साल की उम्र में पहली बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**भाषा।** विम्बलडन

**तात्याना** मारिया ने दूसरे सेट में दो मैच अंक बचाए और 2017 की फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको को हराकर 34 साल की उम्र में पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। कैम नॉरी ने विम्बलडन के प्री- क्वार्टर फाइनल में रविवार को यहां टॉमी पॉल को सीधे सेटों में शिकस्त दी। वह दिग्गज एंडी मरे के बाद पिछले पांच साल में इस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाले ब्रिटेन के पहले खिलाड़ी हैं। नौवीं वरीयता प्राप्त नॉरी ने 6-4, 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की थी। यह पहली बार है जब वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर से आगे बढ़े है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें बेल्जियम के डेविड गोफिन की चुनौती से पार पाना होगा। गोफिन ने पांच सेट तक चले चुनौतीपूर्ण मुकाबले में फ्रांसिस टियाफो को हराया। वह दूसरी बार विम्बलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। उन्होंने चार घंटे 36 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 7-6, 5-7, 5-7, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की। महिला एकल में तात्याना मारिया ने दूसरे सेट में दो मैच अंक बचाए और 2017 की फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको को हराकर 34 साल की उम्र में पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 103वें स्थान पर काबिज मारिया ने करीबी मुकाबले में 5-7, 7-5, 7-5 से जीत हासिल की। जर्मनी की यह खिलाड़ी एकल ड्रॉ में अब सबसे उम्रदराज महिला हैं। उन्होंने ओस्टापेंको के खिलाफ दूसरे सेट में 5-4 से पिछड़ने के बाद दो बार मैच प्वाइंट बचाया और फिर लात्विया की खिलाड़ी को पछाड़कर सेट जीता। ग्रैंड स्लैम में इससे पहले मारिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2015 में विम्बलडन के तीसरे दौर में पहुंचना था।

### सेंटर कोर्ट के शताब्दी वर्ष के जश्न के मौके पर पहुंचे फेडरर

**विंबलडन।** स्विट्जरलैंड के स्टार रोजर फेडरर घुटने की सर्जरी के कारण भले ही विबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में नही खेल रहे हो लेकिन वह सेंटर कोर्ट के शताब्दी वर्ष के जश्न के लिए रविवार को आल इंग्लैंड क्लब पहुंचे। उन्होने गहरे रंग का सूट और सफेद जूते पहने थे।

### सानिया-पाविच की जोड़ी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**भाषा।** विम्बलडन

**सानिया मिर्जा** और मैट पाविच की भारत और क्रोएशिया के खिलाड़ियों की जोड़ी रविवार को विंबलडन के मिश्रित युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सानिया और पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को दूसरे दौर के मैच में इवान डोडिग और लतीशा चान की जोड़ी से वॉकओवर मिला। सानिया और पाविच ने शुरुआती दौर में स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज और जॉर्जिया की नतेला जालामिइजे की जोड़ी को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में इस जोड़ी के सामने ब्रूनो सोरेस और बीट्रिज हद्दाद मैया की ब्राजीलियाई जोड़ी या जॉन पीयर और गैब्रिएला डाब्रोवस्की की ऑस्ट्रेलियाई-कनाडाई जोड़ी होगी। सानिया पहले ही घोषणा कर चुकी है कि यह उनके करियर का आखिरी सत्र है। महिला युगल में वह चेक गणराज्य की जोड़ीदार लूसी हरडेका के साथ शुरुआती दौर में हार गई थीं।

# भारत ने इंग्लैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

● महिला हॉकी विश्व कप

**भाषा।** एम्सटेलवीन



भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच विश्व कप के पूल बी के अपने पहले मैच में कड़े मुकाबले में इंग्लैंड से 1-1 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड को नौवें मिनट में इसाबेला पेटर ने बढ़त दिलाई लेकिन वंदना कटारिया ने 28वें मिनट में भारत को बराबरी दिला दी। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। भारत को पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में गोल करने का पहला मौका मिला लेकिन टीम ने इसे गंवा दिया। कुछ ही मिनटों बाद कप्तान और गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव करते हुए इंग्लैंड को बढ़त बनाने से रोका। इसाबेला ने इसके बाद गेंद को डिफलेक्ट करके गोल में पहुंचाया और इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। भारत ने पलटवार करते हुए लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन पहले प्रयास में गुरजीत कौर का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया जबकि उनके दूसरे प्रयास को इंग्लैंड की गोलकीपर हिंच ने नाकाम किया। भारत को 17वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस बार भी गुरजीत गोल करने में विफल रहीं। तीन मिनट बाद सविता ने एक बार फिर इंग्लैंड को बढ़त दोगुनी करने से रोका और भारत को मुकाबले में बनाए रखा। भारत को 28वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार वंदना ने रिबाउंड पर गोल दागकर स्कोर।-। कर दिया। भारत को मध्यांतर से ठीक पहले एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हिंच ने एक बार फिर भारत को गोल करने से रोक दिया। तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड ने तेज शुरुआत की लेकिन गोल करने का मौका भारत को मिला। नेहा गोयल के शॉट को हालांकि हिंच ने रोक दिया। इंग्लैंड ने इसके बाद तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही। चौथे और अंतिम

### हर्षल का अर्धशतक, भारत जीता

**नॉर्थम्पटन।** हर्षल पटेल के धमाकेदार अर्धशतक से भारत ने टी20 अभ्यास क्रिकेट मैच में रविवार को यहां नॉर्थम्पटनशर को हराया। इससे पहले बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए भारत ने आठ विकेट पर 149 रन बनाए। भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर आठ रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन हर्षल ने 36 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 54 रन की पारी खेलने के अलावा वेंकटेश अय्यर (20) के साथ छठे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दिनेश कार्तिक ने भी 26 गेंद में 34 रन की उम्दा पारी खेली। भारतीय टीम अंतिम पांच ओवर में 54 रन जोड़ने में सफल रही। नॉर्थम्पटनशर की ओर से ब्रेंडन ग्लोवर ने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि नाथन बक (17 रन पर दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर फ्रेडी हेलड्रिच (33 रन देकर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहली ही गेंद पर संजू सैमसन (00) का विकेट गंवा जिन्हें जोश कॉब ने पगबाधा किया।

# कोविड-19 जांच में नेगेटिव आने के बाद रोहित पृथकवास से बाहर निकले

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा कोविड-19 जांच में नेगेटिव आने के बाद पृथकवास से बाहर निकल गए हैं और सात जुलाई से शुरु होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहेंगे। लीसेस्टरशर के खिलाफ अभ्यास मैच के दूसरे दिन कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद 35 साल के रोहित इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल की श्रृंखला के बचे हुए पांचवें टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हां, रोहित जांच में नेगेटिव रहा है। चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुसार अब वह पृथकवास से बाहर है। वह आज नॉर्थम्पटनशर के खिलाफ टी20 अभ्यास मैच का हिस्सा नहीं होंगे क्योंकि उन्हें शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले आराम और अभ्यास की जरूरत है। कोविड-19 पृथकवास से बाहर निकलने के बाद किसी भी खिलाड़ी को फेफड़ों की क्षमता की जांच करने के लिए अनिवार्य हृदय परीक्षण से गुजरना पड़ता है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में रोहित को खिलाने के लिए बेताब थी लेकिन मैच शुरू होने से पहले वह तीन बार जांच में कोविड-19 पॉजिटिव मिले।

# अजीत बजाज के लिए कोई भी पर्वत बहुत ऊंचा नही



**भाषा।** नई दिल्ली

**इंसानों का** फैलाया हुआ कचरा दुनिया के शीर्ष पर्वत माउंट एवरेस्ट पर भी पहुंच गया है और इसे साफ करने के लिए पर्वतारोही अजीत बजाज ने अमेरिकी सरकार की योजना से सीख लेने का सुझाव दिया है। ध्रुवीय त्रई को पूरा करने वाले पहले भारतीय अजीत बजाज ने कहा कि माउंट एवरेस्ट इंसानों के टेंट और कचरे से पूरी तरह से भर गया है। ध्रुवीय त्रई में एक पर्वतारोही उत्तरी ध्रुव, दक्षिणी ध्रुव और ग्रीनलैंड के आईसकैप में स्कीइंग करता है। उन्होंने एवरेस्ट को साफ करने के लिए अमेरिकी सरकार की पहल से सबक लेने का सुझाव दिया। अजीत ने दिए साक्षात्कार में कहा, माउंट डेनाली (अमेरिका) के अपने अभियान के दौरान, मैं यह देखकर आश्चर्यचकित था कि अमेरिका की सरकार के पास क्लीन क्लाइंबिंग नाम की योजना है। इस योजना के तहत एक पर्वतारोही को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपना शिखर पूरा करने से पहले अपने सभी कचरे को इकट्ठा करे। जब माउंट एवरेस्ट की बात आती है तो पूरी तरह से अलग तस्वीर देखने को मिलती है। यहां सबसे बड़ी समस्या मानव निर्मित कचरा है। नेपाल सरकार हर साल कई टन कचरे को साफ करती है।

# उत्तर प्रदेश के अमनदीप ने एशियन हैपकिडो में जीता स्वर्ण पदक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमनदीप यादव ने उज्बेकिस्तान की फेरगाना सिटी में 28 जून से 2 जुलाई 2022 तक आयोजित एशियन हैपकिडो चैंपियनशिप-2022 में शानदार प्रदर्शन की छाप छोड़ते हुए पुरुष सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधत्व करते हुए उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक रजत व एक कांस्य पदक जीते।चैंपियनशिप के आखिरी दिन सहारनपुर निवासी अमनदीप ने पुरुष सीनियर के 90 किग्रा भार वर्ग में दमदार फाइट के सहारे भारत की झोली में स्वर्ण पदक डाला। स्वर्ण पदक तक के अपने सफर में अमनदीप ने लगातार पांच मुकाबलों में जीत दर्ज की। इन पदक विजेताओं को भारतीय हैपकिडो महासंघ के अध्यक्ष आनन्देश्वर पाण्डेय ने बधाई देते हुए कहा कि भारतीय हैपकिडो खिलाड़ियो ने पदक जीतकर अपनी क्षमताओं का अहसास करा दिया है।

# पृथ्वी सिंह सर्वाधिक अंकों के साथ बने ओपन वर्ग के विजेता




**लखनऊ।** पृथ्वी सिंह ने 36वीं शिवानी कप संडे ओपन चेस टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में सर्वाधिक छह अंक के साथ विजेता ट्राफी जीत ली। टूर्नामेंट में अंडर-11 में प्रणव रस्तोगी, महिलाओं में वर्तिका आर वर्मा व वेटरन वर्ग में कपिल कुमार खरे चैंपियन बने। लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में मानसरोवर योजना शहीद पथ स्थित शिवानी पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित 21ए100 रूपए की ईनामी राशि वाले टूर्नामेंट के ओपन वर्ग के छठें व अंतिम राउंड के बाद पृथ्वी सिंह सर्वाधिक 6 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। अर्जुन सिंह, संयम श्रीवास्तव व शनि कुमार सोनी के समान पांच-पांच अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते अर्जुन सिंह दूसरेए संयम तीसरे व शनि सोनी चौथे स्थान पर रहे। आरिफअली टाईब्रेक स्कोर के चलते साढ़े चार अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। अंडर-11 आयु वर्ग में प्रणव रस्तोगी व लक्ष्य निगम के समान साढ़े तीन.साढ़े तीन अंक रहे लेकिन टाईब्रेक के चलते प्रणव पहले व लक्ष्य दूसरे स्थान पर रहे। अनंत मोहन को तीन अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला। महिला वर्ग में वर्तिका आर वर्मा साढ़े तीन अंकों के साथ पहले व प्रतिष्ठा सेठ 2 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। अबिष्ठा मोहन को तीसरा स्थान मिला। वेटरन वर्ग मे कपिल कुमार खरे साढ़े तीन अंकों के साथ पहलेए कमलेश कुमार केसरवानी ढाई अंक के साथ दूसरे व आरपी गुप्ता दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी के साथ बेस्ट यंगस्ट प्लेयर अक्षत श्रीवास्तवए सर्वश्रेष्ठ प्लेयर शिव शंकर चुने गए। विशेष पुरस्कार उज्जवल राज श्रीवास्तव को मिला। समापन समारोह में मोहम्मद अलीम खान प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया, लखनऊ और सुधीर दुबे अध्यक्ष लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने पुरस्कार वितरित किए।

# जमुना सहित चार मुक्केबाज फाइनल में

● एलोर्डा कप



**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व** चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जमुना बोरा ने रविवार को कजाखस्तान की अनेल साकिश को हराकर कजाखस्तान के नूर सुल्तान में चल रहे एलोर्डो कप के फाइनल में जगह बनाई। असम की जमुना ने स्थानीय मुक्केबाज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 54 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। जमुना के अलावा तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज कलाइवानी श्रीनिवासन (48 किग्रा), गितिका (48 किग्रा) और अल्फिया (81 किग्रा से अधिक) भी सोमवार को फाइनल में खेलेंगे। जमुना ने गति और फुटवर्क का शानदार नजारा पेश करते हुए अनेल के खिलाफ दबदबा बनाया और विरोधी मुक्केबाज को कई दमदार मुक्के जड़े। दूसरे दौर में भी भारतीय मुक्केबाज हावी रही। जमुना ने समर्पण और धैर्य की बदौलत आसान जीत की नींव रखी और फाइनल में जगह बनाई। दो महिला मुक्केबाज साक्षी (54 किग्रा) और सोनिया (57 किग्रा) को हालांकि सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की निगिना उकतामोवा और सितोरा तुर्दिबेकोवा के खिलाफ क्रमशः 0-5 और 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। पुरुष वर्ग में चार भारतीय मुक्केबाजों को सर्वसम्मति से सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। कुलदीप (48 किग्रा) और जुगनू (92 किग्रा) को कजाखस्तान के मुक्केबाजों क्रमशः असिलबेक जेलिलोव और एबेक ओरलबे ने हराया जबकि अनंत को चीन के फैंग बो ने बाहर का रास्ता दिखाया। सचिन (57 किग्रा) ने 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता कजाखस्तान के सेरिक तेमिरझानोव को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंततः उन्हें हार झेलनी पड़ी।

# राज्य रैंकिंग टीटी में वीर कुमार व अंशिका जीती

**लखनऊ।** डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव स्मारक यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्ञानकुंड विवेकानंद नगर सुल्तानपुर में शुरू हुई। हो रहा है। आर ए वर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा सुल्तानपुर जिला ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। परिणामः होप्स बॉयज़-अंडर 11 फ़ाइनल : वीर कुमार ने देव त्रिपाठी को 11-6, 12-10, 11-3 से हराया। होप्स गर्ल्स अंडर 11 फाइनल : अंशिका गुप्ता ने रिद्धि त्रिपाठी को 11-6, 16-14, 11-6 से हराया। कैडेट गर्ल्स अंडर 13 फिनारू : अनोखी केसरी ने कनिष्कको



11-8, 11-5, 12-10 से हराया। कैडेट बॉयज अंडर 13 सेमी फाइनल में प्रभाकर ने युवान पांडे को, विख्यात कात्याल ने आर्यन कुमार को हराया। कुमार विनीत आईएएसए उपाध्यक्ष यूपीटीटीए। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।